निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स

• 14 जून 2025 शनिवार • बोकारो संस्करण • वर्ष : 09 • अंक : 28 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित

**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

1215 : इंगलैंड के राजा जान ने मैग्नाकार्टा पर हस्ताक्षर किया।
1762 : आस्ट्रिया में कागजी मुद्रा का प्रचलन शुरु हुआ।
1896 : जापान के एक तट पर सेंटो उत्सव के दौरान सोनामी आने से 27 हजार लोगों की मृत्यु हो गई।
1908 : कलकत्ता शेयर बाजार की शुरुआत हुई।
1929 : प्रसिद्ध अभिनेत्री और गायिका सुरैया का जन्म हुआ।
1991 : दसवीं लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को जीत हासिल हुयी।

# दुर्घटनाग्रस्त विमान का ब्लैक बॉक्स बरामद, सामने आएगा हादसे का सच

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**अहमदाबाद/ नई दिल्ली।** अहमदाबाद में एअर इंडिया फ्लाइट एआइ-171 हादसे के एक दिन बाद शुक्रवार को एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो ने ब्लैक बॉक्स को खोज लिया है। यह हॉस्टल की छत पर मिला। इसके जरिए पता चल सकेगा कि क्रैश होने के पहले आखिरी पलों में क्या हुआ था। बता दें कि एअर इंडिया की फ्लाइट में 12 क्रू मेंबर समेत 242 लोग मौजूद थे। इसमें से एक यात्री की जान बच गई। मरने वालों में राजस्थान से 13, एमपी, हरियाणा और बिहार के एक-एक लोग शामिल हैं। उधर, पूर्व सीएम रूपाणी के शव की पहचान भी अब तक नहीं हो पाई है। मृतकों की पहचान के लिए उनके परिजन के डीएनए टेस्ट लिए जा रहे हैं। रेक्स्यू टीम ने 270 लोगों के शव बरामद कर लिए हैं। इनमें से 7 की बॉडी को डीएनए टेस्ट के बाद परिजन को सौंप दी गई है। 5 मृतक उस बीजे मेडिकल कॉलेज हॉस्टल के हैं, जहां प्लेन क्रैश हुआ था। हादसे के वक्त हॉस्टल में 50 से ज्यादा लोग मौजूद थे। एअर इंडिया के सीईओ और मैनेजिंग डायरेक्टर कैंपबेल विल्सन ने अहमदाबाद से बयान जारी करते हुए कहा कि यह घटना बेहद दुखद है। हम सभी एअर इंडिया परिवार के लोग इस नुकसान से बेहद आहत हैं। उन्होंने बताया कि एअर इंडिया की एक टीम जिसमें लगभग 100 केयरगिवर और 40 इंजीनियर शामिल हैं, अहमदाबाद पहुंच चुकी है। तकनीकी टीम हादसे की जांच में मदद कर रही है और मृतकों के परिजनों को हरसंभव सहायता दे रहे हैं। इसके अलावा और भी टीमें अहमदाबाद रवाना हो रही हैं।



घटनास्थल का जायजा लेते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

### इकलौते बचे यात्री से मिले पीएम मोदी

अहमदाबाद प्लेन हादसे में जिंदा बचे इकलौते यात्री रमेश विश्वास कुमार ने बताया कि मुझे विश्वास नहीं होता कि मैं कैसे जिंदा बाहर निकला। शायद दरवाजा टूटा और सीट समेत नीचे गिर गया। मुझे कुछ याद नहीं था। रमेश कुमार अहमदाबाद के सिविल अस्पताल में भर्ती हैं। पीएम मोदी ने शुक्रवार को उनसे मुलाकात की और हालचाल जाना। दोनों के बीच करीब 10 मिनट बातचीत हुई। इसके बाद रमेश ने बातचीत में कहा, पीएम ने उनका हालचाल जाना और पूछा कि हादसा कैसे हुआ। रमेश प्लेन की 11इ सीट पर बैठे थे। हादसे के बाद वे घटनास्थल से खुद पैदल चलकर बाहर निकले।

# लोगों को मिल रहा सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ : नीतीश कुमार

## मुख्यमंत्री ने 62 लाख से ज्यादा लाभार्थियों को डीबीटी से भेजे 271 करोड़ रुपए

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज 1, अण्णे मार्ग स्थित 'संकल्प' से सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना एवं मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना के लाभुकों के खाते में 271 करोड़ 15 लाख रूपये की राशि का डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरण किया। आज के इस कार्यक्रम में पांच सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के कुल 61 लाख 29 हजार 548 लाभुकों को 254 करोड़ 45 लाख 5 हजार 900 रूपये तथा मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना के 85 हजार 556 लाभुकों को 16 करोड़ 70 लाख 33 हजार रूपये की राशि हस्तांतरित की गयी अर्थात कुल 62 लाख 15 हजार 104 लाभुकों को कुल राशि 271 करोड़ 15 लाख 38 हजार 900 रूपये की राशि डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की गयी। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि खुशी की बात है कि आज कुल 62,15,104 (बासठ लाख पन्द्रह हजार एक सौ चार) लाभुकों को 271,15,38,900 (दो सौ एकहत्तर करोड़ पन्द्रह लाख अड़तीस हजार नौ सौ) रुपये की राशि हस्तांतरित की गयी है, जिसमें इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय निःशक्तता पेंशन योजना तथा इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना के अन्तर्गत केन्द्र सरकार की ओर से 112.14 करोड़ तथा राज्य सरकार की ओर से 68.93 करोड़ की राशि सम्मिलित है। इसके अलावा राज्य सरकार की ओर से संचालित योजनाओं बिहार निःशक्तता पेंशन योजना, लक्ष्मीबाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना तथा मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना अन्तर्गत राज्य सरकार की ओर से कुल 90.08 करोड़ की राशि दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार निःशक्तता पेंशन योजना के तहत 9 लाख 64 हजार 220 लाभार्थियों को 38 करोड़ 68 लाख 95 हजार 600 रूपये की राशि राज्य सरकार की तरफ से हस्तांतरित की गयी है।




# रांची के स्कूलों में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** अहमदाबाद से लंदन जा रही एक अंतरराष्ट्रीय फ्लाइट (एयर इंडिया) गुरुवार को उड़ान भरने के कुछ ही मिनटों बाद हादसे का शिकार हो गई। इस विमान में कुल 242 लोग सवार थे, जिनमें से एक यात्री को छोड़कर सभी की मौत हो गई। मृतकों में विमान का पूरा क्रू मेंबर भी शामिल है। यह भारत के इतिहास का अब तक का सबसे भयावह विमान हादसा माना जा रहा है। हादसे से पूरा देश शोक में डूब गया है। देश के अलग-अलग राज्यों में श्रद्धांजलि सभाएं और मौन धारण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। हर कोई इस भीषण त्रासदी से मर्माहत है। इसी क्रम में झारखंड की राजधानी रांची के विभिन्न स्कूलों में भी श्रद्धांजलि सभाएं आयोजित की गईं। मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, बरियातू में छात्रों और शिक्षकों ने एकत्र होकर हादसे में जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि अर्पित की। बच्चों ने नम आंखों और मौन प्रार्थना के माध्यम से मृतकों के प्रति संवेदना व्यक्त की। स्कूल परिसर में शोक का माहौल था। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने कहा, ''यह हादसा न केवल मृतकों के परिवारों के लिए, बल्कि पूरे देश के लिए एक गहरा आघात है। हमारी प्रार्थनाएं पीड़ित परिवारों के साथ हैं।'' छात्रों ने भी कहा कि उन्होंने पहली बार इतनी बड़ी त्रासदी देखी है और वे ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि भविष्य में ऐसा कोई दिन न आए।

# कुख्यात संदीप थापा और आदित्य सिंह गिरफ्तार

## दो राइफल, मर्सिडीज कार समेत कई कागजात बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** हत्या, रंगदारी, हत्या की कोशिश और डकैती जैसे दर्जनों कांड के आरोपित संदीप प्रधान उर्फ संदीप थापा को रांची पुलिस ने रातू थाना क्षेत्र के दलादली स्थित उसके घर से धर दबोचा है। उसके घर से बिहार नंबर वाली मर्सिडीज बेंज कार, दो राइफल, 23 कारतूस, स्मार्टफोन के अलावा जमीन की खरीद बिक्री से जुड़े कई कागजात बरामद किए गये हैं। एसएसपी कार्यालय ने इसकी पुष्टि की है। पुलिस के मुताबिक संदीप थापा पहले से ही भू-माफिया के रूप में चिन्हित है। यह शख्स दूसरे राज्यों से राइफल लेकर यहां के अपने खास लोगों को मुहैया कराता था ताकि डरा धमका कर जमीन से जुड़े मामलों की डील की जा सके। उसकी निशानदेही पर उसके साथी आदित्य सिंह उर्फ बिट्टू को भी कटहल मोड़ के अंजलि बिहार से गिरफ्तार किया गया है। उसके खिलाफ भी पहले से 9 आपराधिक मामले दर्ज हैं। आदित्य सिंह के सुखदेव नगर थाना क्षेत्र स्थित किशोरगंज के मकान संख्या 101 से दो पैन कार्ड, चेक बुक, मतदाता पहचान पत्र के अलावा एसयूवी 700 कार बरामद हुई है। दोनों ने पुलिस को बताया है कि वे आदिवासियों की जमीन हड़पने या सीएनटी वाली जमीन को औने पौने दाम में खरीद कर बेचने का काम करते थे। इस मामले में अपराधी संदीप प्रधान उर्फ संदीप थापा और आदित्य सिंह उर्फ बिट्टू के खिलाफ सुखदेव नगर थाना में कांड दर्ज किया गया है। इन दोनों के अलावा बिहार के वैशाली जिला स्थित जनदाहा थाना क्षेत्र के निवासी रमेश प्रसाद सिंह और उत्तर प्रदेश के संत कबीर नगर जिला के धनकटा निवासी राजेश कुमार के खिलाफ भी प्राथमिकी दर्ज की गई है, क्योंकि इन दोनों के नाम से जम्मू कश्मीर से निर्गत आर्म्सलाइसेंस की कॉपी मिली है। यह कार्रवाई डीआईजी सह रांची के एसएसपी चंदन सिन्हा को मिली गुप्त सूचना के आधार पर की गई। इसके लिए कोतवाली के डीएसपी प्रकाश सोए के नेतृत्व में पुलिस की एक स्पेशल टीम गठित की गई थी।



# विमान हादसे के शिकार लोगों के परिजनों को शीघ्र मिलेगा बीमा क्लेम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मुम्बई।** अहमदाबाद में हुए एयर इंडिया के प्लेन क्रैश में विमान में सवार 241 लोगों समेत 265 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, देश की सबसे बड़ी इंश्योरेंस कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम ने शुक्रवार को कहा कि उसने पीड़ितों के परिजनों के लिए क्लेम सेटलमेंट प्रोसेस में ढील दी है और इस प्रोसेस को तेज भी किया है। कंपनी ने कहा कि वह विमान हादसे में पीड़ितों के परिजनों की मदद करने के लिए प्रतिबद्ध है। एलआईसी ने एक बयान में कहा कि एलआईसी ने पॉलिसियों के दावेदारों की कठिनाइयों को कम करने के लिए कई रियायतों की घोषणा की है। डेथ सर्टिफिकेट के बदले विमान हादसे के कारण पॉलिसीधारक की मौत के सरकारी रिकॉर्ड में कोई भी सबूत या केंद्र/ राज्य सरकार/ एयरलाइन अधिकारियों द्वारा भुगतान किया गया कोई भी मुआवजा प्रूथ ऑफ डेथ के रूप में स्वीकार किया जाएगा। एलआईसी ने कहा कि यह सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रयास किए जाएंगे कि दावेदारों तक पहुंचा जाए और प्रभावित परिवारों के क्लेम का जल्द सेटलमेंट किया जाए। आगे की सहायता के लिए दावेदार एलआईसी की नजदीकी ब्रांच से संपर्क कर सकते हैं। बयान में कहा गया कि दावेदार एलआईसी के कॉल सेंटर 022-68276827 पर भी कॉल कर सकते हैं।

LIC
भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA

# हेमंत सोरेन से मिले अशोक चौधरी



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बिहार सरकार में भवन निर्माण विभाग के कैबिनेट मंत्री डॉ. अशोक चौधरी ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी।

# सभी निबंधन कार्यालयों में लग रहे सीसीटीवी कैमरे

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य के सभी जिला निबंधन कार्यालयों की सुरक्षा बढ़ाई जाएगी। इसके लिए निबंधन कार्यालयों में सीसीटीवी कैमरे, सुरक्षा प्रहरी और अग्निशमन यंत्र लगाए जा रहे हैं। शुक्रवार को उत्पाद, मद्य निषेध एवं निबंधन विभाग के अनुसार राज्य के 140 निबंधन कार्यालयों में से 88 कार्यालयों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जा चुके हैं। इनमें 75 कार्यालयों में कैमरे चालू भी हो गए हैं। 60 अन्य कार्यालयों में कैमरे लगाने का काम शुरू हो चुका है। विभाग के अनुसार राज्य के नौ सहायक निबंधन महानिरीक्षक कार्यालयों में भी कैमरे लगाए जा रहे हैं।

# टीपीसी के एरिया कमांडर समेत पांच उग्रवादी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए तरहेसा जंगल के घाटगोसाई इलाके से टीपीसी के एरिया कमांडर प्रशांत जी उर्फ अवधेश सिंह समेत पांच उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक अमेरिकी कार्बाइन राइफल समेत भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है। 12 जून की रात एसपी अंजनी अंजन हजारीबाग को सूचना मिली थी कि टीपीसी के 7-8 उग्रवादी बड़ी घटना की फिराक में हैं। सूचना मिलते ही एसपी हजारीबाग के तकनीकी शाखा के सहयोग से एक विशेष पुलिस टीम गठित की गई। सशस्त्र बलों के साथ मिलकर इलाके में सघन सर्च अभियान चलाया गया, जिसमें पांच उग्रवादी गिरफ्तार किए गए। गिरफ्तार उग्रवादियों में प्रशांत जी उर्फ अवधेश कुमार सिंह के अलावा आदित्य गंझू, देवेन गंझू, धरम गंझू और रूपलाल गंझू शामिल हैं। इनके पास से एक अमेरिकी कार्बाइन राइफल, एक मैगजीन, एक देशी पिस्टल (7.62 मिमी), तीन देशी कट्टा, 28 जिंदा कारतूस, 9 मोबाइल, टीपीसी के 10 पर्चे, एक मैगजीन पाउच और एक चितकबरा रंग का पिठ्ठू बैग बरामद किया गया है। प्रशांत जी पर पहले से हत्या, फायरिंग, फिरौती और सीएलए एक्ट के तहत कई गंभीर मामले दर्ज हैं। 1 जून को केरेडारी थाना क्षेत्र में उक्त माइनिंग कंपनी के दो वाहनों को जलाकर उड़ाने की घटना में भी इनकी संलिप्तता सामने आई है। उस घटना के बाद एसआइटी का गठन किया गया था।



# भुरकुंडा रेलवे साइडिंग पर अंधाधुंध फायरिंग, क्षेत्र में दहशत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रामगढ़।** भुरकुंडा रेलवे साइडिंग पर हमले की नीयत से दिनदहाड़े दो लोगों ने फायरिंग कर दी, जिससे इलाके में दहशत का माहौल बन गया। फायरिंग भदानीनगर थाने से महज 50 मीटर की दूरी पर हुई है। दिनदहाड़े हुई फायरिंग के बाद कानून व्यवस्था पर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। भदानीनगर थाना पुलिस के मुताबिक, रेलवे साइडिंग संचालक भोला यादव को जान मारने की नीयत से फायरिंग हुई है। हालांकि फायरिंग की घटना में भोला यादव बाल बाल बच गए। फायरिंग की घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी, बाइक पर सवार होकर फरार हो गए। इससे पहले घटना के बाद साइडिंग संचालक भोला यादव ने पूरे मामले की जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद घटनास्थल पर पतरातू एसडीपीओ, पतरातू इंस्पेक्टर और पतरातू अंचल के कई थानों की टीम मौके पर पहुंची और पूरे मामले को लेकर सीन रीक्रिएट किया गया। इस दौरान पुलिस ने बरामद खोखे की गिनती की। घटना के बाद पुलिस आसपास लगे सभी सीसीटीवी कैमरों को खंगाल रही है। सीसीटीवी फुटेज में साफ तौर पर दिख रहा है कि बाइक पर सवार दो अपराधी मौके पर पहुंचे और बाहर बैठे साइडिंग संचालक और कर्मियों पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। जिससे वे आनन-फानन में इधर-उधर भागने लगे। इसी दौरान थोड़ी देर के लिए वहां अफरा तफरी का माहौल बन गया। लेकिन जब तक संचालक और कर्मी संभल पाते तब तक अपराधी बाइक पर बैठकर फरार हो गए। साइडिंग संचालक भोला यादव ने बताया कि 'हम लोग ऑफिस में बाहर बैठकर काम कर रहे थे। इसी दौरान दो अपराधी पहुंचे और फायरिंग शुरू कर दी और जब तक हम सब संभल पाते हैं तब तक वह वहां से फरार हो गए। फायरिंग की वारदात को किसके द्वारा अंजाम दिया गया? यह पता नहीं है लेकिन हमले के बाद कर्मी दहशत में है।' दरअसल जिले का पतरातू अंचल गैंगस्टर और खूनी वर्चस्व को लेकर पूरे झारखंड में विख्यात रहा है। पतरातू अंचल में पतरातू, भुरकुंडा, भदानीनगर थाना क्षेत्र में लगातार आपराधिक गिरोह सक्रिय रहा है। इसी कड़ी में भदानीनगर ओपी के सामने बने भुरकुंडा रेलवे साइडिंग में दिनदहाड़े घटना को अंजाम देने की कोशिश हुई है। भदानीनगर थाना और रेलवे साइडिंग के बीच केवल फोरलेन सड़क है और भुरकुंडा रेलवे साइडिंग में दिनदहाड़े गोलीबारी की वारदात को अंजाम देकर अपराधियों ने पुलिस को चुनौती दी है। रेलवे साइडिंग में कर्मियों के बीच दहशत का माहौल है।

# बिहार सरकार ने जारी किया हेल्पलाइन नंबर

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** गुजरात के अहमदाबाद प्लेन क्रैश के बाद बिहार सरकार एक्टिव हो गई है। नीतीश सरकार के आपदा प्रबंधन विभाग ने शुक्रवार को हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा जारी किए गए अधिसूचना के अनुसार सरकार की ओर से लोगों से अपील की गई है कि यदि इस भयावह घटना में बिहार का कोई नागरिक हताहत हुआ है तो हेल्पलाइन नंबर के माध्यम से सरकार को इसकी जानकारी दे। जानकारी के बाद सरकार फौरन कार्रवाई करते हुए पीड़ित की मदद करेगी। आपदा प्रबंधन विभाग ने जो हेल्पलाइन नंबर जारी किया है वो 0612-2294204, 0612-2294205 है।

FOR REGISTRATION : ISO, TRADE MARK, PATENT
DESIGN AND COPYRIGHT, ATTORNEY
GLOBAL VISION
(A Complete Solution in Professional Services)
: Regd. Office/ Head Office :
Manaitand, Near Water Tank
Dhanbad, Jharkhand- 826001
Command Office : Jagat Trade Centre, Patna
Contact No.- 9835333441, 8210823092
E-Mail : globalvision96@yahoo.in

# चुनाव से पहले ग्रामीण नेताओं को नीतीश का तोहफा पंचायती राज प्रतिनिधियों का मानदेय बढ़ा




**पटना, एजेंसी।** बिहार में चुनावी साल में पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधियों को बड़ी सौगात मिली है। नीतीश सरकार ने मुखिया, सरपंच, प्रखंड प्रमुख, वार्ड सदस्य, जिला परिषद सदस्य समेत अन्य सभी स्तर के पंचायत प्रतिनिधियों के मानदेय में 50 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर दी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को पटना में हुई बैठक में यह घोषणा की। इसके अलावा पंचायत प्रतिनिधियों को अब कार्यकाल के दौरान सामान्य कारणों से मौत होने पर भी 5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता मिलेगी। पहले सिर्फ आकस्मिक मौत पर यह राशि मिलती थी। बिहार सरकार के ताजा निर्णय के अनुसार जिला परिषद अध्यक्ष को जो हर महीने 20 हजार रुपये भत्ता मिलता था, उसे बढ़ाकर 30 हजार रुपये कर दिया गया है। इसी तरह जिला परिषद के उपाध्यक्ष क मासिक भत्ते को 10,000 रुपये से बढ़ाकर 20 हजार रुपये यानी दो गुना कर दिया गया है। मुखिया का मानदेय भी 5000 रुपये से बढ़ाकर 7500 रुपये प्रति महीना किया गया है। इसी तरह ग्राम पंचायत, पंचायत समिति और जिला परिषद के सदस्यों एवं अन्य प्रतिनिधियों के मानदेय में भी इजाफा किया गया है।

### मुखिया का पावर बढ़ गया

बिहार में अब पंचायतों के मुखिया का पावर बढ़ गया है। नीतीश सरकार ने 10 लाख रुपये तक की मनरेगा योजनाओं की स्वीकृति देने का अधिकार मुखिया को दे दिया है। इसके लिए उन्हें किसी भी तरह का प्रशासनिक मंजूरी नहीं लेनी होगी। पहले यह लिमिट 5 लाख रुपये थी। इसके अलावा पंचायत प्रतिनिधि किसी बड़ी बीमारी से ग्रसित होते हैं, तो उन्हें मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता कोष से स्वास्थ्य सुविधाएं और इलाज उपलब्ध कराया जाएगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पंचायत प्रतिनिधियों के साथ गुरुवार को पटना में अहम बैठक की। इसमें उन्होंने सरकार के इन फैसलों की घोषणा की। सीएम ने कहा कि इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले बिहार की सभी पंचायतों का भवन बनकर तैयार करने का लक्ष्य है। इसके लिए सरकार ने 1069 नए पंचायत भवनों के निर्माण को मंजूरी दे दी है।

### किसका मानदेय कितना बढ़ा

मुखिया- 5000 से 7500 रुपये
सरपंच- 5000 से 7500 रुपये
उपमुखिया- 2500 से 3750 रुपये
उप सरपंच- 2500 से 3750 रुपये
वार्ड सदस्य- 800 से 1200 रुपये
प्रमुख- 10000 से 15000 रुपये
उपप्रमुख- 5000 से 7500 रुपये
जिला परिषद अध्यक्ष- 12000 से 18000 रुपये
जिप उपाध्यक्ष- 10000 से 15000 रुपये
जिप सदस्य- 2500 से 3750 रुपये
पंचायत समिति सदस्य- 1000 से 1500 रुपये

## ठेकेदार रिशु श्री और करीबियों के 9 ठिकानों पर रेड, भ्रष्ट अफसरों को देश-विदेश घुमाता था

**पटना, एजेंसी।** सरकारी ठेकों में कमीशन लेकर मध्यस्थता करने वाले ठेकेदार रिशु श्री और उससे जुड़े लोगों के 9 ठिकानों पर गुरुवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छापेमारी की। ईडी सूत्रों के मुताबिक यह छापेमारी बिहार में पटना और मुजफ्फरपुर के साथ ही हरियाणा के पानीपत और गुजरात के सूरत शहरों में की गई। रिशु श्री सरकारी ठेके में कमीशन के खेल में शामिल भ्रष्ट अफसरों को देश-विदेश घुमाता था। सूरत और पानीपत में स्थित ट्रैवल एजेंट उनके टिकट बुक करते थे। इन ट्रैवल एजेंटों के ठिकानों से काफी मात्रा में संबंधित अधिकारियों की यात्रा से जुड़े दस्तावेज मिले हैं, जिनकी जांच की जा रही है।

पटना में यह छापेमारी दानापुर के पूर्वी गोला रोड इलाके में रिशु श्री से जुड़े एक अवर सचिव स्तर के अधिकारी विनोद कुमार के आवास पर हुई है। उक्त अधिकारी पर रिशु श्री के माध्यम से छोटे कर्मियों की ट्रांसफर-पोस्टिंग कर पैसे कमाने का आरोप है। वहीं, मुजफ्फरपुर में रिशु



श्री के सीए अविनाश कुमार के आवास पर छापे की सूचना है। उधर, पानीपत और सूरत में ट्रैवल एजेंटों के ठिकानों पर छापे पड़े हैं। जानकारी के मुताबिक छापेमारी में ईडी को रिशु श्री की एक और कंपनी श्री नेस बिल्ड इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड का पता चला है। बताया जाता है कि इस कंपनी से बिहार सरकार के विभिन्न विभागों में कार्यरत कई अधिकारियों की पत्नी और परिवार के लोग जुड़े हुए हैं। आरोप है कि इसके माध्यम से भ्रष्ट अधिकारियों के काले पैसे को सफेद किया जाता था। ईडी की छापेमारी में इससे जुड़े कई अधिकारियों, उनकी पत्नी और परिजनों की जानकारी सामने आयी है।

### आईएएस संजीव हंस से रिशु श्री का कनेक्शन

सरकारी ठेकों में मध्यस्थता करने के आरोपी रिशुश्री के विरुद्ध बिहार सरकार की स्पेशल विजिलेंस यूनिट (एसवीयू) ने भी प्राथमिकी दर्ज की है, जिसमें आईएएस संजीव हंस भी आरोपी हैं। रिशु के संजीव हंस सहित बिहार सरकार के कई वरिष्ठ अधिकारियों से अच्छे संबंध रहे हैं। इसकी बदौलत उसने मनमाने ढंग से सरकारी टेंडरों को मैनेज किया। कमीशन के रूप में टेंडर की कुल राशि का सात से आठ फीसदी खुद रखा, जबकि इतनी ही राशि संबंधित वरिष्ठ अधिकारियों को टेंडर मैनेज करने के एवज में दी। रिशु के ठिकानों पर ईडी पहले भी छापेमारी कर चुकी है।

### संक्षिप्त समाचार

#### पटना में स्कूल और कोचिंग संस्थानों का समय बदला, भीषण गर्मी के चलते डीएम का आदेश



**पटना, एजेंसी।** बिहार के पटना जिले में भीषण गर्मी के चलते स्कूल और कोचिंग संस्थानों का समय बदला गया है। जिले में अब 8वीं तक के स्कूलों में सुबह 11 बजे के बाद पढ़ाई नहीं होगी। आंगनबाड़ी केंद्रों में सुबह 10 बजे ही छुट्टी करने का आदेश है। इसी तरह कोचिंग संस्थानों के सुबह 11 से शाम 4.30 बजे तक संचालन पर रोक रहेगी। कोचिंग संचालक 11 बजे से पहले और शाम 4.30 बजे के बाद ही क्लासेज चला सकते हैं। डीएम त्यागराजन ने गुरुवार देर रात इस संबंध में आदेश जारी किया। यह आदेश सरकारी और निजी सभी तरह के शैक्षणिक संस्थानों पर लागू रहेगा। डीएम ने अपने आदेश में कहा कि जिले में अधिक तापमान और खास तौर पर दोपहर के समय पड़ रही भीषण गर्मी के चलते बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका है। इसलिए सूरज के तेवर तल्ख होने से पहले ही स्कूल और कोचिंग संस्थानों में छुट्टी कर दी जाएगी। यह आदेश 13 से 16 जून तक लागू रहेगा। बता दें कि पटना समेत पूरे दक्षिण बिहार में इस समय भीषण गर्मी पड़ रही है। राजधानी में गुरुवार को अधिकतम पारा 40 डिग्री सेल्सियस के पार दर्ज किया गया। शुक्रवार को भी सूरज के तेवर तल्ख रहने के ही आसार हैं। वैसे तो सरकारी स्कूलों में अभी ग्रीष्मकालीन अवकाश चल रहा है, लेकिन कई निजी स्कूलों और कोचिंग संस्थानों में पढ़ाई हो रही है। इसलिए डीएम ने गर्मी को देखते हुए शैक्षणिक संस्थानों के समय में बदलाव किया है।

#### अहमदाबाद विमान हादसा, छपरा में सैंड आर्टिस्ट की अनूठी श्रद्धांजलि




**छपरा, एजेंसी।** अहमदाबाद में हुए विमान हादसे में 240 लोगों की मौत से पूरा देश शोक में डूबा है। गुरुवार रात बिहार के छपरा में सैंड आर्टिस्ट अशोक कुमार ने मृतकों को अपनी कला के जरिए श्रद्धांजलि दी। अशोक ने सरयू नदी के किनारे रात में सफेद बालू पर बोइंग विमान की आकृति बनाई और विमान हादसे को प्रदर्शित किया। सैंड आर्टिस्ट ने आकृति के पास कैंडल जलाकर विमान हादसे में मृतकों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। अशोक ने बताया कि यह कलाकृति उन्होंने अपने चार साथियों के साथ मिलकर करीब तीन घंटे में तैयार की। यह हादसा देश के इतिहास में एक ब्लैक डे की तरह दर्ज हो गया है। एक कलाकार होने के नाते मेरा फर्ज था कि मैं अपनी कला से इन मासूम जानों को सम्मान दूं। - अशोक कुमार, सैंड आर्टिस्ट रात के अंधेरे में जलती कैंडल के साथ सैंड आर्ट को देख वहां मौजूद हर कोई भावुक हो गया। नदी किनारे आने-जाने वाले लोग रुककर तस्वीरें खींच रहे हैं और हादसे में मारे गए लोगों के लिए मौन प्रार्थना कर रहे हैं।लोगों ने इस आकृति की तस्वीरें लीं और सोशल मीडिया पर पोस्ट कर संवेदनाएं प्रकट कीं।अशोक कुमार की इस प्रयास ने यह भी दिखाया कि कला के जरिए संवेदना की अभिव्यक्ति भी प्रदर्शित की जा सकती है।

## सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** सड़क सुरक्षा को लेकर गुरुवार को जागरूकता प्रशिक्षण संवेदीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से एडीआर भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में पैनल अधिवक्ताओं व पारा लीगल वालेंटियरों को यह प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार की अध्यक्ष श्वेता कुमारी सिंह व अन्य पदाधिकारियों ने किया। उन्होंने कहा कि देश में प्रत्येक दिन सड़क दुर्घटनाओं में हजारों लोगों की मौत हो जाती है। अगर समय रहते इनका प्राथमिक उपचार कराया जाए तो अधिकांश को बचाया जा सकता है। उन्होंने आग्रह किया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में सही रूप से बातों को समझें और इसे प्रसारित करें।

मुख्य प्रशिक्षक पटना एम्स के डॉ. अनिल कुमार व मुजफ्फरपुर के यातायात डीएसपी नीलाभ कृष्ण ने सड़क दुर्घटना व एवं एंबुलेंस आने की बीच की अवधि में घायलों के उपचार के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने घायल अचेत व्यक्ति की रुकी सांसों को पुन÷ शुरू कराने के लिए सीपीआर, जख्म का प्राथमिक उपचार व अन्य अंगों को और क्षतिग्रस्त होने से बचाने व रक्तस्राव रोकने की विधि के तरीके की जानकारी दी। नीलाभ कृष्ण ने यातायात के नियमों व दुर्घटना के मुख्य कारणों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि थोड़ी सी सतर्कता बरतने से दुर्घटनाओं को टाला जा सकता है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव जयश्री कुमारी ने पैनल अधिवक्ताओं व पारा लीगल वालेंटियरों को संवेदनशील होने की अपील की।

## दरभंगा में दुकान में घुसकर ज्वेलर्स को मारी गोली

### लॉकर की चाबी देने से मना करने पर 4 राउंड फायरिंग, सोने के गहने लूट ले गए

**दरभंगा, एजेंसी।** दरभंगा में गुरुवार देर शाम बेखौफ अपराधियों ने दुकान में घुसकर ज्वेलर्स को गोली मार दी। लॉकर की चाबी देने से मना करने पर टारगेट करके मारा। बुलेट चेहरे को छूते हुए निकल गई। आनन-फानन में परिजनों ने घायल को प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया। घटना सिंहवाड़ा थाना क्षेत्र के पुरानी भरवाड़ा बाजार की है। प्रत्यक्षदर्शी शोभा देवी ने बताया कि हमलावरों ने दुकान से सोने के आभूषण भी लूट लिए। महिला ग्राहक के गहने भी छीन लिए। फायरिंग और लूट की घटना को अंजाम देने के बाद सभी अपराधी बाइक से फरार हो गए।

#### टारगेट करके मारा

ज्वेलर्स सुरेश ठाकुर ने बताया कि दुकान में एंट्री करते हुए अपराधियों ने कहा सारा सामान बाहर निकालो। मैं जब तक कुछ समझता तब तक मुझे टारगेट करके फायरिंग शुरू कर दी। गोली लगते ही मैं जमीन पर गिर पड़ा। दुकान से कीमती सामान लूटकर फरार हो गए। घायल के



भतीजे गोविंद ने बताया-चाचा देर शाम रोज की तरह हिसाब-किताब में व्यस्त थे। अचानक छह की संख्या में हथियारबंद अपराधी पहुंचे और हमला कर दिया। चाचा को गंभीर चोटें आई हैं। बुलेट छूते हुए निकल गई। कितने की लूट हुई है। इसका आकलन कर रहे हैं।

**एसएसपी घटनास्थल पर पहुंचे :** मामले की सूचना मिलते ही एसएसपी जगुनाथ रेड्डी जलारेड्डी, सिटी एसपी अशोक कुमार चौधरी, कमतौल एसडीपीओ ज्योति कुमारी, थानाध्यक्ष रंजीत कुमार चौधरी समेत कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। जांच के लिए घटनास्थल पर एफएसएल टीम को बुलाया। इलाके में दहशत का माहौल है।

**एसडीपीओ कमतौल ज्योति कुमारी ने बताया :** पुलिस ने घटनास्थल से कुछ साक्ष्य जुटाए हैं। अपराधियों की तलाश तेज कर दी गई है। सीसीटीवी फुटेज की मदद से बदमाशों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

**घटना से लोगों में नाराजगी :** इस घटना से लोगों में नाराजगी है। आरजेडी के प्रदेश महासचिव मो. इरशाद ने कानून व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि बिहार में अपराध बेलगाम हो चुका है। खासकर सिंहवाड़ा क्षेत्र में आए दिन चोरी, लूट और गोलीबारी की घटनाएं हो रही हैं। स्थानीय निवासी अमोल यादव ने प्रशासन से अपराधियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी की मांग की है।

#### खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर पड़े

प्रत्यक्षदर्शी धनेश्वरी देवी ने बताया, दो बाइक से 6 बदमाश पहुंचे थे। चार बदमाश अंदर घुस गए। सभी ने अपने चेहरे को कवर कर रखा था। हथियार के साथ बदमाशों को देखकर स्टाफ डरकर भाग गया। लॉकर की चाभी मांगने पर दुकानदार और बदमाशों में बहस हुई। इस बीच ज्वेलर्स सुरेश ठाकुर को निशाना बनाते हुए फायरिंग शुरू कर दी। चार से पांच राउंड फायरिंग हुई। एक गोली उनके चेहरे को छूते हुए निकल गई। जबकि दूसरी गोली सिर में लगी। बुलेट लगते ही खून से लथपथ होकर गिर गए।

## तेज प्रताप यादव का नई पार्टी बनाने से इनकार लालू संग फोटो शेयर कर 'जयचंद' पर बरसे



**पटना, एजेंसी।** राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) और लालू परिवार से निकाले जाने के बाद बिहार के पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव ने नई पार्टी बनाने से इनकार किया है। उन्होंने ऐसी खबरों को भ्रामक बताते हुए लोगों से इस पर विश्वास न करने की अपील की है। तेज प्रताप ने अपने पिता लालू प्रसाद यादव के साथ कुछ पुराने फोटो भी शेयर किए हैं। हालिया सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने आरजेडी के किसी जयचंद पर नया राजनीतिक दल बनाने की अफवाह उड़ाने का आरोप लगाया है। तेज प्रताप यादव ने गुरुवार आधी रात को सोशल मीडिया पोस्ट किया। इसमें उन्होंने आरजेडी में अपने पिता लालू प्रसाद यादव के साथ की कुछ तस्वीरें शेयर कीं। उन्होंने लिखा, ÷अब तो हद हो गई, इस जयचंद ने तो ये अफवाह भी उड़ा दी है कि मैं कोई नई राजनीतिक पार्टी बना रहा हूं।

बिहार की जनता से फिर से यही अपील करूंगा कि ऐसी किसी भी भ्रामक खबरों पर विश्वास नहीं करें।÷ अपने इस पोस्ट के आखिर में उन्होंने जय हिंद और जय बिहार के साथ जय राजद भी लिखा। दरअसल, पिछले दिनों तेज प्रताप ने एक्स अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया था। इसमें वे अपने नए ऑफिस में जाकर कुर्सी पर बैठे हुए नजर आ रहे थे। इस वीडियो के बाद कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि तेज प्रताप खुद की नई पार्टी बना सकते हैं।

हालांकि, अब उन्होंने इस तरह की अटकलों का पूरी तरह खंडन कर दिया है। तेज प्रताप यादव बीते 3 सप्ताह से चर्चा का केंद्र बने हुए हैं। पिछले महीने उनके सोशल मीडिया अकाउंट से एक फोटो पोस्ट हुई थी। इसमें वे अनुष्का यादव नाम की एक लड़की के साथ नजर आए और दावा किया कि वे दोनों बीते 12 सालों से रिलेशन में हैं। हालांकि, कुछ ही देर के बाद यह पोस्ट डिलीट हो गया और तेज प्रताप ने उनका अकाउंट हैक होने का दावा कर दिया। हालांकि, बाद में सोशल मीडिया पर अनुष्का और तेज प्रताप के फोटो की बाढ़ सी आ गई। इस वाकये के बाद आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने अपने बड़े बेटे तेज प्रताप को पार्टी से 6 साल से निष्कासित कर दिया। साथ ही उन्हें परिवार से भी बेदखल करने का ऐलान किया गया। आरजेडी और परिवार से निकाले जाने के बाद तेज प्रताप यादव आरोप लगाते रहे हैं कि कुछ जयचंद जैसे लोग आरजेडी में हैं, जिनकी वजह से उनके साथ राजनीति की गई।



## अब हर मंगलवार-शुक्रवार अंचल में रहेंगे सीओ और कर्मचारी

**गयाजी, एजेंसी।** गयाजी में जमीन से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए अब जनता को जिला कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने होंगे। जिला पदाधिकारी शशांक शुभंकर ने निर्देश जारी किया है कि हर मंगलवार और शुक्रवार को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक सभी अंचलों में अंचलाधिकारी (सीओ) एवं राजस्व कर्मचारी मौजूद रहेंगे। रजिस्टर, कागजात और पंजी के साथ अंचल कार्यालय में ही बैठेंगे। ताकि आम जनता की समस्याओं का ऑन स्पॉट निपटारा हो सके।

**लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की जाएगी :** इसके अलावा सभी डीसीएलआर और अंचलाधिकारियों से स्पष्ट तौर पर कहा है कि जनता को जमीन संबंधित मामलों में राहत देने के लिए यह व्यवस्था सख्ती से लागू हो। उन्होंने लोगों से भी अपील करते हुए कहा है जमीन विवाद या दाखिल-खारिज जैसी किसी भी समस्या के लिए पहले अपने संबंधित अंचल कार्यालय जाएं। जिला कार्यालय तभी आएं, जब स्थानीय स्तर पर समाधान न हो। शेष दिनों में राजस्व कर्मचारी अपने-अपने हल्का क्षेत्रों में जाकर जमीन मापी, जांच जैसे कामों को प्राथमिकता से निपटाएं।

## बख्तियारपुर में बालू घाट कर्मी की गोली मारकर हत्या

### बिहार पुलिस में कांस्टेबल है पत्नी, रंगदारी के विवाद में हत्या की आशंका



**बाढ़, पटना, एजेंसी।** पटना के बाढ़ अनुमंडल के बख्तियारपुर में रानीसराय स्थित बालू घाट पर एक कर्मी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान नालंदा जिले के एकंगरसराय थाना क्षेत्र के मदनपुर गांव निवासी सूरज कुमार के रूप में हुई है। घटना के बाद घायल सूरज को सीएचसी बख्तियारपुर ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के बांह को छूते हुए गोली सीने में लगी है। बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री के गंगा रिवर फ्रंट प्रोजेक्ट को लेकर यहां बालू खनन किया जा रहा है। कुछ स्थानीय लोगों द्वारा रंगदारी की मांग की जा रही थी। इसी को लेकर पहले भी फायरिंग की घटना हो चुकी है।

#### दो महीने से बालू घाट पर कर रहा था काम

मृतक के मौसा बिजेंद्र प्रसाद ने बताया कि सूरज दो महीने से बालू घाट में मुंशी का काम कर रहा था। उसकी पत्नी बिहार पुलिस में कांस्टेबल हैं। चाचा नकुल प्रसाद सिंह ने बताया कि सूरज 15 दिन पहले ही घर आया था।

#### बालू घाट के कर्मियों ने साधी चुप्पी

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई है। बालू घाट कार्यालय के कर्मी इस मामले में कुछ भी बोलने से बच रहे हैं। यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि यह रंगदारी का मामला है या बालू खनन के मुआवजे को लेकर विवाद हुआ।

#### गोली लगने के बाद छटपटाकर गिर पड़ा

पोकलेन चालक कुंदन कुमार ने बताया कि वह पोकलेन चला रहे थे, तभी अचानक तेज आवाज आई। उन्हें लगा कि किसी वाहन का टायर उड़ा है, लेकिन जानकारी मिली कि एक व्यक्ति को गोली मार दी गई है। गोली लगने के बाद सूरज वहीं छटपटाकर गिर पड़ा। वह बालू घाट ऑफिस से लगभग 200 मीटर दूर चैनल के पास खड़े थे और वही हाईवा में बैठने के लिए रुकवा रहे थे। वह ऑफिस से बालू लोड करवाने के लिए जा रहे थे, पहले के किसी विवाद के मामले की उनको जानकारी नहीं है।

#### छानबीन में जुटी पुलिस ÷ एसडीपीओ

एसडीपीओ-2 अभिषेक सिंह ने बताया कि रानीसराय स्थित बालू घाट में काम करने वाले कर्मी को अज्ञात लोगों द्वारा गोली मारने की सूचना मिली, घायल को सीएचसी बख्तियारपुर में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। अज्ञात लोगों के द्वारा गोली मारी गई है, घटना का मूल कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। एफएसएल की टीम को सूचना दी गई है और अग्रिम विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु अनुमंडलीय अस्पताल बाढ़ भेज दिया गया है। गोली चलाने का कारण व्यक्तिगत है या किसी अन्य बात को लेकर घटना को जाम दिया गया है, इसका अनुसंधान किया जा रहा है।

# श्री के. चंद्रशेखर ने एनटीपीसी केरेडारी कोयला खनन परियोजना के परियोजना प्रमुख का कार्यभार संभाला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**हजारीबाग।** एनटीपीसी केरेडारी कोयला खनन परियोजना ने 13 जून 2025 को के. चंद्रशेखर का नए परियोजना प्रमुख के रूप में हार्दिक स्वागत किया। एनटीपीसी में 37 वर्षों से अधिक की गौरवशाली सेवा का अनुभव रखने वाले एक अनुभवी अधिकारी के रूप में श्री चंद्रशेखर तकनीकी विशेषज्ञता, रणनीतिक दृष्टिकोण, और सहयोग एवं मानव संसाधन विकास पर आधारित नेतृत्व शैली के साथ परियोजना में नई ऊर्जा लेकर आए हैं। परियोजना स्थल पर आगमन पर विभागाध्यक्षों द्वारा उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इसके पश्चात परियोजना के कॉन्फ्रेंस हॉल में एक परिचयात्मक बैठक आयोजित की गई, जिसमें उन्हें परियोजना की प्रमुख उपलब्धियों, संचालन संबंधी चुनौतियों, भविष्य के लक्ष्य और रणनीतिक प्राथमिकताओं से अवगत कराया गया। उन्होंने टीमवर्क, नवाचार और परिचालन उत्कृष्टता के महत्व पर बल देते हुए पारदर्शिता, गतिशीलता और सतत सुधार की संस्कृति को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

श्री चंद्रशेखर ने एनटीपीसी में अपने करियर की शुरुआत 1987 में एक एग्जीक्यूटिव ट्रेनी के रूप में की थी। अपने लंबे कार्यकाल में उन्होंने बल्को, रामागुंडम, कुडगी, पकरी बरवाडीह, बाढ़म, दुलंगा और हाल ही में पीवीयूएनएल, पतरातू जैसी कई प्रमुख विद्युत एवं खनन परियोजनाओं में नेतृत्व की अहम भूमिकाएं निभाई हैं। वे उस्मानिया विश्वविद्यालय से मैकेनिकल इंजीनियर हैं और अपनी संतुलित कार्यशैली के लिए जाने जाते हैं, जो तकनीकी कठोरता को टीम सशक्तिकरण और सतत विकास के साथ जोड़ती है। कर्मचारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, एनटीपीसी केरेडारी परियोजना अपार संभावनाओं से भरी हुई है। हमारी साझा प्रतिबद्धता और सहयोगात्मक भावना के साथ, मुझे पूर्ण विश्वास है कि हम इस परियोजना की पूर्ण क्षमता को प्राप्त करेंगे और प्रदर्शन के नए मानक स्थापित करेंगे। मैं आप सभी के साथ मिलकर कार्य करने के लिए उत्सुक हूं। एनटीपीसी केरेडारी की टीम ने नए नेतृत्व के प्रति पूर्ण समर्थन और उत्साह व्यक्त किया, जिससे परियोजना की यात्रा में एक प्रेरणादायक नए अध्याय की शुरुआत हुई।

## डुमरी में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा, ग्रामीणों ने उठाई आवाज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**चौपारण (हजारीबाग)।** प्रखंड के बच्छई पंचायत अंतर्गत ग्राम डुमरी में शुक्रवार को सरकारी जमीन पर अतिक्रमण का मामला सामने आया है। इसको लेकर गांव के लोगों में रोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने अंचलाधिकारी संजय कुमार यादव को आवेदन सौंपकर अवैध निर्माण कार्य पर रोक लगाने एवं अतिक्रमण हटाने की मांग की। ग्रामीणों का आरोप है कि कुछ व्यक्तियों द्वारा नियमों की अनदेखी करते हुए सरकारी भूमि पर कब्जा कर निर्माण किया जा रहा है, जिससे न केवल सरकारी संपत्ति पर अवैध कब्जा हो रहा है, बल्कि गांव में सामाजिक तनाव की स्थिति भी उत्पन्न हो रही है। आवेदन में अतिक्रमणकारियों के नाम स्पष्ट रूप से अंकित किए गए हैं।

# अवैध हथियार निर्माण और तस्करी का भंडाफोड़, मुख्य आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**हजारीबाग।** जिले में अवैध हथियारों के निर्माण और बिक्री की गुप्त सूचना पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक हथियार तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस कप्तान अंजनी अंजन के निर्देश पर गठित विशेष टीम ने सदर थाना क्षेत्र के चिश्तिया मुहल्ला में छापामारी की। छापेमारी के दौरान दो लोग भागने लगे, जिनमें से एक व्यक्ति को पुलिस ने पीछा कर पकड़ लिया।

पकड़े गए व्यक्ति की पहचान बिट्टू उर्फ मोहम्मद अशरफ खान (उम्र 32 वर्ष, पिता मोहम्मद करीम) के रूप में हुई है। उसके पास से जिंदा गोली बरामद की गई। पूछताछ में अशरफ ने स्वीकार किया कि वह अवैध हथियार तैयार करता था और इसे रामगढ़ निवासी मो. आरिफ खान उर्फ शेरु (पिता अली राजा) को बेचता था, जो श्रीवास्तव ग्रुप से जुड़ा बताया जा रहा है।

अशरफ की निशानदेही पर बिजली ऑफिस के पास झाड़ियों से एक देशी पिस्टल और चार अदद पुर्जे बरामद किए गए। वहीं शेरु के ठिकाने पर छापेमारी कर पुलिस ने एक डायरी और 1,40,000 रुपये नकद जब्त किए। डायरी से अवैध हथियारों की खरीद-बिक्री से जुड़ी कई जानकारियों और नामों का खुलासा हुआ है। पुलिस इस पूरे नेटवर्क की गहराई से जांच कर रही है और जल्द ही अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी भी संभव है।

## बीजीआर माइनिंग गेट के सामने शव रखकर परिजनों व ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**केरेडारी।** केरेडारी प्रखंड के बेंगवरी गांव निवासी बसंत कुमार (पिता खीरु साव) की मौत के बाद शुक्रवार को पोस्टमार्टम के पश्चात शव जैसे ही गांव पहुंचा, शोक संतप्त परिजनों और आक्रोशित ग्रामीणों ने बीजीआर माइनिंग एंड इंफ्रा लिमिटेड के मुख्य गेट के सामने शव रखकर जोरदार विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। मुआवजे की मांग को लेकर कोल खनन कार्य पूरी तरह ठप हो गया है। प्रदर्शनकारियों की मांग है कि मृतक के परिजनों को तत्काल उचित मुआवजा, परिवार के एक सदस्य को स्थायी नौकरी और अन्य सहायता दी जाए। घटना की जानकारी मिलते ही बीजीआर माइनिंग के प्रोजेक्ट हेड श्रीनिवास राव, अंचलाधिकारी रामरतन वर्णवाल एवं केरेडारी थाना के एएसआई टिंकू सिंह मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों से बातचीत शुरू की। समाचार लिखे जाने तक वार्ता जारी थी। गौरतलब है कि पहले मृतक को एनटीपीसी कर्मी बताया गया था, जबकि वह बीजीआर माइनिंग कंपनी में सहायक के रूप में कार्यरत था। इस तथ्य के स्पष्ट होने के बाद परिजनों में और आक्रोश फैल गया। प्रदर्शन स्थल पर मृतक की पत्नी, उनके पुत्र–16 वर्षीय बादल कुमार व 14 वर्षीय शनि कुमार–सहित दो भाई रोहित साव और रंजन साव तथा सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद हैं वहीं, प्रशासन स्थिति को संभालने और मुआवजे को लेकर समाधान निकालने में जुटा हुआ है। फिलहाल माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है।

# हजारीबाग से 'सांसद तीर्थ दर्शन-2025' योजना की शुरुआत

## बुजुर्गों को नि:शुल्क तीर्थ यात्रा कराएंगे सांसद मनीष जायसवाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने अपने कार्यकाल के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में बुजुर्गों के सम्मान में एक ऐतिहासिक और अनोखी पहल की है। सांसद तीर्थ दर्शन-2025 नामक योजना के तहत क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों को अयोध्या, काशी, प्रयागराज और विंध्याचल जैसे पावन तीर्थ स्थलों की यात्रा निःशुल्क कराई जाएगी। इस योजना का भव्य शुभारंभ 29 जून 2025 को हजारीबाग के कटकमदाग प्रखंड स्थित नृसिंह स्थान मंदिर, खपरियावां से किया जाएगा। इस अवसर पर बीजेपी के राष्ट्रीय व प्रदेश स्तर के नेता, मुख्यमंत्री और बड़ी संख्या में




आमजन को आमंत्रित किया गया है। सांसद मनीष जायसवाल ने बताया कि इस योजना के तहत हर माह छह तीर्थ यात्राएं कराई जाएंगी, जिसमें प्रत्येक ट्रिप में 65 श्रद्धालु शामिल होंगे। यात्रा के लिए वातानुकूलित बसों की व्यवस्था की गई है जिसमें 45 सीट और 20 स्लीपर सीट होंगी। योजना को पांचों विधानसभा क्षेत्रों के पांच-पांच पंचायतों से चुने गए बुजुर्गों के आधार पर चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा। प्रथम चरण में 60 वर्ष से अधिक उम्र के नागरिकों को प्राथमिकता दी जाएगी। सांसद ने यह भी बताया कि यात्रा में भोजन, आवास व सुविधाजनक दर्शन की पूरी व्यवस्था सांसद सेवा कार्यालय की ओर से की जाएगी और प्रत्येक ट्रिप में स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता भी साथ रहेंगे। उत्तर प्रदेश सरकार से संपर्क कर तीर्थ स्थलों पर विशेष सुविधा उपलब्ध कराने का भी प्रयास जारी है। उन्होंने अपने पैतृक गांव के श्रद्धालुओं को इस योजना के तहत तीर्थ यात्रा कराकर इसका डेमो भी प्रस्तुत किया है। सांसद जायसवाल ने इसे हजारीबाग लोकसभा के इतिहास की अमिट धरोहर बताते हुए कहा कि यह पहल समाज में संस्कृति, श्रद्धा और सेवा भावना को सुदृढ़ करेगी।

**अहमदाबाद विमान हादसे पर जताया शोक**

प्रेस वार्ता की शुरुआत में सांसद मनीष जायसवाल ने अहमदाबाद विमान हादसे में जान गंवाने वाले यात्रियों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने दिवंगत आत्माओं की शांति व उनके परिजनों को धैर्य प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की।

## जिला भू अर्जन पदाधिकारी ने बड़कागांव अंचल का किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बड़कागांव (हजारीबाग)।** जिला भू अर्जन पदाधिकारी निर्भय कुमार ने शुक्रवार को बड़कागांव अंचल कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अंचलाधिकारी मनोज कुमार से प्रखंड क्षेत्र में चल रहे भू-अर्जन कार्यों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के क्रम में पदाधिकारी ने अंचल निरीक्षक, लिपिक एवं अन्य कर्मचारियों को भू-अर्जन संबंधित सभी कार्यों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने का सख्त निर्देश दिया। उन्होंने कार्य में गति लाने और पारदर्शिता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। निरीक्षण के पश्चात पदाधिकारी ने प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल से भी औपचारिक मुलाकात



की और भूमि अधिग्रहण से संबंधित समन्वयात्मक प्रयासों पर चर्चा की। इस अवसर पर अंचलाधिकारी मनोज कुमार, बीडीओ जितेंद्र कुमार मंडल, निशीकांत ओझा सहित अंचल के कई कर्मी उपस्थित थे। पदाधिकारी ने कहा कि भूमि अधिग्रहण से जुड़ी प्रक्रियाओं को प्राथमिकता के आधार पर निपटाना सरकार की प्राथमिकता है, ताकि विकास परियोजनाएं समय पर पूरी की जा सकें।

# प्री सुब्रतो कप फाइनल में नोबेल सीनियर सेकेंडरी बना चैंपियन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** शुक्रवार को सलूजा गोल्ड इंटरनेशनल स्कूल परिसर में आयोजित प्री सुब्रतो कप फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन रोमांचक मुकाबलों के साथ हुआ। अंडर-17 आयु वर्ग के फाइनल मुकाबले में नोबेल सीनियर सेकेंडरी स्कूल की टीम ने डीपीएस वाराणसी को 4-1 से हराकर विजेता ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। मैच की शुरुआत से ही नोबेल की टीम ने आक्रामक खेल दिखाया और डीपीएस की टीम पर लगातार दबाव बनाए रखा। बेस्ट गोलकीपर का खिताब समीर खान को मिला, जिन्होंने शानदार बचाव करते हुए विपक्षी टीम की उम्मीदों पर पानी फ़ेर दिया। वहीं, मैन ऑफ द मैच आमिर खान ने निर्णायक शॉट्स से टीम को मजबूत बढ़त दिलाई और जीत सुनिश्चित की।




इसी टूर्नामेंट के अंडर-15 फाइनल मुकाबले में खेलगांव पब्लिक स्कूल प्रयागराज ने सलूजा गोल्ड इंटरनेशनल स्कूल को कड़ी टक्कर देते हुए जीत दर्ज की। सलूजा गोल्ड स्कूल पहली बार किसी जोनल स्तर के फुटबॉल टूर्नामेंट में शामिल हुआ था, और टीम ने बेहतरीन तालमेल और अनुशासन के साथ खेलते हुए विपक्ष को कड़ी टक्कर दी। हालांकि, खेलगांव पब्लिक स्कूल के आक्रामक प्रदर्शन के आगे उन्हें रनर-अप ट्रॉफी से संतोष करना पड़ा। इस श्रेणी में मैन ऑफ द मैच अयन अहमद और मैन ऑफ द टूर्नामेंट अनुराग जायसवाल को घोषित किया गया।

विजेता और उपविजेता टीमों को स्कूल की निदेशिका रमनप्रीत कौर, प्राचार्या ममता शर्मा, उप प्राचार्य सूरज कुमार लाला तथा वरिष्ठ प्रशासक रूपा मुद्रा द्वारा पुरस्कृत किया गया। रमनप्रीत कौर ने विजेता टीमों को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी, साथ ही पराजित टीमों के प्रयासों की सराहना करते हुए उनका हौसला भी बढ़ाया।

टूर्नामेंट के सफल आयोजन में खेल प्रशिक्षकों धनंजय राय और घनश्याम रजक की अहम भूमिका रही।

## श्री साई हॉस्पिटल में लगा मुफ्त हाइड्रोसिल व हर्निया ऑपरेशन शिविर, सिविल सर्जन ने किया उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** जिले के बोडो स्थित श्री साई हॉस्पिटल में गुरुवार को सिटी चैप्टर ऑफ एएसई के तत्वावधान में हाइड्रोसिल और हर्निया रोगियों के लिए निःशुल्क ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्घाटन गिरिडीह के सिविल सर्जन डॉ. एस.पी. मिश्रा ने फीता काटकर किया। इसके उपरांत उन्हें बुके और शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर श्री साई हॉस्पिटल के प्रबंध निदेशक अरविंद कुमार सहित डॉ. उत्तम जालान, डॉ. शशिभूषण चौधरी, डॉ. आज़ाद, डॉ. नीरज डोकानिया, डॉ. विकास लाल और डॉ. अजय कुमार सहित कई वरिष्ठ चिकित्सक एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। सिविल सर्जन डॉ. मिश्रा ने बताया कि एएसई गिरिडीह ब्रांच द्वारा सर्जन सप्ताह के अवसर पर इस विशेष शिविर का आयोजन किया गया है। इस सप्ताह के दौरान विभिन्न रोगों की निःशुल्क जांच, उपचार और रक्तदान शिविर जैसे कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि यह शिविर उन मरीजों के लिए संजीवनी साबित होगा, जो आर्थिक कठिनाइयों या अन्य कारणों से अपना इलाज नहीं करवा पा रहे हैं। इस पहल के माध्यम से ऐसे जरूरतमंद लोग विशेषज्ञ डॉक्टरों से मुफ्त इलाज प्राप्त कर सकेंगे। सिविल सर्जन ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे समाजसेवा की दिशा में एक सराहनीय कदम बताया और भविष्य में ऐसे और शिविरों के आयोजन की उम्मीद जताई।

# जनता की संतुष्टि ही सबसे बड़ी प्रेरणा: उपायुक्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** जिले में जनसमस्याओं के त्वरित और पारदर्शी समाधान को लेकर उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी रामनिवास यादव ने सभी अंचल, प्रखंड एवं जिला स्तरीय अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जनता के चेहरे पर संतोष का भाव ही हमें कार्य करने की सबसे बड़ी प्रेरणा देता है। उपायुक्त ने कहा कि जनता की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। विशेष रूप से भूमि विवादों से जुड़े मामलों की संख्या अधिक होने के कारण सभी अंचल अधिकारियों को इन्हें शीघ्र निष्पादित करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रत्येक कार्यदिवस में अधिकारी कम से कम एक घंटा जनता के लिए अवश्य निकालें, ताकि आम लोगों



की समस्याएं सीधे सुनी जा सकें। इसके तहत अंचल कार्यालयों में दोपहर 1 बजे से 2 बजे तक जनसुनवाई के लिए विशेष समय निर्धारित किया गया है। उपायुक्त श्री यादव ने बताया कि हर मंगलवार और शुक्रवार को समाहरणालय परिसर में विशेष जनता दरबार का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में शुक्रवार को आयोजित दरबार में करीब 60 फरियादी अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे। उपायुक्त ने एक-एक कर सभी मामलों की सुनवाई की और संबंधित विभागों को समस्याओं के शीघ्र समाधान का निर्देश दिया। जनता दरबार में भूमि विवाद, शिक्षा, आवास, पेयजल, राशन कार्ड और आयुष्मान कार्ड से जुड़ी समस्याएं प्रमुख रूप से सामने आईं। उपायुक्त ने कहा कि जन-कल्याणकारी शासन तभी संभव है जब अधिकारी जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं से रूबरू हों और उनका समाधान धरातल पर सुनिश्चित करें। अंत में उन्होंने दोहराया, जन समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान सिर्फ प्रशासनिक दायित्व नहीं, बल्कि हमारा नैतिक कर्तव्य भी है।

## सीओ संजय यादव ने आंगनबाड़ी केंद्रों का किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चौपारण (हजारीबाग)।** प्रखंड के अंचल अधिकारी संजय कुमार यादव ने मंगलवार को क्षेत्र के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों के बीच बैठकर समय बिताया और उन्हें पौष्टिक खाद्य सामग्री वितरित कर खुशियां बांटी। निरीक्षण के क्रम में टीटही, सिंघरावा-3 और सिंघरावा-1 केंद्रों का दौरा किया गया, जहां बच्चों की उपस्थिति, पोषण आहार, शिक्षण सामग्री और भवन की स्थिति की बारीकी से जांच की गई। सीओ यादव ने भाड़े के भवनों में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों के स्थायी समाधान हेतु स्थानीय सेविकाओं व ग्रामीणों से भूमि उपलब्ध कराने में सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र का अपना भवन होना जरूरी है।


**पूर्व रेलवे**

**संशोधन**

पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल की **निविदा केस सं. ओ-एसी-टी-51-25-26, दिनांक 10.06.2025** में संशोधन। कार्य के विवरण को एसएसई (वर्क्स)/II/अंडाल के अधीन सड़क, लकड़ी, पाइप/सैनिटरी कार्य के साथ स्कूलों एवं पम्प हाउसों के साथ डीएसईवाई कॉलोनी के साथ सेवा भवनों की मरम्मत तथा रखरखाव के लिए जोनल कार्य के स्थान पर **एसएसई (वर्क्स)/ II/अंडाल के अधीन पुल के साथ सड़क, लकड़ी एवं पाइप/सैनिटरी कार्यों के साथ स्कूलों एवं पम्प हाउसों सहित डीएसईवाई कॉलोनी के साथ सेवा भवनों की मरम्मत तथा रखरखाव के लिए जोनल कार्य** के रूप में पढ़ें। अन्य नियम एवं शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।

(ASN-85/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

**आसनसोल मंडल के तहत विविध संविदाओं की सुपुर्दगी**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा **संविदा की सुपुर्दगी** के लिए आईआरईपीएस पोर्टल वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के जरिए ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। जिसका विवरण नीचे उल्लेखित है: **नीलामी की श्रेणी; ई-नीलामी सूचीपत्र सं.; नीलामी शुरू होने की तारीख एवं समय; स्टेशन का नाम/स्थान/ट्रेन सं. एवं एसएलआर:** (1) विज्ञापन; एएसएन-एडीवीटी-26-06; 26.06.2025 को दोपहर 12.00 बजे; **आरडीएन (नॉन-डिजिटल) :** स्टेशन के अंदर-बैद्यनाथ धाम, (2) विविध स्थैतिक सेवाएं (एमएसएस); एएसएन-एमएसएस-26-06; 26.06.2025 को अपराह्न 1.00 बजे; **(i) आराम कुर्सी :** चित्तरंजन स्टेशन में, **(ii) मेडिकल स्टोर :** चित्तरंजन एवं जामाताड़ा स्टेशन में, **कुल 04 सम्पत्तियां: विज्ञापन-01, आराम कुर्सी-01, मेडिकल स्टोर-02।** सभी प्रत्याशित बोलीदाताओं को ऊपरोक्त अनुसूची के अनुसार ऊपर उल्लेखित ई-नीलामी के सम्पूर्ण विवरण तथा उसमें भागीदारी के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखने की सलाह दी जाती है।

(ASN-84/2025-26) **वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, आसनसोल**

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

**आसनसोल मंडल के तहत विविध-स्थैतिक-सेवाओं के लिए संविदाओं की सुपुर्दगी**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल-713301 द्वारा **संविदा की सुपुर्दगी** के लिए आईआरईपीएस पोर्टल वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के जरिए ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। जिसका विवरण नीचे उल्लेखित है: **नीलामी की श्रेणी:** विविध-स्थैतिक-सेवाएं। **ई-नीलामी सूचीपत्र सं.:** एएसएन-एमएसएस-मोब-02; **ई-नीलामियां शुरू होने की तारीख:** 20.06.2025 को दोपहर 12.00 बजे। **स्टेशनों/स्थानों के नाम:** (1) पांडबेश्वर रेलवे स्टेशन में मोबाइलों तथा सहायक उपकरणों के कियोस्क की स्थापना एवं संचालन। (2) उखरा रेलवे स्टेशन में मोबाइलों तथा सहायक उपकरणों कियोस्क की स्थापना एवं संचालन। (3) दुबराजपुर रेलवे स्टेशन में मोबाइलों तथा सहायक उपकरणों के कियोस्क की स्थापना एवं संचालन। (4) सिउड़ी रेलवे स्टेशन में मोबाइलों तथा सहायक उपकरणों के कियोस्क की स्थापना एवं संचालन। (5) रानीगंज रेलवे स्टेशन में मोबाइलों तथा सहायक उपकरणों के कियोस्क की स्थापना एवं संचालन। (6) अंडाल रेलवे स्टेशन में मोबाइलों तथा सहायक उपकरणों के कियोस्क की स्थापना एवं संचालन। सभी प्रत्याशित बोलीदाताओं को ऊपर उल्लेखित अनुसूची के अनुसार ऊपर वर्णित ई-नीलामी के सम्पूर्ण विवरण हेतु तथा उसमें भागीदारी के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखने की सलाह दी जाती है।

(ASN-82/2025-26) **वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, आसनसोल**

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस अथवा किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के साथ पंजीकृत सहित समतुल्य प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं वांछित वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से निम्नलिखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं **[सीनि. डीईएन/1/एचडब्ल्यूएच** के क्षेत्राधिकार के लिए]: **(1) एनआईटी सं.: 46_2025-26-जोन, दिनांक 11.06.2025; कार्य का विवरण:** एईएन/एलएलएच के अधीन जोन सं. 7 (साधारण जोन), समापन अवधि 30.06.2026; [क्षेत्राधिकार-सभी सिविल इंजीनियरिंग कार्य : एईएन/एलएलएच तथा एपीओएस के क्षेत्राधिकार के अधीन मेन लाइन पर किमी. 4.00 से 21.00 तक तथा एचबीसी पर किमी. 4.00 से 10.00 तक तथा बेलूड़मठ लाइन तथा सभी सेवा भवनों, कॉलोनियों के साथ एलएलएच कॉलोनी में सेवा भवन में लकड़ी एवं सैनिटरी एवं पेंटिंग कार्य रखरखाव एवं नए दोनों कार्य, रखरखाव तथा कलर वाश/ह्वाइट वाश तथा जंगल सफाई के साथ (एईएन/टीआर-एचडब्ल्यूएच एवं एपीओएस के क्षेत्राधिकार में जंगल सफाई]। **अनुमानित लागत:** रु. 1,40,00,000/-। **बयाना राशि :** रु. 2,20,000/-। **(2) एनआईटी सं.: 47_2025-26-जोन, दिनांक 11.06.2025; कार्य का विवरण:** एईएन/एलएलएच के अधीन जोन सं. 8 (साधारण जोन), समापन अवधि 30.06.2026; [क्षेत्राधिकार-सभी सिविल इंजीनियरिंग कार्य: एईएन/लिलुआ के अधीन मेन लाइन पर किमी. 21.00 से 38.00 तक (बैण्डेल छोड़कर) तथा सभी सड़क कार्य तथा कलर वाश/ह्वाइट वाश तथा जंगल सफाई]। **अनुमानित लागत:** रु. 80,00,000/-। **बयाना राशि:** रु. 1,60,000/-। **(3) एनआईटी सं.: 48_2025-26-जोन, दिनांक 11.06.2025; कार्य का विवरण:** एईएन/एलएलएच के अधीन जोन सं. 9 (साधारण जोन), समापन अवधि 30.06.2026; [क्षेत्राधिकार-सभी सिविल इंजीनियरिंग कार्य: एईएन/लिलुआ के अधीन तारकेश्वर शाखा लाइन (सेवड़ाफुली से गोघाट तक) में किमी. 0 से 69.0 तक तथा कलर वाश/ह्वाइट वाश तथा जंगल सफाई]। **अनुमानित लागत:** रु. 70,00,000/-। **बयाना राशि :** रु. 1,40,000/-। **(4) एनआईटी सं.: 49_2025-26-जोन, दिनांक 11.06.2025; कार्य का विवरण:** एईएन/एलएलएच के अधीन जोन सं. 10 (साधारण जोन), समापन अवधि 30.06.2026; [क्षेत्राधिकार-सभी सिविल इंजीनियरिंग कार्य: एईएन/लिलुआ के अधीन एसएचई-वीएसयू शाखा लाइन (मयनापुर से बिष्णुपुर तक) में किमी. 94.0 से 117.0 तक तथा कलर वाश/ह्वाइट वाश तथा जंगल सफाई]। **अनुमानित लागत:** रु. 51,00,000/-। **बयाना राशि :** रु. 1,02,000/-। **(5) एनआईटी सं.: 50_2025-26-जोन, दिनांक 11.06.2025; कार्य का विवरण:** एईएन/बीडीसी के अधीन जोन सं. 18 (साधारण जोन), समापन अवधि 30.06.2026; [क्षेत्राधिकार-एईएन/बैण्डेल के अधीन मेन लाइन में किमी. 38/0-41/0 तक (बैण्डेल यार्ड, बैण्डेल स्टेशन, ईएमयू कार शेड सहित), नैहाटी शाखा लाइन किमी. 02/2 से किमी. 7/17 तक तथा बी.बी. लूप 00 से 2.00 किमी तक सभी सेवा भवनों, कॉलोनियों के साथ लकड़ी एवं सैनिटरी तथा पेंटिंग कार्य रखरखाव तथा नए दोनों कार्य, कार शेड की मरम्मत (रु. 15 लाख) तथा कलर वाश/ह्वाइट वाश के लिए जोनल कार्य। **अनुमानित लागत:** रु. 71,00,000/-। **बयाना राशि :** रु. 1,42,000/-। **(6) एनआईटी सं.: 51_2025-26-जोन, दिनांक 11.06.2025; कार्य का विवरण:** एईएन/बीडीसी के अधीन जोन सं. 19 (साधारण जोन), समापन अवधि 30.06.2026; [क्षेत्राधिकार-एईएन/बैण्डेल के अधीन मेन लाइन में किमी. 41/0-91/0 तक, सभी सेवा भवनों, कॉलोनियों के साथ लकड़ी एवं सैनिटरी तथा पेंटिंग कार्य रखरखाव एवं नए दोनों कार्य तथा कलर वाश/ह्वाइट वाश के लिए जोनल कार्य। **अनुमानित लागत:** रु. 81,00,000/-। **बयाना राशि :** रु. 1,62,000/-। **(7) एनआईटी सं.: 52_2025-26-जोन, दिनांक 11.06.2025; कार्य का विवरण:** जोन सं. 31 (सड़क जोन-एलसी गेट एवं स्टेशन पहुंच सड़क इत्यादि) सीनि. डीईएन/I/एचडब्ल्यूएच के क्षेत्राधिकार के अधीन एईएन/एलएलएच के अंतर्गत। (विवरण: अद्यतन संशोधन स्लिप इत्यादि के साथ सभी खंडों में अभियांत्रिकी विभाग के सीपीडब्ल्यूडी-डीएसआर-2021 मदों की दरों से ऊपर/नीचे/बराबर का समग्र प्रतिशत। [मूल्य रु. 5610000.00]। टिप्पणी: 1. निविदादाता को निविदा के लिए सिर्फ एक दर कोट करना होगा। विज्ञापित मूल्य विभागीय आंकलित मूल्य है। 2. विभागीय आंकलित मूल्य/विज्ञापित मूल्य को सीपीडब्ल्यूडी-डीएसआर-2021 मदों की मूल लागत के बराबर मानते हुए निर्धारित किया गया है। जो यह दर्शाता है कि इस निविदा के लिए आंकलित लागत निर्धारित करने में मूल लागत में वृद्धि नहीं करने पर विचार किया गया है। 3. इस जोनल निविदा की आंकलित लागत/विज्ञापित लागत तैयार करने के लिए (i) मिट्टी का कार्य-खंड सं. 2 में 4%, (ii) मोर्टार-खंड सं. 3 में 2%, (iii) कंक्रीट कार्य-खंड सं. 4 में 4%, (iv) मैसोनरी कार्य-खंड सं. 6 में 4%, (v) इस्पात कार्य-खंड सं. 10 में 5%, (vi) तोड़ना एवं ढाहना-खंड सं. 15 में 1%, (vii) सड़क कार्य- 80% मात्र का योगदान है, 4. आवश्यक समझे जाने पर सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन पर निष्पादन के दौरान, ऊपर ऊल्लेखित प्रतिशत से संबंधित अनुसूची में परिवर्तन किया जा सकता है। यदि आवश्यक हो तो इस संदर्भ में वित्तीय जांच भी की जा सकती है। 5. उपरोक्त निर्देश केवल निविदादाताओं के मार्गदर्शन के लिए हैं। निविदादाताओं को दरें कोट करते समय उपरोक्त पहलुओं पर विचार करना चाहिए। 6. निविदादाताओं को दरें कोट करते समय, आंकलित/विज्ञापित मूल्य के सापेक्ष में प्रतिशत ऊपर/नीचे/बराबर दरें कोट करनी चाहिए, जैसा कि संबंधित अनुसूचियों के विरुद्ध दर्शाया गया है तथा लागू होने वाले जीएसटी और अन्य करों के प्रभाव और वृद्धि पर विचार करना चाहिए। **अनुमानित लागत:** रु. 56,10,000/-। **बयाना राशि :** रु. 1,12,200/-। **(8) एनआईटी सं.: 53_2025-26-जोन, दिनांक 11.06.2025; कार्य का विवरण:** जोन सं. 32 (सड़क जोन-एलसी गेट एवं स्टेशन पहुंच सड़क इत्यादि) सीनि. डीईएन/I/एचडब्ल्यूएच के क्षेत्राधिकार के अधीन एईएन/बीडीसी के अंतर्गत। (विवरण: अद्यतन संशोधन स्लिप इत्यादि के साथ सभी खंडों में अभियांत्रिकी विभाग के सीपीडब्ल्यूडी-डीएसआर-2021 मदों की दरों से ऊपर/नीचे/बराबर का समग्र प्रतिशत। [मूल्य रु. 5610000.00]। टिप्पणी: 1. निविदादाता को निविदा के लिए सिर्फ एक दर कोट करना होगा। विज्ञापित मूल्य विभागीय आंकलित मूल्य है। 2. विभागीय आंकलित मूल्य/विज्ञापित मूल्य को सीपीडब्ल्यूडी-डीएसआर-2021 मदों की मूल लागत के बराबर मानते हुए निर्धारित किया गया है। जो यह दर्शाता है कि इस निविदा के लिए आंकलित लागत निर्धारित करने में मूल लागत में वृद्धि नहीं करने पर विचार किया गया है। 3. इस जोनल निविदा की आंकलित लागत/विज्ञापित लागत तैयार करने के लिए (i) मिट्टी का कार्य-खंड सं. 2 में 4%, (ii) मोर्टार-खंड सं. 3 में 2%, (iii) कंक्रीट कार्य-खंड सं. 4 में 4%, (iv) मैसोनरी कार्य-खंड सं. 6 में 4%, (v) इस्पात कार्य-खंड सं. 10 में 5%, (vi) तोड़ना एवं ढाहना-खंड सं. 15 में 1%, (vii) सड़क कार्य- 80% मात्र का योगदान है, 4. आवश्यक समझे जाने पर सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन पर निष्पादन के दौरान, ऊपर ऊल्लेखित प्रतिशत से संबंधित अनुसूची में परिवर्तन किया जा सकता है। यदि आवश्यक हो तो इस संदर्भ में वित्तीय जांच भी की जा सकती है। 5. उपरोक्त निर्देश केवल निविदादाताओं के मार्गदर्शन के लिए हैं। निविदादाताओं को दरें कोट करते समय उपरोक्त पहलुओं पर विचार करना चाहिए। 6. निविदादाताओं को दरें कोट करते समय, आंकलित/विज्ञापित मूल्य के सापेक्ष में प्रतिशत ऊपर/नीचे/बराबर दरें कोट करनी चाहिए, जैसा कि संबंधित अनुसूचियों के विरुद्ध दर्शाया गया है तथा लागू होने वाले जीएसटी और अन्य करों के प्रभाव और वृद्धि पर विचार करना चाहिए। **अनुमानित लागत:** रु. 56,10,000/-। **बयाना राशि :** रु. 1,12,200/-। **(9) एनआईटी सं.: 54_2025-26-जोन, दिनांक 11.06.2025; कार्य का विवरण:** एईएन/एलएलएच के अधीन जोन सं. 41 (पुल जोन), समापन अवधि 30.06.2026; (क्षेत्राधिकार: एईएन/एलएलएच के अधीन मेन लाइन पर किमी. 4.00 से 38.00 तक (बैण्डेल छोड़कर), एचबीसी पर किमी. 4.00 से 10.00 तक तथा बेलूड़मठ लाइन तथा तारकेश्वर शाखा लाइन (सेवड़ाफुली से गोघाट तक) किमी. 0 से 69.0 तक, एसएचई-वीएसयू शाखा लाइन (मयनापुर से बिष्णुपुर तक) किमी. 94.0 से 117.0 तक सभी पुल कार्यों की मरम्मत तथा रखरखाव, एफओबी, आरयूबी तथा आरओबी सहित विभिन्न पुलों की मरम्मत तथा रखरखाव कार्य। **अनुमानित लागत:** रु. 51,00,000/-। **बयाना राशि :** रु. 1,02,000/-। **(10) एनआईटी सं.: 55_2025-26-जोन, दिनांक 11.06.2025; कार्य का विवरण:** एईएन/बीडीसी के अधीन जोन सं. 42 (पुल जोन), समापन अवधि 30.06.2026; (क्षेत्राधिकार: एईएन/बीडीसी के अधीन मेन लाइन पर किमी. 38.00 से 91.00 तक (बैण्डेल छोड़कर), नैहाटी शाखा लाइन किमी. 02/2 से किमी. 7/17 तक तथा बी.बी. लूप किमी. 0.00 से 2.00 तक सभी पुल कार्यों की मरम्मत तथा रखरखाव, एफओबी, आरयूबी तथा आरओबी इत्यादि सहित विभिन्न पुलों की मरम्मत तथा रखरखाव कार्य। **अनुमानित लागत:** रु. 51,00,000/-। **बयाना राशि :** रु. 1,02,000/-। **निविदा प्रपत्र की कीमत:** प्रत्येक के लिए शून्य। **समापन अवधि :** प्रत्येक के लिए 12 महीने। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देती है। हालांकि, ऑनलाइन निविदा अगले कार्यकारी दिवस को खोली जाएगी। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** दिनांक 27.06.2025 को अपराह्न 2.00 बजे तक। निविदाओं का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। **ईएमडी तथा टीडीसी का भुगतान -ई-निविदा के संबंध में** बयाना राशि जमा (ईएमडी) तथा निविदा दस्तावेज की कीमत (टीडीसी) का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग अथवा पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। (HWH-140/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

New page 4_page 12 29.05.2025.qxd 13-06-2025 21:54 Page 1



# छिपे अपराधी ने पास बुलाकर मारी गोली

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** थाना क्षेत्र के न्यू गोसाई टोला त्रिमूर्तिनगर डीराम डीएवी पब्लिक स्कूल के निकट घात लगाए अपराधी ने शुक्रवार को घर के निकट बाइक सवार श्रवण कुमार (18) की गोली मारकर हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देकर अपराधी पैदल निकल गए। फायरिंग की आवाज सुनकर घर के बाहर निकले लोगों ने श्रवण को अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। जान बचने की उम्मीद लगाए स्वजन श्रवण को राजाबाजार स्थित पारस अस्पताल पहुंचे, मगर उसकी जान चली गई।

वारदात की सूचना पर नगर पुलिस अधीक्षक शरत एस आर, एएसपी भानु प्रताप सिंह व थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार भारद्वाज घटनास्थल पर पहुंचकर छानबीन शुरू की। मौके से पुलिस ने दो खोखा बरामद किया। उधर, श्रवण की मौत की खबर मिलते ही घर में कोहराम मच गया।

इस संबंध में पुलिस ने मृतक के पिता संतोष कुमार के बयान पर मामला दर्ज कर पुलिस कालोनी निवासी विवेक कुमार समेत पांच लोगों को आरोपित किया है। पुलिस मामले की छानबीन में लगी है। दियारा के विशुनपुर के मूल निवासी संतोष कुमार अपने परिवार के साथ थाना क्षेत्र गोलारोड न्यू गोसाई टोला त्रिमूर्तिनगर में रहते हैं।

▸ इलाज के दौरान मौत

▸ मौके से खोखा बरामद

बताया जाता है कि शुक्रवार की सुबह करीब 11 बजे संतोष कुमार के बड़ा पुत्र श्रवण कुमार (18) को घर के पास अपराधी ने गोली मारी। अपराधी ने दो गोली मारी, जो उसे आंख के नीचे व गले में लगी। गोली चलने एवं चिल्लाने की आवाज से निकले आसपास के लोगों ने उसे उठाकर अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सक द्वारा मृत बताने पर स्वजन उसे पारस अस्पताल ले गए। पारस में भी डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

शुक्रवार को श्रवण अपने दो दोस्त के साथ घर से बाइक पर सवार होकर करीब 11 बजे घर से निकला। श्रवण पीछे बैठा था। युवक घर से आगे बढ़ा ही था कि पास की गली में छिपे अपराधी ने उसे बुलाया। बताया जाता है कि श्रवण और अपराधियों के बीच बहस हुई। इसके बाद बदमाशों ने उसे गोली मार दी। वारदात का अंजाम देकर अपराधी पैदल मौके से फरार हो गए।

# तलाशी अभियान में 10 किलो वजनी आईईडी बम बरामद, टला बड़ा हादसा

▸ गुप्त सूचना पर एसटीएफ ने की कार्रवाई ▸ बम निरोधक दस्ते ने किया निष्क्रिय



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**लखीसराय।** नक्सल प्रभावित लखीसराय जिले में सुरक्षा बलों को एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है। पीरीबाजार थाना क्षेत्र के बांकुड़ा जंगल में चलाए जा रहे सघन तलाशी अभियान के दौरान पुलिस ने 10 किलो वजनी आईईडी बम बरामद कर नक्सलियों की बड़ी साजिश को नाकाम कर दिया। यह बम हार्ड स्किन पाइप में तैयार किया गया था और जमीन में गहराई से छिपाया गया था, ताकि सतर्कता के बावजूद इसका पता लगाना मुश्किल हो।

पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने बताया कि जिले में चल रहे नक्सल विरोधी अभियानों के तहत एसटीएफ की एक टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि पीरीबाजार क्षेत्र के जंगलों में नक्सली गतिविधियां तेज हुई हैं। इसी सूचना के आधार पर टीम ने जब इलाके में सघन तलाशी अभियान चलाया, तो एक संदेहास्पद जगह की खुदाई में यह शक्तिशाली आईईडी बरामद हुआ।

बरामद आईईडी बम को बम निरोधक दस्ते ने मौके पर ही निष्क्रिय कर दिया। बम की संरचना और वजन देखकर यह साफ समझा जा सकता है कि यह पुलिस और सुरक्षा बलों को गंभीर नुकसान पहुंचाने की नीयत से लगाया गया था।

अगर समय पर इसका पता नहीं चलता, तो यह एक बड़ा हादसा बन सकता था।

पुलिस की जांच में यह भी सामने आया है कि नक्सलियों ने बांकुड़ा जंगल क्षेत्र को 'सेफ जोन' घोषित कर वहां अस्थायी कैंप बना रखे थे। इसी योजना के तहत सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के लिए आईईडी बम लगाया गया था। यह बम न केवल तकनीकी रूप से उन्नत था, बल्कि इसकी छिपाने की पद्धति भी बेहद चतुराई से की गई थी, जिससे यह सामान्य तलाशी से बचा रहे।

लखीसराय जिले के चानन, कजरा और पीरीबाजार के जंगल व पहाड़ी क्षेत्रों में सुरक्षा बल लगातार तलाशी अभियान चला रहे हैं। एसपी अजय कुमार ने कहा कि नक्सल विरोधी अभियान में किसी भी प्रकार की ढिलाई नहीं बरती जाएगी और इन क्षेत्रों में लगातार ऑपरेशन जारी रहेगा।

# सम्राट अशोक भवन का निर्माण शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** एक करोड़ 48 लाख की लागत से बहुद्देशीय सम्राट अशोक भवन का निर्माण कार्य प्रारंभ हो गया है। यह भवन 4 हजार 500 वर्ग स्क्वायर फीट में पुराने नगर पंचायत कार्यालय के पीछे बनाया जाएगा।

शेरघाटी को अनुमंडल का दर्जा मिलने के बाद से इस प्रकार के भवन की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। वर्ष 1983 में अनुमंडल का दर्जा मिलने के बाद से लगभग 40 वर्षों का लंबा इंतजार अब समाप्त होता दिख रहा है।

गुरुवार को जेई रविरंजन कुमार ने बताया कि कार्यपालक पदाधिकारी संतोष कुमार की उपस्थिति में नगर परिषद के सदस्यों और तकनीकी अधिकारियों के साथ मिलकर संवेदक ने एरिया की पैमाइश कर ली है। ले आउट की प्रक्रिया के लिए चुना से पहचान बनाकर किल लगाया गया है। यह दो मंजिला इमारत पूरी तरह आधुनिक तरीके से बनाई जाएगी।



भवन निर्माण के बाद पुराने जर्जर कार्यालय भवन को तोड़कर नया निर्माण किया जाएगा, जिसके लिए नगर परिषद जिम्मेदार होगी।

भवन के तीन ओर से रास्ता का प्रावधान होगा और इसके बाद सुंदरीकरण किया जाएगा। शहर में हाल की कमी के कारण सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यों में आई रुकावट को दूर करने में यह भवन सहायक होगा।

मुख्य पार्षद प्रतिनिधि पवन किशोर ने बताया कि सम्राट अशोक भवन शहर का बहुद्देशीय केंद्र होगा, जहां प्रशासनिक, सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा सकेंगे।

## ट्रेन से गिरकर मौत

**शेखपुरा।** गया-किऊल रेलखंड पर शुक्रवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया, जिसमें एक व्यक्ति की चलती ट्रेन से गिरने के कारण मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान शेखपुरा जिले के कुसुम्बा थाना अंतर्गत सनैया गांव निवासी सुरेंद्र पासवान के रूप में हुई है। वह अपनी पुत्री से मिलने शेखपुरा जंक्शन से ट्रेन पकड़कर गया जा रहे थे, लेकिन रास्ते में बेलदरिया गांव के पास हादसे का शिकार हो गए।

प्रत्यक्षदर्शियों और स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, मृतक सुरेंद्र पासवान ट्रेन के दरवाजे के पास बैठे थे। जैसे ही ट्रेन कुसुम्बा रेलवे गुमटी पार कर बेलदरिया गांव के पास पहुंची, अचानक उनका संतुलन बिगड़ गया और वे चलती ट्रेन से नीचे गिर पड़े। गिरने के साथ ही सिर पर गंभीर चोट आने से घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही कुसुम्बा थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। दरोगा राजेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने शव को कब्जे में लिया और कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। उन्होंने बताया कि हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जांच शुरू कर दी गई है।

# युवती को छत से उठाकर ले गये आरोपित, दुष्कर्म

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सीवान।** जिले के महाराजगंज थाना क्षेत्र में एक सनसनीखेज सामूहिक दुष्कर्म की घटना ने पूरे इलाके में हड़कंप मचा दिया है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता ने गांव के ही दो युवकों पर सामूहिक दुष्कर्म का आरोप लगाया है। पीड़िता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई कि रात में उसके घर की छत से दो आरोपी उसे जबरन उठाकर ले गए और जंगल में ले जाकर उससे सामूहिक दुष्कर्म किया। इस मामले में शिकायत करने गए पीड़िता के परिजनों के साथ भी मारपीट की गई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं, थानाध्यक्ष ने इस मामले के प्रेम प्रसंग से जुड़ा होने की संभावना जताई है।

पीड़िता ने अपने आवेदन में बताया कि यह दर्दनाक घटना बीती रात की है, जब वह अपने घर की छत पर सो रही थी। रात करीब दो बजे गांव के ही दो युवक, सचिन यादव और प्रमोद यादव उसके घर की छत पर चढ़ आए। उन्होंने उसका मुंह दबाया और उसे गोद में उठाकर पश्चिम दिशा में जंगल की ओर ले गए। वहां दोनों ने बारी-बारी से उससे दुष्कर्म किया। इसके बाद आरोपी उसे वहीं छोड़कर फरार हो गए। उसके बाद पीड़िता किसी तरह अपने घर पहुंची और सुबह अपने परिजनों को इस भयावह घटना की जानकारी दी। इस घटना ने न केवल पीड़िता, बल्कि उसके परिवार और पूरे गांव को सदमे में डाल दिया है।

घटना की जानकारी मिलने के बाद पीड़िता की मां और चाचा ने न्याय मांगने के लिए आरोपी सचिन यादव के पिता से बात करने की कोशिश की। लेकिन इसके बजाय, सचिन के पिता और चार-पांच अन्य लोगों ने मिलकर पीड़िता की मां और चाचा के साथ जमकर मारपीट की। इस मारपीट में दोनों को गंभीर चोटें आईं। इस हमले ने मामले को और गंभीर बना दिया। पीड़िता ने इस घटना की भी शिकायत अपने लिखित आवेदन में दर्ज की और स्थानीय पुलिस से दोनों मामलों में कार्रवाई की मांग की। इस मारपीट ने गांव में तनाव की स्थिति पैदा कर दी।

## ट्रैक से नाबालिग की लाश बरामद

**गया।** रेलवे ट्रैक पर एक नाबालिग लड़की की लाश मिली है। घटनास्थल पर मौजूद लोगों का कहना था कि नाबालिग की ट्रेन से गिरकर मौत हुई है, लेकिन पुलिस ने उसके पास से एक दस रुपये का नोट मिला है, जिसके बाद रेल पुलिस हत्या और आत्महत्या दोनों पहलुओं पर जांच कर रही है। फिलहाल शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया गया है। मामला गया-पहाड़पुर रेलखंड रेलवे ट्रैक के पास की है। मृतका की पहचान गया जिले के फतेहपुर थाना क्षेत्र के भवारी खुर्द गांव की रहने वाली गुड़िया प्रवीण उर्फ आश्विन प्रवीण के रूप में हुई है।

# अब शराब तस्करों की संपत्ति पर कसेगा शिकंजा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बक्सर।** शराब तस्करों द्वारा अवैध रूप से अर्जित संपत्ति पर अब शिकंजा कसने की तैयारी शुरू हो गई है। पुलिस बहुत जल्द इनकी संपत्तियों को राज्यसात करने की कार्रवाई शुरू करेगी। इसके लिए एक व्यापक कार्य योजना तैयार कर ली गई है।

थानाध्यक्ष कमलनयन पांडेय ने बताया कि इस अभियान के तहत पहले से चिन्हित शराब तस्करों की गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी और उनकी अवैध संपत्ति को जब्त करने की प्रक्रिया तेज की जाएगी। इस कदम से न केवल शराब तस्करों पर अंकुश लगेगा, बल्कि सरकार के नियंत्रण में अवैध संपत्तियों को लाने की प्रक्रिया भी मजबूत होगी।

इलाके में शराब तस्करी एक गंभीर समस्या बनी हुई है। प्रशासन की सख्ती के बावजूद कुछ तस्कर इस प्रतिबंधित धंधे में लिप्त हैं और लाखों की काली कमाई कर चुके हैं। पुलिस ने अब ऐसे लोगों की लिस्ट


## विभाग ने की कार्य योजना तैयार

तैयार कर ली है और जल्द ही उनकी संपत्ति जब्त करने की कार्रवाई शुरू करेगी।

पुलिस ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि वे किसी भी अवैध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। थानाध्यक्ष का कहना है कि शराब मुक्त समाज बनाने के लिए पुलिस पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। अवैध संपत्तियों की जब्ती से तस्करों के हौसले पस्त होंगे और कानून का राज स्थापित होगा।

यह अभियान पुलिस की ओर से कानून व्यवस्था को और सख्त बनाने की दिशा में उठाया गया एक बड़ा कदम है। पुलिस का मानना है कि जब तस्करों की अवैध संपत्ति जब्त होगी, तो उनके नेटवर्क पर सीधा प्रभाव पड़ेगा और तस्करी की घटनाओं में कमी आएगी।

# गर्मी से झुलस रहे लोग, तापमान पहुंचा 50 के पास



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** जेठ के बाद आषाढ़ में भी आसमान से आग बरस रही है। सुबह, दोपहर और शाम में अधिक फर्क नहीं पड़ रहा। तापमान के साथ आर्द्रता में वृद्धि से जलन महसूस हो रही है। 42 डिग्री सेल्सियस तापमान में 50 डिग्री के बराबर गर्मी महसूस हो रही है।

गुरुवार को भी सुबह से धूप का कहर जारी रहा। हालांकि, आसमान में हल्के बादल छाए रहे। इसका अधिक असर नहीं रहा। मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, 15 जून तक राज्य के अधिकतर हिस्सों में लू चलने का अनुमान है।

वरीय मौसम विज्ञानी डॉ. ए. सत्तार ने बताया कि पछुआ और उत्तर-पश्चिमी गर्म हवाओं के प्रभाव से अधिकतम तापमान 38 से 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। वहीं, न्यूनतम तापमान भी 25 से 26 डिग्री सेल्सियस के बीच बने रहने की उम्मीद है।

पिछले तीन दिनों में अधिकतम तापमान 42.4 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज किया गया है, जो सामान्य से तीन डिग्री अधिक है। औसतन हवा की गति 2.0 किमी प्रतिघंटा रही और आद्रता 81 प्रतिशत तक रही।

उन्होंने बताया कि एक-दो दिन में हल्की बूंदाबांदी हो सकती है। धान की नर्सरी की तैयारी में सतर्कता बरतें और जरूरत के अनुसार सिंचाई करें। पशुओं को दिन में छांव में रखें और स्वच्छ जल की उपलब्धता सुनिश्चित करें।

सुबह 11 से शाम चार बजे तक विशेष सतर्कता बरतने की सलाह दी है। वृद्ध, बच्चे और बीमार व्यक्तियों को इस समय बाहर निकलने से बचना चाहिए।

# लड़की के संग विधायक की अश्लील फोटो वीडियो वायरल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** बखरी से भाकपा विधायक सूर्यकांत पासवान के साथ एक लड़की के दो अश्लील फोटो और वीडियो बुधवार को इंटरनेट मीडिया पर दिनभर प्रसारित होते रहे। विभिन्न इंटरनेट मीडिया अकाउंट्स के माध्यम से प्रसारित इस वीडियो को विधायक ने पूरी तरह से खारिज कर दिया है। इस मामले में विधायक ने एससी/एसटी थाने में शिकायत दर्ज कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

वहीं, विधायक सूर्यकांत पासवान ने कहा कि यह वीडियो एडिटेड है। विधायक ने कहा कि बखरी डीएसपी के खिलाफ शराब माफिया से साठगांठ और शराब तस्करी को संरक्षण देने की शिकायत उन्होंने डीजीपी से की थी। डीजीपी ने इस मामले की जांच का जिम्मा बेगूसराय डीआईजी को सौंपा है।

विधायक ने आरोप लगाया कि इसी जांच के कारण बखरी डीएसपी के इशारे पर भाजपा नेताओं द्वारा यह एडिटेड वीडियो प्रसारित कर उनकी छवि धूमिल करने का घिनौना प्रयास किया जा रहा है।

विधायक ने बताया कि हाल के दिनों में उन्होंने कई प्रेस वाताओं में बखरी डीएसपी कुंदन कुमार पर शराब माफिया को संरक्षण देने और शराब तस्करी में प्रत्यक्ष रूप से शामिल होने का आरोप लगाया था। इसमें उन्होंने भाजपा के एक युवा नेता को डीएसपी का मुख्य दलाल बताया था।

विधायक ने यह भी कहा कि कुछ समय पहले एक पिकअप वैन पर विदेशी शराब लदे होने की सूचना पर डीएसपी ने छापेमारी की थी, जिसमें बखरी थाने के तीन टाइगर मोबाइल सिपाहियों को शराब तस्करों से मिलीभगत के आरोप में जेल भेजा गया था।

हालांकि, विधायक का आरोप है कि न तो पिकअप वैन बरामद हुई और न ही शराब। उन्होंने बखरी डीएसपी के सरकारी और निजी मोबाइल फोन की जांच तथा उनके घर पर लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की मांग लगातार उठाई थी।

# गिरफ्तार करने गयी पुलिस टीम पर बदमाशों ने चलायी गोलियां

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत दिग्घी कला पूर्वी माली टोला में गुप्त सूचना के आधार पर कुख्यात बदमाश की गिरफ्तारी करने गई एसटीएफ और स्थानीय पुलिस और बदमाशों के बीच हुए मुठभेड़ में एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया।

इस दौरान पुलिस ने एक अन्य बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किया गया बदमाश पटना जिले के दानापुर का रहने वाला प्रमोद कुमार बताया गया।

पुलिस मुठभेड़ में घायल बदमाश को आनन-फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद पीएमसीएच रेफर कर दिया। घायल बदमाश को पुलिस अभिरक्षा में इलाज के लिए पटना भेजा गया। घायल बदमाश दिग्गी कला पूर्वी माली टोला निवासी राजेंद्र माली के 40 वर्षीय पुत्र राजीव माली बताया गया।

बताया गया है कि वह हत्या, लूट, रंगदारी सहित कई मामले में वांछित है। राजीव को घुटने में एक गोली मारी गई है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस अधीक्षक ललित मोहन शर्मा सदर एसडीपीओ ओमप्रकाश सहित कई पुलिस पदाधिकारी घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल में जुट गया।

एसपी और एसडीपीओ ने सदर अस्पताल पहुंचकर

## मुठभेड़ में एक को लगी गोली, पटना रेफर

पुलिस पदाधिकारी से घटना के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी लेने के बाद कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि राजीव अपने घर में आया हुआ है। गुप्त सूचना के आधार पर सदर थाने की पुलिस उसे गिरफ्तार करने के लिए गई।

घर को पुलिस ने चारों तरफ से घेर लिया उसके बाद पुलिस घर में घुसकर उसे पकड़ने का प्रयास किया। पुलिस के घर में घुसने के पश्चात राजीव माली के तरफ से गोली चलाई गई। जवाब में पुलिस ने भी गोली चलाई। जिसमें राजीव को एक गोली बाएं पैर के घुटने में लगी है।

पुलिस ने इलाज के लिए सदर अस्पताल भर्ती कराया। डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच रेफर कर दिया।

पुलिस अभिरक्षा में इलाज के लिए उसे पटना भेजा गया है। जानकारी के अनुसार राजीव के ऊपर हत्या लूट रंगदारी सहित कई मामले दर्ज हैं।

# वरीय पदाधिकारियों का रास्ता रोके जाने के खिलाफ 50 पर प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा।** कृष्णगढ़ थाना क्षेत्र के अचरज राय टोला गांव में बाढ़ नियंत्रण विभाग के मुख्य अभियंता पटना, अधीक्षण अभियंता बक्सर और भोजपुर के मुख्य अभियंता समेत अन्य पदाधिकारियों, अधिकारियों व कर्मचारियों के रास्ता रोकने के मामले में दो नामजद और 50 अज्ञात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

पुलिस ने दर्ज प्राथमिकी के आधार पर नामजद और अज्ञात लोगों को चिह्नित कर गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दिया है। पुलिस की ताबड़तोड़ छापेमारी को देख इस मामले में शामिल लोगों में खलबली मच गई है।

बाढ़ नियंत्रण विभाग के अधिकारियों और पदाधिकारियों पर बीते दिन हुई घटना को लेकर विभाग काफी चौकस है। ऐसे असमाजिक तत्वों से निपटने के लिए अपनी तैयारी शुरू कर दी है। बाढ़ नियंत्रण विभाग के अवर प्रमंडल पदाधिकारी आशीष रंजन के बयान पर प्राथमिकी में नामजद केवटिया गांव निवासी मुना सिंह, बलुआ गांव निवासी सुगानी पाण्डेय और 50 अज्ञात लोगों पर सरकारी कार्य में बिना किसी कारण बाधा पहुंचाने और अधिकारियों व पदाधिकारियों के कार्य निरीक्षण के दौरान करीब दो घंटा तक बल्ला और ट्रैक्टर से रास्ते को अवरुद्ध करने का आरोप है।

बता दें कि विगत बुधवार के दिन अचरज राय के टोला के समीप गंगा नदी में बाढ़ नियंत्रण विभाग द्वारा कटाव रोधी कार्य देखने के लिए बिहार के मुख्य अभियंता आलोक कुमार, अधीक्षण अभियंता धनंजय कुमार पाण्डेय और भोजपुर के मुख्य अभियंता अभिषेक कुमार के साथ विभाग के अन्य अधिकारी, पदाधिकारी और कर्मचारी गए थे। उसी दौरान कुछ लोगों ने उन्हें रोकने की कोशिश की थी।

## प्रस्तावित वंदे भारत की अड़चनें हुई दूर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राजधानी के पाटलिपुत्र जंक्शन से गोरखपुर के बीच प्रस्तावित वंदे भारत ट्रेन के चलाने का रास्ता अब पूरी तरफ से साफ हो गया है। आगामी 20 जून से इसे चलाए जाने की संभावना है। इसके लिए पाटलिपुत्र जंक्शन पर उद्घाटन समारोह आयोजित किया जाएगा। पूर्व मध्य रेलवे ने प्रधानमंत्री कार्यालय से समय मांगा है। नई वंदे भारत ट्रेन को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हरी झंडी दिखा सकते हैं। ट्रेन के संचालन को लेकर रेलवे प्रशासन ने अपनी तैयारी तेज कर दी है। वंदे भारत के चलने से पटना से मुजफ्फरपुर और गोरखपुर आना-जाना काफी आसान हो जाएगा। रेलवे द्वारा ट्रेन की समय-सारिणी तैयार कर ली गई है।

यह ट्रेन सुबह 6 बजे गोरखपुर से रवाना होगी और बेतिया, नरकटियागंज और मुजफ्फरपुर होते हुए पटना पहुंचेगी। वहीं, वापसी में रात 9 बजे तक गोरखपुर लौट आएगी। रेलवे सूत्रों का कहना है कि पाटलिपुत्र से गोरखपुर चलने वाली इस ट्रेन को पहले प्रयागराज रूट से चलाने के लिए लाया गया था, लेकिन वहां अब 16 कोच की नई रैक पहुंच गई है।

# चाकूओं से गोद कर चार लोगों को किया जख्मी

## नरसंहार के इरादे से घर में घुसा था आरोपित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जहानाबाद।** परसबिगहा थाना क्षेत्र के नेहालपुर गांव में जमीन विवाद में भतीजे ने नरसंहार के इरादे से चाचा के घर पर हमला बोल दिया।

चाचा सहित उनके परिवार के चार लोगों को ताबड़तोड़ चाकू मारकर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। चीख पुकार सुनकर घर के अगल-बगल के लोग जुटे तो देखा कि खून से लथपथ चारों लोग गंभीर रूप से घायल हैं।

आनन-फानन ग्रामीणों ने सभी को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भेजा, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद चारों लोगों को विशेष इलाज के लिए पीएमसीएच पटना रेफर कर दिया गया।

घायलों में चाचा ओमप्रकाश गुप्ता, उनकी माता मालती देवी, पत्नी रीता देवी व पुत्र राहुल कुमार शामिल हैं। ओम प्रकाश गुप्ता की आठ वर्षीय पुत्री रिया गुप्ता ने किसी तरह छिपकर अपनी जान बचाई।

भतीजा सोनू गुप्ता ने जमीन विवाद में इस घटना को अंजाम दिया। वह रात्रि दो बजे दीवार फांदकर घर में प्रवेश कर गया और सो रहे चाचा समेत उनके परिवार पर जानलेवा हमला कर दिया। भतीजे ने अपनी पहचान छिपाने के लिए मुंह को गमछे से ढंक रखा था।

ग्रामीणों ने ओमप्रकाश गुप्ता आटा चक्की मिल चला कर



अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। गुरुवार की रात में मिल बंद कर अपने घर गए और खाना खाकर सो गए। रात्रि में भतीजे ने घर मे घुसकर ताबड़तोड़ चाकू मारकर पूरे परिवार को गंभीर रूप से जख्मी कर फरार हो गया। घटना की सूचना पाकर थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की छानबीन की।

थानाध्यक्ष ने बताया कि जमीन विवाद को लेकर भतीजे ने चाचा सहित चार लोगों को धारदार चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया है। चारों लोगों का इलाज पटना पीएमसीएच में चल रहा है।

आरोपी भतीजा सोनू कुमार घर से फरार बताया जाता है, उसके स्वजन से पूछताछ करने पर बताया गया कि वह गुरुवार की रात से गायब है। मामले में आवेदन मिलने पर प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# बिहार में 223 जगह बनेंगे आरओबी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राज्य सरकार के आग्रह पर रेल मंत्रालय ने प्रदेश के 223 रेल फाटकों पर रेल ओवर ब्रिज (आरओबी) निर्माण को अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है।

आरओबी के निर्माण से राज्य की सड़कों पर आवागमन निर्बाध होगा। राज्य सरकार ने 223 रेल फाटकों पर आरओबी निर्माण के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र भी दे दिया है।

पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव मिहिर कुमार सिंह, रेलवे बोर्ड के सदस्य आधारभूत संरचना नवीन गुलाटी, महाप्रबंधक छत्रशाल सिंह, के साथ हुई बैठक में आरओबी निर्माण पर सहमति बनी। रेलवे बोर्ड ने 12 आरओबी, आरयूबी के निर्माण को ले डीपीआर को भी अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी।

जिन 12 जगहों पर आरओबी निर्माण के लिए डीपीआर को स्वीकृति दी गई है उनमें सहरसा जंक्शन से बैजनाथपुर के बीच के रेल फाटक, छपरा जिले में छपरा जंक्शन से छपरा कचहरी के बीच, सीतामढ़ी जिले में सीतामढ़ी से डुमरा के बीच, गया जिले में पहाड़पुर से गुरपा के बीच तथा परैया से गुरारू के बीच, लखीसराय जिले में अभयपुर से मसुदन तथा कजरा से अभयपुर के बीच, जमुई जिले में झाझा से सिमुलतला के बीच, मुंगेर में जमालपुर से दशरथपुर के बीच, औरंगाबाद जिले में फेशर-बधोई कुशा तथा जाखिम-बधोई कुशा के बीच तथा मुजफ्फरपुर जिले में मोतीपुर से मेहषी शामिल हैं।

पथ निर्माण विभाग सेमिली जानकारी के अनुसार, 48 जगहों पर आरओबी निर्माण के लिए डीपीआर तैयार कर लिया गया है। जून-जुलाई के बीच स्वीकृति मिल जाएगी।

वहीं 112 अन्य आरओबी के निर्माण के लिए डीपीआर तैयार किया जा रहा है।

C M Y K

# नीतीश कुमार ने बढ़ाया दलितों का सम्मान : जदयू

## सरकार ने दलितों के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक उत्थान के लिए कई क्रांतिकारी फैसले किए

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** जदयू ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दलितों को उनका वाजिब हक और सम्मान दिलाने का काम किया। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता परिमल कुमार, हिमराज राम, अनुप्रिया और मीडिया पैनलिस्ट मधुरेंदु पांडेय ने जारी संयुक्त बयान में कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार दलितों के वास्तविक हितैषी हैं। उन्होंने दलितों के उत्थान के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। प्रवक्ताओं ने कहा कि लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी के शासनकाल के दौरान बिहार ने 118 नरसंहारों का दंश झेला जिसमें कई निर्दोष लोगों की जानें गयी। उन्होंने कहा कि साल 2005 में सत्ता संभालते ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दलितों के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक उत्थान के लिए कई क्रांतिकारी फैसले लिए। दलितों के उत्थान के लिए विभागीय बजट को बढ़ाया गया एवं दलित समुदाय के कल्याण एवं उनके विकास को लेकर कई योजनाएं चलाई गईं। दलित समुदाय के उत्थान के लिए राज्य के हर जिले में विशेष तौर पर एससी/एसटी थानों की व्यवस्था की गई। इस समुदाय के पीड़ित लोगों को त्वरित न्याय दिलाने के लिए स्पेशल कोर्ट की व्यवस्था की गई और इन विशेष न्यायालयों में स्पेशल पीपी की भी नियुक्ति की गई है। प्रवक्ताओं ने कहा कि नीतीश सरकार के लिए गए इन क्रांतिकारी फैसलों से आज दलित समुदाय के लोगों को आसानी से न्याय मिल रहा है और वो आत्मसम्मान की जिंदगी बसर कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि साल 2011 से आयोजित सभी जिलों के महादलित टोलों/गांवों में स्वतंत्रता दिवस एवं गणतंत्र दिवस के अवसर पर झंडोत्तोलन कार्यक्रम के दौरान उस महादलित टोले के बुजुर्ग व्यक्ति द्वारा झंडोत्तोलन किया जाता है। 2008-2009 में मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति मेधावृत्ति योजना लागू की गयी। इसके तहत अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के छात्र-छात्राओं को प्रथम श्रेणी से मैट्रिक परीक्षा पास करने पर 10,000 रु0 की प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। साथ ही अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लिए छात्रवृत्ति में लगभग 100 प्रतिशत की वृद्धि की गई। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति समुदाय के छात्रों के लिए साल 2005 के बाद छात्रावास योजना चलायी जा रही है। इसके तहत राज्य में अनुसूचित जाति के लिए 98 एवं अनुसूचित जनजाति के लिए 14 छात्रावास का संचालन किया जा रहा है। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के मेधावी छात्र-छात्राओं के लिए मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति मेधावृत्ति योजना चलायी जा रही है जिसके तहत साल 2016-17 से 10वीं कक्षा में द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण होने पर अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के छात्र-छात्राओं को भी 8,000 रु0 की प्रोत्साहन राशि तथा 12वीं कक्षा में प्रथम श्रेणी एवं द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण होने पर छात्राओं को क्रमशः 15,000 एवं 10,000 रु0 की प्रोत्साहन राशि के भुगतान की शुरुआत की गयी। प्रवक्ताओं ने कहा कि अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग के युवा एवं युवतियों में उद्यमिता के विकास को प्रोत्साहित करने तथा ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में रोजगार के अवसर सृजित करने हेतु साल 2018 से मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति उद्यमी योजना लागू की गई है। इस योजना के तहत कुल परियोजना (प्रति ईकाई) अधिकतम 10 लाख रुपए का 50 प्रतिशत अधिकतम 5 लाख रुपए ब्याज रहित ऋण स्वीकृत किया जाता है। शेष 50 प्रतिशत राशि अधिकतम 5 लाख रुपए विशेष प्रोत्साहन योजनान्तर्गत अनुदान/सब्सिडी के रूप में दी जाती है। इन्होंने कहा कि राज्य के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के वैसे अभ्यर्थी, जो संघ लोक सेवा आयोग द्वारा सिविल सेवा एवं बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा की प्रारम्भिक परीक्षा में पास करते हैं, उन्हें मुख्य परीक्षा एवं साक्षात्कार की तैयारी हेतु मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना वर्ष 2018-19 में लागू की गयी।

# कृषि रोड मैप से बिहार में बदली मछली उत्पादन की सूरत

## बीते 20 वर्षों में मछली का उत्पादन तीन गुना बढ़ा, अब आत्मनिर्भर हुआ बिहार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार सरकार के कृषि रोड मैप ने बिहार में मछली उत्पादन की सूरत बदल दी है। मछली का उत्पादन 2.68 लाख मीट्रिक टन (2005 से पहले) से बढ़कर 8.73 लाख मीट्रिक टन (2023-24) हो गया। इस तरह से करीब 20 वर्षों में मछली का उत्पादन बिहार में तीन गुना से अधिक बढ़ चुका है। मछली उत्पादन में बढ़ोतरी के लिए सरकार कृषि रोड मैप के तहत कई योजनाएं चला रही है जिसमें मुख्यमंत्री समेकित चौर विकास योजना, जलाशय मात्स्यिकी विकास योजना, निजी तालाबों के जीर्णोद्धार की योजना, राज्य में बहने वाली गंगा नदी के पारिस्थितिकी तंत्र में नदी पुनर्स्थापन कार्यक्रम आदि एवं केन्द्र प्रायोजित योजनान्तर्गत प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना का कार्य मुख्य रूप से शामिल है। इन योजनाओं से मछली उत्पादन को बढ़ावा मिला है और रोजगार के अवसर बढ़े हैं। मुख्यमंत्री समेकित चौर विकास योजना के तहत बिहार की 461 हेक्टेयर चौर भूमि मछली पालन से समृद्ध हुई है। इस योजना से चौर बाहुल्य जिलों में अवस्थित चौर भूमि पर मॉडल आधारित नये तालाबों का निर्माण किया जा रहा है। जिससे राज्य में मछली का उत्पादन तेजी से बढ़ रहा है।

**प्रखंडों में बनेंगे मछली बाजार**

सरकारी योजनाओं के जरिए जहां एक ओर राज्य में मछली उत्पादन को बढ़ावा दिया जा रहा है वहीं दूसरी ओर सरकार मछली पालकों द्वारा उत्पादित मछली को बाजार भी मुहैया करवाने की लगातार कोशिश कर रही है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री मत्स्य विपणन योजना के अंतर्गत चालू वित्तीय वर्ष में राज्य के चिन्हित प्रखंडों में 30-30 मत्स्य बाजार का निर्माण किया जा रहा है। साथ ही मछली के उत्पादन में बढ़ोतरी के लिए नई तकनीक जैसे बायोफ्लॉक तकनीक एवं आरएएस तकनीक से मत्स्य पालन किया जा रहा है। अब तक राज्य में 439 बायोफ्लॉक इकाई एवं 15 आरएएस इकाई बनाए गए हैं। वहीं चालू वित्तीय वर्ष में गंगा, गंडक, बूढ़ी गंडक आदि नदियों में मछली उत्पादन बढ़ाने के लिए मछली का 61.81 लाख जीरा डाला जा चुका है।

# राज्य में जनभागीदारी से मनाया जाएगा विश्व रक्तदाता दिवस

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि राज्य भर में 14 जून को विश्व रक्तदाता दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस अवसर पर राज्य के सभी चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पतालों, जिला अस्पतालों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, मॉडल ब्लड सेंटर, पटना, आईजीआईएमएमएस एवं एम्स, पटना सहित पटना में संचालित सभी रक्त केंद्रों एवं गैर सरकारी रक्त केंद्रों के द्वारा 14 जून से लेकर 13 जुलाई, 2025 तक विभिन्न गतिविधियां एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साथ ही नियमित रक्तदाताओं को सम्मानित भी किया जाएगा। इस वर्ष के विश्व रक्तदाता दिवस का स्लोगन 'रक्तदान करें, उम्मीद दें-साथ मिलकर जीवन बचाएं' है। यह स्लोगन हमें यह याद दिलाता है कि रक्तदान केवल जीवन बचाने का कार्य नहीं, बल्कि समाज के प्रति हमारी करुणा और जिम्मेदारी की पहचान भी है। इस वर्ष के विश्व रक्तदाता दिवस का मुख्य उद्देश्य रक्त एवं प्लाज्मा की जरूरत एवं इसका मरीज के जीवन रक्षा में भूमिका पर जागरूकता फैलाना है। साथ ही नए एवं पुराने रक्तदाता को रक्तदान के लिए उत्साहित करना, रक्तदान करने से रक्तदाता को मिलने वाले स्वास्थ्य लाभ सहित राष्ट्रीय रक्त कार्यक्रम को मजबूती प्रदान करना भी है। श्री पांडेय ने कहा कि 14 जून से 13 जुलाई, 2025 तक विश्व रक्तदाता दिवस के मौके पर सदर अस्पताल, चिकित्सा महाविद्यालय एवं जिलों में शिविर के माध्यम से कम से कम चार स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। 14 जून को रक्त केंद्रों में विश्व रक्तदाता दिवस के समारोह का आयोजन किया जाएगा। साथ ही जिलों के नियमित रक्तदाताओं एवं रक्तदान से जुड़े संस्थाओं को सम्मानित भी किया जाएगा। रक्तदान के प्रति आम जनमानस को जागरूक करने के लिए एक शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। रक्तदान के प्रति आम जनमानस में रुचि बढ़ाने के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सदर अस्पताल एवं चिकित्सा महाविद्यालय में रक्त समूह परीक्षण एवं हीमोग्लोबिन जांच के लिए शिविर आयोजित किए जाएंगे।

# रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवा : सुदीप नाग

## एनटीपीसी पूर्वी क्षेत्र-1 मुख्यालय में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो





**पटना।** विश्व की बड़ी ऊर्जा उत्पादक कंपनियों में प्रख्यात एनटीपीसी लिमिटेड अपने सामाजिक दायित्वों को प्रमुखता से निभाती रही है और बिजली उत्पादन के साथ-साथ सामुदायिक सेवा करती रही है। इसी सिलसिले में आज एनटीपीसी पूर्वी क्षेत्र-1 मुख्यालय के शास्त्री नगर स्थित कार्यालय सह आवासीय परिसर में प्रथमा ब्लड सेंटर के सहयोग से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (पूर्वी क्षेत्र- 1) सुदीप नाग ने मुख्यालय के सभी विभागाध्यक्षों की उपस्थिति में किया। इस अवसर पर सुदीप नाग ने कहा कि रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवा है। एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद मरीज के जीवन को बचा सकता है। एनटीपीसी परिवार ने सदैव समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को प्राथमिकता दी है और भविष्य में भी ऐसे पुनीत कार्यों में सहभागिता जारी रखेगा। मैं सभी रक्तदाताओं को इस महान कार्य के लिए धन्यवाद देता हूं और सभी से अपील करता हूं कि आगे भी इस परंपरा को बनाए रखें। शिविर में कर्मचारियों और सहयोगियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और कुल 23 यूनिट रक्त एकत्र कर प्रथमा ब्लड सेंटर को सौंपा गया। इससे राज्य के ब्लड बैंक में रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित होगी और जरूरतमंद मरीजों को समय पर सहायता मिल सकेगी। प्रथमा ब्लड सेंटर के राज्य प्रमुख पंकज सिंह ने एनटीपीसी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन समाज में जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। एनटीपीसी प्रबंधन ने सभी रक्तदाताओं और प्रथमा ब्लड सेंटर की टीम को इस शिविर को सफल बनाने में उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया और भविष्य में भी ऐसे जनकल्याणकारी कार्यों को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता दोहराई।

# महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने रेलवे कॉलोनी का निरीक्षण कर सुविधाओं का लिया जायजा



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा रामाशीष चौक, हाजीपुर स्थित रेलवे कॉलोनी का गहन निरीक्षण किया। इस क्रम में महाप्रबंधक ने रेलवे कॉलोनी में साफ-सफाई, रेलकर्मियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं आदि का जायजा लिया तथा कॉलोनी के साफ-साफई से संतुष्ट दिखे। उन्होंने कॉलोनी में लगे हरियाली पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की। इसके साथ ही महाप्रबंधक द्वारा रेलवे कॉलोनी परिसर में स्थित पॉली क्लीनिक का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर सोनपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक विवेक भूषण सूद सहित मुख्यालय एवं मंडल के अधिकारीगण उपस्थित थे। निरीक्षण के क्रम में रेलवे कॉलोनी के कर्मचारीगण महाप्रबंधक से भेंट कर उन्हें कॉलोनी से संबंधित मांगों का एक ज्ञापन भी सौंपा जिस पर महाप्रबंधक ने गंभीरता से विचार करने का आश्वासन दिया। उन्होंने पानी में आयरन की ज्यादा मात्रा के मद्देनजर वाटर प्यूरीफायर प्लांट लगाने तथा कॉलोनी के ड्रेनेज सिस्टम को और बेहतर बनाने का अधिकारियों को निर्देश दिया।

# विश्व रक्तदाता दिवस पर विशेष रक्तदान शिविर, आइएएस भवन में होगा आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** विश्व रक्त दाता दिवस के अवसर पर आईएएस, आईपीएस और आईएफएस एसोसिएशन के संयुक्त प्रयास तथा आईएएस, आईपीएस और आईएफएस वाइफ्स एसोसिएशन के सक्रिय सहयोग से 14 जून को सुबह 9 बजे से आईएएस भवन, पटना में विशेष रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर का उद्घाटन सुबह 9:15 बजे बिहार के मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा, पुलिस महानिदेशक विनय कुमार और प्रधान मुख्य वन संरक्षक प्रभात कुमार गुप्ता संयुक्त रूप से करेंगे। इस अवसर पर बिहार एवं झारखंड के पूर्व मुख्य सचिव वी.एस. दुबे (सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी) मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। गौरतलब है कि यह आयोजन वर्ष 2021 से लगातार किया जा रहा है। इसका उद्देश्य न केवल रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाना है, बल्कि समाज में सेवा और सहयोग की भावना को भी बढ़ावा देना है। मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने सभी अधिकारियों और उनके परिवारजनों से अपील की है कि वे रक्त दान कर 'रक्तवीरों' का उत्साह बढ़ाएं। उन्होंने बताया कि इस शिविर में मां ब्लड सेंटर का विशेष सहयोग रहेगा। पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने रक्तदान को 'महादान' बताते हुए इसे मानवता की सेवा का सबसे बड़ा रूप बताया।

# कांग्रेस ने 15 जून को बुलाई विधायकों और नेताओं की बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर जारी राजनीतिक गतिविधियों के बीच गुरुवार को हुई महागठबंधन की बैठक और तेजस्वी यादव से मुलाकात के बाद अब कांग्रेस ने भी अपनी रणनीति को लेकर सक्रियता दिखानी शुरू कर दी है। कांग्रेस ने अपने सभी विधायकों को निर्देश दिया है कि वे 15 जून को पटना स्थित होटल मौर्या में शाम 7 बजे होने वाली अहम बैठक में उपस्थित रहें। बैठक का मुख्य एजेंडा सीट बंटवारे के फार्मूले पर सभी विधायकों से विचार-विमर्श करना है।

पार्टी सूत्रों के अनुसार कांग्रेस के नेता इस बैठक के बाद तेजस्वी यादव के सामने सीट बंटवारे का प्रस्ताव रखेंगे। दरअसल महागठबंधन की गुरुवार को हुई बैठक में घटक दलों से सीटों का ब्यौरा मांगा गया है। सूत्रों ने बताया कि बैठक में विधायकों को बड़ी जिम्मेदारी दी जाएगी। ताकि वे पार्टी के कार्यक्रमों को जमीन पर प्रभावी ढंग से लागू कर सकें। बैठक में कांग्रेस की प्रमुख योजनाओं जैसे माई बहिन योजना और अन्य सामाजिक व कल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी रूप से जमीन पर उतारने की जिम्मेदारी विधायकों को सौंपी जाएगी। बैठक में कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी कृष्णा अल्लावरू सहित तमाम वरिष्ठ नेता भी मौजूद रहेंगे और मुख्य रूप से विधायकों से रू ब रू होंगे। सभी विधायकों को इस बैठक में मौजूद रहने का निर्देश दिया गया है। इस बैठक में सभी विधायकों को माई बहिन योजना के साथ अन्य योजनाओं को जमीन पर उतारने की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। कांग्रेस माई बहिन योजना को एक महत्वपूर्ण फैक्टर बनाना चाह रही है। इस योजना को महिलाओं के सशक्तिकरण और आर्थिक सहायता से जोड़ा जा रहा है। यह योजना बिहार में मतदाताओं, खासकर महिला वोटरों को लुभाने का एक बड़ा हथियार बन सकती है।

# उपेन्द्र महारथी शिल्प अनुसंधान संस्थान में निफ्ट के छात्रों ने सीखीं बारीकियां



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी (निफ्ट ), पटना के तृतीय वर्ष के छात्रों ने शुक्रवार को उपेंद्र महारथी शिल्प अनुसंधान संस्थान का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को पारंपरिक भारतीय हस्तशिल्पों की गहराई से जानकारी देना तथा उनकी कलात्मक समझ को समृद्ध करना था। छात्रों ने सबसे पहले संस्थान के संग्रहालय का अवलोकन किया जहां क्यूरेटर के मार्गदर्शन में उन्हें बिहार की विभिन्न पारंपरिक कलाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। विशेष रूप से टिकुली पेंटिंग पर केंद्रित इस भ्रमण में छात्रों ने इस कला के ऐतिहासिक संदर्भों, विषयवस्तु, रंग प्रयोग और इसकी सामाजिक-सांस्कृतिक भूमिका को समझा। संग्रहालय भ्रमण के बाद छात्रों ने संस्थान के पुस्तकालय का दौरा किया जहां उन्हें हस्तशिल्प व डिजाइन से संबंधित समृद्ध साहित्य से परिचय कराया गया। इसके बाद छात्र टिकुली पेंटिंग शाखा में कार्यरत प्रशिक्षक व डिजाइनर से मिले और उनका अनुभव जाना।

# ब्लॉक प्रिंटिंग बनी निधि की आवाज, हुनर जो शब्दों से परे है

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** जब जिंदगी किसी को बोलने और सुनने की क्षमता नहीं देती, तब निधि जैसे कलाकार अपनी कला को ही जुबान बना लेती हैं। अपनी कला के हुनर के दम पर पूरी जिंदगी बदल लेती हैं। निधी ने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति और सच्चे समर्पण से हर बाधा को पार करते हुए एक मुकाम तक पहुंचने में सफलता हासिल की है। सहरसा की रहने वाली निधि कुमारी जन्म से मूक-बधिर हैं, लेकिन पारंपरिक ब्लॉक प्रिंटिंग को अपना जीवन बना लिया। एक ऐसी कला, जो अब उनकी पहचान और संवाद का



माध्यम बन चुकी है। निधि ने महज आठ साल की उम्र में ही ब्लॉक प्रिंटिंग की बारीकियां सीखनी शुरू कर दी थीं। कठिनाइयों के बावजूद उन्होंने इस प्राचीन हस्तकला में निपुणता हासिल की जिसमें लकड़ी के ब्लॉक से कपड़ों पर हाथ से डिजाइन बनाए जाते हैं। आज उनके बनाए डिजाइन न केवल सुंदरता में अद्वितीय होते हैं, बल्कि उनकी भावनाओं और दृष्टिकोण को भी बिना बोले व्यक्त करते हैं।

उपेंद्र महारथी शिल्प अनुसंधान संस्थान, पटना में प्रशिक्षण के दौरान निधि ने ब्लॉक प्रिंटिंग की परंपरागत तकनीकों में दक्षता हासिल की। उन्होंने कई जिला स्तरीय कला प्रतियोगिताओं में भाग लिया और पुरस्कार भी प्राप्त किए। साथ ही बिहार कला उत्सव जैसे प्रतिष्ठित मंचों पर अपनी कला का प्रदर्शन कर राज्य का गौरव बढ़ाया है। निधि की प्रिंट की गई कलाकृतियां ग्रामीण जीवन, प्रकृति और लोक परंपराओं की जीवंत झलक पेश करती हैं।

# मंगनी लाल मंडल बन सकते हैं राजद के नये प्रदेश अध्यक्ष

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव के पहले राजद जगदानंद सिंह की जगह मंगनी लाल मंडल को बिहार प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेवारी सौंप सकती है। सूत्रों के अनुसार राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी यादव ने अब नए समीकरणों के हिसाब से प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए मंगनी लाल मंडल का नाम लगभग तय कर दिया है। इससे विधानसभा चुनाव को भी साधने की कोशिश की जाएगी। राजद सूत्रों के अनुसार अगले प्रदेश अध्यक्ष के रूप में मंगनी लाल मंडल के नाम की औपचारिक घोषणा भर बाकी है।

सूत्रों के अनुसार शनिवार, 14 जून को प्रदेश अध्यक्ष का नामांकन होना है। उसके बाद चुनावी प्रक्रिया शुरू होगी। नामांकन प्रक्रिया की औपचारिकता पूरी होने के बाद नाम की घोषणा होगी। इसमें एक मात्र नाम मंगनी लाल मंडल ही रहेंगे और उन्हें अगले प्रदेश अध्यक्ष के रूप में नई जिम्मेदारी दी जाएगी। बताया जा रहा है कि लालू यादव का आशीर्वाद और तेजस्वी का साथ मंगनी लाल मंडल को मिल चुका है।

# प्रो. रणबीर नंदन ने बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार सरकार ने पूर्व विधान पार्षद व वरिष्ठ भाजपा नेता प्रो. रणबीर नंदन को बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद का नया अध्यक्ष नियुक्त किया। नियुक्ति के बाद शुक्रवार को प्रो. नंदन ने पदभार ग्रहण कर लिया। इस संबंध में प्रो. नंदन ने बताया कि मैं इस नई जिम्मेदारी के लिए जताए गए विश्वास के लिए बिहार सरकार के प्रति अपना हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं। यह मेरे लिए अति सम्मान की बात है कि मुझे बिहार राज्य धार्मिक न्यास परिषद की अध्यक्षता करने का अवसर मिला है। प्रो. नंदन ने कहा कि मेरा मानना है कि धार्मिक न्यास परिषद सिर्फ पूजा-पाठ, पैतृक मंदिरों या धार्मिक संपत्ति की देखभाल तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज की आध्यात्मिक समृद्धि, सांस्कृतिकता और सामाजिक सद्भाव की स्थापना के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। मैं विश्वास दिलाता हूं कि हम पारदर्शिता, समावेशिता और न्याय के सिद्धांतों के साथ कार्य करेंगे। इसमें धार्मिक न्यासों की जमीन, मंदिरों और संपत्तियों के संरक्षण-सुधार के प्रयास करेंगे। धार्मिक संस्थाओं में महिलाओं और युवाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए पहल करेंगे। सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और सामाजिक गतिविधियों का समर्थन और आयोजन सुनिश्चित करेंगे जिससे बिहार की विविधता और सौहार्द्र का संदेश फैले।

# प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् के सभागार में राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम को लेकर बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्त्तन मंत्रालय, भारत सरकार के संयुक्त सचिव निलेश कुमार साह आई.ए.ए.एस की अध्यक्षता में पर्षद् मुख्यालय, परिवेश भवन स्थित बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद्, पटना के सभागार में राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के संदर्भ में एक समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गयी। नीरज नारायण,भा.व.से., सदस्य-सचिव, बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् द्वारा अतिथियों का स्वागत करते हुए बैठक की विषय-वस्तु पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि गया एवं मुजफ्फरपुर में विगत वर्षों की तुलना में परिवेशीय वायु की गुणवत्ता में सुधार दर्ज की गयी है। पटना शहर की परिवेशीय वायु गुणवत्ता के सुधार हेतु सार्थक प्रयास किये जा रहे हैं। निलेश कुमार साह, आई.ए.ए.एस, संयुक्त सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्त्तन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा सभी संबंधित नगर निकायों के प्रतिनिधियों से मंत्रालय द्वारा दिये जा रहे वित्तीय सहायता को स-समय उपयोग करने का निदेश दिया गया ताकि राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के लक्ष्यों को प्राप्त कर परिवेशीय वायु गुणवत्ता में क्रमिक सुधार सुनिश्चित की जा सके। एस.एन. जायसवाल, वैज्ञानिक सलाहकार, बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् द्वारा राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम का राज्य के अंदर क्रियान्वयन के संबंध में प्रस्तुतीकरण किया गया।

# आस्था की वेदी पर विराजे भगवान आदिनाथ संग 13 तीर्थंकर

## पाटलिपुत्र की धरती का प्राचीन काल से जैन धर्म से जुड़ाव : मुनि श्री विशल्य सागर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पाटलिपुत्र की पुण्यभूमि स्थित आदिनाथ दिगंबर जैन चैत्यालय श्रद्धा, भक्ति और दिव्यता की त्रिवेणी में डूबा हुआ है। यहां दो दिवसीय लघु पंचकल्याणक महोत्सव की पूर्णाहुति के साथ भव्य वेदी प्रतिष्ठा सम्पन्न हुई जिसमें मूलनायक भगवान आदिनाथ सहित 13 तीर्थंकरों की प्रतिमाएं विधिपूर्वक प्रतिष्ठित की गईं। यह अलौकिक दृश्य श्रद्धालुओं की आंखों में श्रद्धा और आत्मा में शांति का अनुभव करा रहा है।

इस ऐतिहासिक आयोजन की प्रेरणा पूज्य समाधिस्थ आचार्य श्री विराग सागर जी, आचार्य श्री विद्यासागर जी एवं पट्टाचार्य श्री विशुद्ध सागर जी के मंगल आशीर्वाद से मिली जबकि



प्रतिष्ठा-संस्कार प्रतिष्ठाचार्य डॉ. अभिषेक जैन एवं मुनि श्री 108 विशल्य सागर जी महाराज ससंघ के पावन सान्निध्य में संपन्न हुए। श्री आदिनाथ जिनालय का जीर्णोद्धार स्व. शांतिलाल जैन सहित कई श्रद्धालुओं की सेवा भावना से पूरा हुआ। संयोजक के रूप में महेश कुमार सेठी परिवार के महेश, मुकेश, मनीष और मनोज जैन ने इस पुण्य कार्य का जिम्मा निभाया। भोर की शांति में मंत्रोच्चार, अभिषेक, शांतिधारा और विश्व शांति महायज्ञ से मंदिर परिसर आध्यात्मिक ऊर्जा से भर उठा। जयपुर से पधारे संगीतकार मनीज व उनकी मंडली की संगीतमय प्रस्तुति ने वातावरण को भक्तिरस से सराबोर कर दिया। प्रतिष्ठाचार्य डॉ. अभिषेक जैन ने बताया कि वेदी पर विराजित सभी प्रतिमाएं ऐतिहासिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इनमें सबसे प्राचीन प्रतिमा लगभग 873 वर्ष पुरानी है जबकि अन्य प्रतिमाएं भी करीब 250 वर्षों से अधिक की ऐतिहासिक और धार्मिक स्मृतियों से भरी हैं। श्री शांतिनाथ भगवान की एक नवीन प्रतिमा भी वेदी पर प्रतिष्ठित की गई जिसका पुण्य लाभ पटना के ईशान जैन और अर्चना जैन को प्राप्त हुआ।

# एचपीवी-कैंसर पब्लिक अवेयरनेस कैंपेन की शुरुआत



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** सीरम इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया द्वारा पूरे देश में चलाए जाने वाले पब्लिक हेल्थ इनिशिएटिव के सिलसिले में पटना में 'कॉनकर एचपीवी एंड कैंसर कॉन्क्लेव 2025' का आयोजन किया गया। भारत एचपीवी से जुड़ी बीमारियों की चुनौती का लगातार सामना कर रहा है और इनमें भी सर्वाइकल कैंसर खास तौर पर हमारी चिंता की वजह है। एचपीवी देश में महिलाओं में होने वाली कैंसर की दूसरी सबसे बड़ी वजह है। आईसीओ/आईएआरसी इंफॉर्मेशन सेंटर ऑन एचपीवी एंड कैंसर (2023) के मुताबिक हर साल भारत में 1.23 लाख सर्वाइकल कैंसर के मामले सामने आते हैं और इनमें 77,000 मौतें होती हैं। इसके अलावा गुदा के कैंसर के 90 प्रतिशत और लिंग के कैंसर के 63 प्रतिशत मामले एचपीवी से ही जुड़े होते हैं।

नवबिहार टाइम्स
बोकारो, शनिवार 14 जून 2025

## संपादकीय

# खुल गई संभावनाएं, पूरे साल कारोबार का मिलेगा मौका

सड़कें और रेल पटरियां किसी भी देश की विकास रेखा मानी जाती हैं। यही आधारभूत ढांचे का सबसे मजबूत पक्ष होती हैं। इसलिए हर देश द्रुतगामी मार्गों और रेल पटरियों के विकास तथा विस्तार पर विशेष ध्यान देता है। जम्मू-कश्मीर की चिनाब नदी पर बने मेहराबदार पुल को इसी अर्थ में देखा जा सकता है। जम्मू-कश्मीर अभी तक देश के रेल संजाल से कटा हुआ था। इस पुल के चालू हो जाने के बाद वह भी देश की मुख्यधारा रेल यातायात से जुड़ गया है। यह दुनिया का सबसे ऊंचा पुल है, एफिल टावर से भी ऊंचा। इसे बनाना निस्संदेह बड़ी चुनौती थी।जिस इलाके में इसे बनाया गया है, वह भूकम्प की दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील है। यहां हर समय भूकम्प का खतरा बना रहता है। फिर, ऊंचाई अधिक होने के कारण इस पर पड़ने वाले वायुदाब और मौसम के प्रकोप से बचाव के उपाय करना भी कठिन था। मगर काबिल अभियंताओं ने इन तमाम चुनौतियों को स्वीकार किया और एक मिसाल के रूप में इसे खड़ा कर दिया। इसे बनाने में लंबा समय लग गया। इस दौरान कई तरह की अड़चनों का भी सामना करना पड़ा। मगर अब इसके बन कर तैयार हो जाने से अनेक कठिनाइयां दूर हो जाने की उम्मीद जगी है। हालांकि कश्मीर और लद्दाख सड़क मार्ग से अच्छी तरह जुड़े हैं। इन क्षेत्रों में नई सुरंगें बन जाने से सड़कों पर वाहनों की गति भी बढ़ गई है, मगर पहाड़ी क्षेत्रों में सड़कों के जरिए आवागमन उस तरह कभी आसान और सुविधाजनक नहीं रहता, जिस तरह रेल पटरियों से होता है। रेल मार्ग के जरिए न केवल मुसाफिरों की आवाजाही सुगम हो जाती है, बल्कि माल ढुलाई में बहुत आसानी होती है। रेल मार्गों का विकास औद्योगिक उन्नति के लिहाज से बहुत जरूरी माना जाता है। इस अर्थ में चिनाब पुल के खुल जाने से कश्मीर में औद्योगिक विकास और रोजी-रोजगार के नए अवसर पैदा होने की संभावनाएं खुल गई हैं। वहां के हस्तशिल्प और कृषि उत्पाद अब आसानी से देश के बाजारों तक पहुंच सकेंगे। जो कश्मीरी युवा और बहुत सारे स्थानीय लोग आमतौर पर पर्यटन पर निर्भर थे और वर्ष के कुछ महीनों में ही कारोबार कर पाते थे, उन्हें अब पूरे साल कारोबार का अवसर मिल सकेगा। स्वाभाविक ही, इस तरह वहां बेरोजगारी कम होगी और जो युवा आतंकी संगठनों के बरगलाने से गुमराह हो जाया करते थे, उन्हें तरक्की का रास्ता नजर आएगा। चिनाब पुल शुरू हो जाने के बाद इस पर तेज रफ्तार गाड़ियों की आवाजाही बढ़ेगी, तो वहां सैलानियों का पहुंचना भी तेज होगा। पाकिस्तान की कोशिश रही है कि कश्मीर को किसी तरह भारत के दूसरे हिस्सों से अलग-थलग रखा जाए। इस तरह चिनाब पुल एक तरह से उसकी कोशिशों पर पानी फेरने में मददगार होगा। दूसरी बात कि यह पुल बन जाने से कश्मीर घाटी और लद्दाख तक सैन्य साजो-सामान और सैनिकों की पहुंच तेज हो जाएगी।

**भारत का सदाबहार दोस्त रूस मन ही मन गदगद है, क्योंकि अमेरिका और नाटो देशों के खिलाफ जो चक्रब्यूह 15 देशों का समूह सोवियत संघ या उसका बचा हुआ सर्वाधिक शक्तिशाली धड़ा रूस आज तक नहीं रच पाया, उसे भारत ने महाभारत कालीन चक्रब्यूह विधा की तर्ज पर ऐसा रचा की, उसमें फंसकर अमेरिका और यूरोपीय संघ दोनों चिग्घाड़ मार मार कर बचाओ बचाओ की आवाज लगा रहे हैं। इधर, भारत के लिए परेशानियों का सबब बनते जा रहे चीन के खिलाफ भी भारत ने ऐसा चक्रब्युह रचा है कि देर सबेर उसमें उलझकर वह बर्बाद हो जाएगा। इसके लिए भारत ताइवान, तिब्बत और उन मध्य एशियाई देशों जो सोवियत संघ से जुड़े थे, के साथ समझदारी भरे आतंकवाद विरोधी रिश्ते प्रगाढ़ कर रहा है।**

# आखिर अमेरिका, चीन और रूस के 'साम्राज्यवादी लव ट्रेंगल' को क्यों खटकता है भारत?

**(कमलेश पांडे)**

अरब और यूरोप में अपनी स्थिति मजबूत बनाने के लिए भारत ने रूस का सहयोग लिया और इस विशाल भूभाग पर अमेरिका और चीन दोनों को कूटनीतिक पटखनी देने का जो निश्चय किया है, उससे देर-सबेर दिल्ली-मास्को एक्सप्रेस वे की आधारशिला तैयार हो जाएगी।

अंतरराष्ट्रीय कूटनीति की शतरंजी बिसात पर भारत ने अमेरिका को जो पटखनी दर पटखनी दी है, उसकी खुन्नस अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के चेहरे पर साफ महसूस की जा सकती है। वहीं, भारत के सम्बन्ध में उनकी बदलती नीतियों से अब यह स्पष्ट परिलक्षित हो रहा है कि रूस और भारत के संयुक्त चक्रब्यूह में निरंतर फंसते जा रहे अमेरिका के पास अब चीन के समक्ष घुटने टेकने के अलावा और कोई चारा भी नहीं बचा है।


लेकिन आप यह जानकर और भी हैरत में पड़ जाएंगे कि इसके बाद भी अमेरिका की दुश्वारियां कम नहीं होने वाली हैं। ऐसा इसलिए की तेजी से वैश्विक महाशक्ति बनते जा रहे भारत ने अंतरराष्ट्रीय दुनियादारी में अमेरिका, चीन और रूस तथा इनके शागिर्द देशों/गठबंधन भागीदारों को साधते हुए खुद को आगे बढ़ाने का जो निश्चय किया है, उससे अमेरिका और चीन के होश फाख्ता हो चुके हैं।

वहीं, भारत का सदाबहार दोस्त रूस मन ही मन गदगद है, क्योंकि अमेरिका और नाटो देशों के खिलाफ जो चक्रब्यूह 15 देशों का समूह सोवियत संघ या उसका बचा हुआ सर्वाधिक शक्तिशाली धड़ा रूस आज तक नहीं रच पाया, उसे भारत ने महाभारत कालीन चक्रब्यूह विधा की तर्ज पर ऐसा रचा की, उसमें फंसकर अमेरिका और यूरोपीय संघ दोनों चिग्घाड़ मार मार कर बचाओ बचाओ की आवाज लगा रहे हैं।

इधर, भारत के लिए परेशानियों का सबब बनते जा रहे चीन के खिलाफ भी भारत ने ऐसा चक्रब्युह रचा है कि देर सबेर उसमें उलझकर वह बर्बाद हो जाएगा। इसके लिए भारत ताइवान, तिब्बत और उन मध्य एशियाई देशों जो सोवियत संघ से जुड़े थे, के साथ समझदारी भरे आतंकवाद विरोधी रिश्ते प्रगाढ़ कर रहा है।

उधर, अरब और यूरोप में अपनी स्थिति मजबूत बनाने के लिए भारत ने रूस का सहयोग लिया और इस विशाल भूभाग पर अमेरिका और चीन दोनों को कूटनीतिक पटखनी देने का जो निश्चय किया है, उससे देर-सबेर दिल्ली-मास्को एक्सप्रेस वे की आधारशिला तैयार हो जाएगी।

इधर, अफ्रीका और दक्षिण अमेरिका में भी भारत अपनी स्थिति निरंतर मजबूत बना रहा है। अमेरिका के पड़ोसी देश कनाडा को भी वह देर सबेर काबू में कर लेगा, क्योंकि वहां पर पंजाबी लॉबी काफी मजबूत है।



ऐसे में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका, चीन और रूस के बीच पूरी दुनिया को साम्राज्यवादी लिहाज से बांटने की जो डील करने वाले हैं, उसकी तैयारी में भारत सबसे बड़ा बाधक बन रहा है। जबकि कारोबारी से राष्ट्रपति बने ट्रंप ने अपनी योजनात्मक किताब में तीनों महाशक्तियों के बीच 3 ही पावर सेंटर्स होने की बात कही है और इसमें भारत के लिए कोई जगह नहीं है।

इस क्रम में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप शायद यह भूल रहे हैं कि जिस ग्रेट ब्रिटेन से उन्होंने दुनिया की बादशाहत मिलकर छीनी है, अब वही यूरोपीय संघ की आड़ में अपना पुराना हिसाब किताब अमेरिका से चुकता करेगा। उसके इस मिशन में फ्रांस और इटली भी उसका साथ देंगे।

इधर, प्रथम विश्व युद्ध और द्वितीय विश्व युद्ध का मुख्य खलनायक रहा जर्मनी एक बार फिर रूस के खिलाफ मुखर होकर तीसरा विश्व युद्ध करवाने पर आमादा है। वहीं रूस के सहयोगी चीन, उत्तर कोरिया, ईरान जैसे देश आपसी समझदारी से जो कुछ कर रहे है, उससे अरब का संघर्षभूमि बनना स्वाभाविक है। इसके बाद अमेरिका के सहयोगी जापान, ऑस्ट्रेलिया, इजरायल, सऊदी अरब की भी परेशानी बढ़ेगी।

देखा जाए तो साम्राज्यवादी नजरिए से अमेरिका-चीन-रूस, रूस-चीन-अमेरिका, चीन-रूस-अमेरिका के अलावा समय समय पर रूस-चीन-भारत, अमेरिका-चीन-भारत, अमेरिका-रूस-भारत आदि के जो साम्राज्यवादी चक्रब्यूह तैयार किये गए, उसमें से किसी में भारत नहीं फंसा। क्योंकि कुल मिलाकर भारत ही एक मात्र ऐसा देश है जो गुटनिरपेक्ष है। उसका दोस्त रूस भी उसकी गुटनिरपेक्षता में मददगार साबित हुआ है। ऐसे में चाहे अमेरिका-यूरोप गठबंधन हो या रूसी यूरेशिया-चीन-अरब गठबंधन, इनके बीच महायुद्ध होना स्वाभाविक है। ऐसे में गुटनिरपेक्ष भारत का महत्व बढ़ेगा।

वहीं भारत ने रणनीतिक लिहाज से रूस-यूक्रेन युद्ध और अमेरिका संरक्षित इजरायल-फिलिस्तीन युद्ध से दूरी बनाकर रखी है। वह चीन-ताइवान युद्ध शुरू होने का इंतजार कर रहा है। इसी बीच अमेरिका-चीन ने भारत को पाकिस्तान से भिड़ाने की जो साजिश रची, उसको भी भारत ने अपने पक्ष में मोड़ लिया। इससे अमेरिका-चीन की जहां कलई खुली, वहीं रूस के साथ हमारे रिश्ते और प्रगाढ़ हुए।

भारत और इजरायल की समझदारी भी किसी से छिपी हुई नहीं है। यदि ग्रेटर इजरायल और ग्रेटर इंडिया का स्वप्न साकार हुआ तो दोनों मजबूत पड़ोसी बन जाएंगे। उधर ग्रेटर रूस बनने से वह भी हमारा पड़ोसी बन जाएगा। इससे अमेरिका व चीन के लिए यूरोप और एशिया में कोई जगह नहीं बचेगी, जबकि रूस का एक छत्र राज बढ़ेगा।

यही वजह है कि डोनाल्ड ट्रंप बौखलाए हुए हैं। जिस तरह से उन्होंने अपने सहयोगियों के साथ दगाबाजी की है, उसी तरह से उनके सहयोगी भी अब उनसे दगाबाजी कर रहे हैं। यही वजह है कि ट्रंफ ने अपने सहयोगियों की आलोचना की है और दुनिया भर से अमेरिकी सैनिकों को वापस बुलाने की बात की है।

स्वाभाविक है कि इससे रूस और चीन को फायदा होगा, जो यूरोप और एशिया में अमेरिकी सुरक्षा के खिलाफ ही सालों से काम करते आए हैं। यही वजह है ट्रंप की परिवर्तित नीतियों से सबसे ज्यादा डर अमेरिका के सहयोगियों में है।

बता दें कि कारोबारी से राष्ट्रपति बने डोनाल्ड ट्रंप के लिए सबसे प्यारा शब्द डील है। खासकर यदि बात चीन, रूस और भारत की हो तो अमेरिकी राष्ट्रपति और ज्यादा खुलकर सामने आ जाते हैं। दरअसल चीन, रूस और भारत से डील कर ट्रंप अपने अमेरिका में एक बड़ा संदेश देना चाहते हैं। वह यह कि वो उन नेताओं से डील कर सकते हैं, जिन्हें निगोसिएशन के टेबल पर लाना सबसे मुश्किल काम है।

बता दें कि एक अमेरिकी अखबार में छपी एक रिपोर्ट के मुताबिक, डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि वे रूस के साथ व्यापार को सामान्य करना चाहते हैं। इससे ऐसा लग रहा है कि वे यूक्रेन के साथ युद्ध को सुलझाने के लिए मॉस्को पर दबाव कम करने का ऑफर दे रहे हैं। इसके साथ ही, वे चीन के नेता से फोन करने का आग्रह करके अपने वैश्विक व्यापार पर पड़ रहे छाया युद्ध के प्रभाव को कम करने की कोशिश कर रहे हैं।

वहीं, एक अन्य अमेरिकी मैग्जीन को दिए एक साक्षात्कार में ट्रंप ने दो टूक कहा है कि हम सभी डील करना चाहते हैं। क्योंकि मैं यानी अमेरिका एक विशाल स्टोर है। यह एक सुंदर स्टोर है जहां हर कोई यानी प्रत्येक देश खरीदारी करना चाहता है।

ऐसे में अमेरिकी अखबार का कहना है कि ट्रंप के दिमाग में रूस, चीन और भारत को लेकर कुछ और भी बड़ा हो सकता है। तब यह एक बहुत बड़ी डील होगी। लेकिन कुछ विदेश नीति विश्लेषकों का कहना है कि उनके कार्यों और बयानों से पता चलता है कि वे एक ऐसी दुनिया की कल्पना कर रहे हैं, जिसमें सिर्फ तीन ही बड़ी ताकतें हैं- संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन और रूस। इन्हें मिलकर भारत का शोषण करना चाहिए। अमेरिका उन्हें रास्ता दिखाएगा और उनके घाटे को लाभ में बदल देगा।

कहने का तातपर्य यह कि ट्रंप ने पूरी पृथ्वी का तीन हिस्सों में बंटवारा कर दिया है, जिसमें पावर सेंटर्स अमेरिका, चीन और रूस हैं। इसमें तेजी से उभरते भारत के लिए उन्होंने कोई जगह नहीं छोड़ी है, जो रूस और चीन के खिलाफ

भारत को भड़काने की उनकी नई साजिश हो सकती है। क्योंकि अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया और भारत के क्वाड का कबाड़ा तो उन्होंने खुद पुनः पाकिस्तान का साथ देकर निकाल दिया है।

कूटनीतिज्ञ बताते हैं कि यह सबकुछ 19वीं सदी की साम्राज्यवादी शासन शैली की तरह ही होगा। क्योंकि ट्रंप ने डेनमार्क से ग्रीनलैंड छीनने और कनाडा को अमेरिका में मिलाने की बात कही है। वो पनामा नहर को फिर से अमेरिकी कंट्रोल में लाने की भी अपनी योजना की घोषणा वो कर चुके हैं। इस प्रकार से उनकी यह सोच 19वीं सदी की साम्राज्यवादी रणनीतियों की तरह है, जब यूरोपीय ताकतों ने अफ्रीका और एशिया को 'स्पीयर ऑफ इन्फ्लुएंस' के तहत बांट लिया था।

# आतंकवाद और पाकिस्तान-चीन से दो टूक बात करने का समय आ गया

**(संतोष कुमार पाठक)**

पाकिस्तान, अमेरिका और आतंकवाद इन तीनों के आपसी संबंधों की कहानी किसी से छिपी नहीं है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने हाल ही में स्काई न्यूज के साथ एक इंटरव्यू के दौरान बस अमेरिका की भूमिका पर फिर से मुहर लगाने का काम कर दिया था।

भारत और चीन के रिश्तों के लिहाज से यह सप्ताह बहुत ही ज्यादा महत्वपूर्ण होने जा रहा है। लेकिन उससे पहले जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले और उसके बाद भारत की बहादुर सेना द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के बारे में भी बात करना जरूरी है। भारत के सर्वदलीय सांसदों के प्रतिनिधिमंडल में शामिल 59 नेताओं और पूर्व राजनयिकों ने 33 देशों की यात्रा से वापस लौटने के बाद मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की।

भारत के इस प्रतिनिधिमंडल ने दुनिया भर में पाकिस्तान को बेनकाब करने की कोशिश की। इस बात में कोई दो राय नहीं है कि पाकिस्तान और आतंकवाद, एक दूसरे के पर्यायवाची बन चुके हैं। हाल के दिनों में पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ से लेकर पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी सहित कई नेता यह स्वीकार कर चुके हैं कि पाकिस्तान आतंकवाद को पनाह देता रहा है। अमेरिका की यात्रा पर गए बिलावल भुट्टो जरदारी का एक और बयान काफी चर्चा में है जिसमें आतंकवाद का ठीकरा उन्होंने अमेरिका पर ही फोड़ दिया है।

पाकिस्तान, अमेरिका और आतंकवाद इन तीनों के आपसी संबंधों की कहानी किसी से छिपी नहीं है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने हाल ही में स्काई न्यूज के साथ एक इंटरव्यू के दौरान बस अमेरिका की भूमिका पर फिर से मुहर लगाने का काम कर दिया था। ख्वाजा आसिफ के शब्दों पर गौर कीजिएगा। उन्होंने कहा था कि, हम करीब तीन दशक से अमेरिका और ब्रिटेन समेत पश्चिमी देशों के लिए यह गंदा काम (आतंकवाद का समर्थन) कर रहे हैं। यह एक गलती थी और हमें इसकी कीमत चुकानी पड़ी, इसीलिए आप मुझसे यह कह रही हैं। अगर हम सोवियत संघ के खिलाफ युद्ध में और 9/11 के बाद की जंग में शामिल नहीं होते, तो पाकिस्तान का ट्रैक रिकॉर्ड बेदाग होता।

जहां तक अमेरिका की बात है, वहां के नए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के रवैए से उसकी पोल लगातार खुल रही है। पाकिस्तान पर एक के बाद एक अमेरिका जिस तरह की मेहरबानी कर रहा है,वह भी पूरी दुनिया देख रही है। लॉस एंजिल्स में जो कुछ हुआ उसके बाद अमेरिकी जनता को भी अहसास होने लगा है कि उन्होंने कितनी बड़ी गलती कर दी है।

भारत अमेरिकी संबंधों में मचे घमासान के बीच अब हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता अपने सीमाओं की सुरक्षा और पड़ोसी देशों से बेहतर तालमेल स्थापित करना होना चाहिए। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए अब पड़ोसी चीन से दो टूक भाषा में बात करने का समय आ गया है। चीन पाकिस्तान को हर तरह की ना केवल मदद मुहैया करा रहा है बल्कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य देश होने के नाते आतंकवादी संगठनों, आतंकवादियों और पाकिस्तान के लिए ढाल का काम भी कर रहा है। चीन पाकिस्तान के बाद श्रीलंका, म्यामांर , बांग्लादेश और नेपाल के सहारे भी भारत की घेरेबंदी कर रहा है। आखिर भारत इसे कब तक बर्दाश्त कर सकता है ?

बताया जा रहा है कि, चीन के उप विदेश मंत्री सुन वेईडोंग इस सप्ताह भारत की यात्रा पर आ सकते हैं। इस साल दोनों देशों के बीच यह दूसरी उच्चस्तरीय यात्रा होगी। इससे पहले, भारत के विदेश सचिव विक्रम मिसरी जनवरी में चीन की यात्रा पर गए थे। वहां सुन और मिसरी ने आपसी रिश्तों को सामान्य करने के लिए कई मुद्दों पर सहमति जताई थी। लेकिन पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद जिस तरह से चीन ने खुलकर पाकिस्तान का साथ दिया। उसके बाद से अब माहौल काफी बदल गया है।

भारतीय बाजार के बल पर अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने वाले चीन से अब यह तो पूछा ही जाना चाहिए कि वह पाकिस्तान के रास्ते पर क्यों चलना चाहता है? पाकिस्तान तो आतंकवाद को पालते-पालते एक असफल देश बन चुका है लेकिन चीन जैसे बड़े देश की आखिर क्या मजबूरी है कि उसे आतंकवादियों का साथ देना पड़ रहा है। भारत और चीन के बीच आपस में विवाद है, यह एक कड़वी सच्चाई है लेकिन दुनिया के दो प्रभावशाली और बड़े देश होने के नाते इसे सुलझाने के कई तरीके हो सकते हैं। बातचीत से अगर ये मामले सुलझ जाए तो इससे बेहतर कुछ और नहीं हो सकता लेकिन क्या चीन की सेना इतनी कमजोर हो चुकी है कि अब उसे भी भारत को परेशान करने के लिए पाकिस्तान जैसे नाकाम देश और आतंकवादियों का सहारा लेने की जरूरत पड़ रही है ?

वक्त आ गया है कि भारत को अब दो टूक शब्दों में चीन से इन सवालों का जवाब मांगना ही चाहिए क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं ही यह कह चुके हैं कि आतंकवाद और व्यापार एक साथ नहीं चल सकते। आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस की यह नीति सिर्फ पाकिस्तान के साथ ही नहीं अपनानी चाहिए बल्कि हर उस देश के साथ अपनानी चाहिए जो किसी भी सूरत में आतंकवादियों का बचाव करता है। भारत को यह कठोर संदेश भारत यात्रा पर आने वाले चीन के उप विदेश मंत्री सुन वेईडोंग के जरिए चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग तक भेजना ही चाहिए। लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं। (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# कभी हवा में टक्कर तो कभी समुंद्र में गिरा प्लेन, देश में हुए यह बड़े विमान हादसे

**(अभिनय आकाश)**

242 लोगों को लेकर लंदन जा रहा एयर इंडिया का विमान गुरुवार को अहमदाबाद एयरपोर्ट के पास उड़ान भरते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान पहले बीजे मेडिकल कॉलेज की मेस बिल्डिंग से टकराया और फिर अतुल्यम हॉस्टल से टकराया। हॉस्टल में सीनियर रेजिडेंट डॉक्टर रहते थे। अहमदाबाद में हुए घातक विमान हादसे के बाद बचाव कार्य में नागरिक प्रशासन की सहायता के लिए भारतीय सेना के लगभग 130 कर्मियों को तैनात किया गया है। सेना ने एक बयान में कहा कि एक सैन्य अस्पताल को भी स्टैंडबाय पर रखा गया है। अहमदाबाद पुलिस कमिश्नर जीएस मलिक ने विमान हादसे पर चिंता जताते हुए कहा कि दुर्घटना की भयावहता को देखते हुए किसी के बचने की संभावना बेहद कम लग रही थी, सिर्फ एक यात्री बचा है। उन्होंने कहा कि घायलों के इलाज के लिए अस्पताल लाया गया था, लेकिन उनकी हालत अत्यंत गंभीर थी और उन्हें बचा पाना कठिन साबित हो रहा था।

एआई 171 की दुखद दुर्घटना के बाद डीजीसीए रिपोर्ट से सबसे महत्वपूर्ण खुलासे में से एक ये है कि पायलटों ने उड़ान भरने के तुरंत बाद 'मेडे' कॉल जारी किया था। आपको बता दें कि अहमदाबाद हवाई अड्डे के पास मेघाणी नगर इलाके में बृहस्पतिवार दोपहर एअर इंडिया का लंदन जा रहा विमान उड़ान भरने के कुछ ही क्षण बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान में चालक दल के 10 सदस्यों सहित 242 लोग सवार थे। एयर इंडिया का बयान सामने आया है। इसमें कहा गया है कि 169 भारतीय नागरिक, 53 ब्रिटिश नागरिक, 1 कनाडाई नागरिक और 7 पुर्तगाली नागरिक विमान में सवार थे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि अहमदाबाद में हुए दुखद विमान हादसे के बारे में जानकर मैं बहुत व्यथित हूँ। यह एक हृदय विदारक आपदा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अहमदाबाद में हुई विमान दुर्घटना को हृदय विदारक बताया और कहा कि इससे हम स्तब्ध और दुखी हैं। उन्होंने कहा कि वह प्रभावित लोगों की सहायता के लिए काम कर रहे मंत्रियों और अन्य अधिकारियों के संपर्क में हैं।

भारत में हुई कुछ सबसे बड़ी हवाई दुर्घटनाओं पर डालें नजर

**1. एयर इंडिया एक्सप्रेस फ्लाइट 1344 (2020)**



एयर इंडिया एक्सप्रेस फ्लाइट 1344 7 अगस्त, 2020 को भारी बारिश के बीच कोझिकोड अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरने का प्रयास करते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गई। महामारी के कारण विदेशों में फंसे भारतीयों को वापस लाने के लिए वंदे भारत मिशन के तहत संचालित दुर्भाग्यपूर्ण बोइंग 737, टेबल-टॉप रनवे से फिसल गया, 110 फीट की खाई में गिर गया, और टक्कर लगने पर कई टुकड़ों में टूट गया। फ्लाइट में 190 यात्री और चालक दल के सदस्य सवार थे। दुर्घटना में 21 लोगों की जान चली गई, जिसमें दोनों पायलट भी शामिल थे। 75 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे।

**2. एयर इंडिया एक्सप्रेस फ्लाइट 812 (2010)**

एयर इंडिया एक्सप्रेस फ्लाइट 812, दुबई से मैंगलोर के लिए उड़ान भरने वाला बोइंग 737-800, 22 मई, 2010 को मैंगलोर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरने का प्रयास करते समय एक दुखद दुर्घटना का शिकार हो गया। प्रथम अधिकारी द्वारा बार-बार गो-अराउंड के लिए कहे जाने के बावजूद, विमान अस्थिर दृष्टिकोण के कारण टेबल-टॉप रनवे से आगे निकल गया। परिणामस्वरूप, विमान रनवे के किनारे से फिसल गया, एक खड़ी ढलान से नीचे गिर गया, और आग की लपटों में घिर गया। विमान में सवार 166 लोगों में से 158 ने भारत की सबसे घातक विमानन दुर्घटनाओं में से एक में अपनी जान गंवा दी।

**3. एलायंस एयर फ्लाइट 7412 (2000)**

एलायंस एयर फ्लाइट 7412, बोइंग 737-28, 17 जुलाई, 2000 को पटना एयरपोर्ट के अंतिम दृष्टिकोण पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान घनी आबादी वाले आवासीय क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसके परिणामस्वरूप 60 लोगों की मौत हो गई, जिनमें से पाँच ज़मीन पर थे। जांच से पता चला कि दुर्घटना पायलट की गलती का नतीजा थी। विवरण के अनुसार, फ्लाइट क्रू ने उड़ान के एक महत्वपूर्ण चरण के दौरान इंजन को निष्क्रिय रखकर मानक संचालन प्रक्रियाओं से विचलन किया और सही स्टॉल रिकवरी प्रक्रिया का प्रदर्शन करने के बजाय स्टॉल चेतावनी मिलने के बाद गो-अराउंड का प्रयास किया।

**4. चरखी दादरी दुर्घटना (1996)**

12 नवंबर, 1996 को चरखी दादरी में हवाई टक्कर भारत में सबसे घातक विमानन दुर्घटनाओं में से एक है। इसमें 349 लोगों की जान चली गई थी, जब दो विमान - सऊदी अरब एयरलाइंस की फ्लाइट 763, दिल्ली से उड़ान भरने वाला बोइंग 747 और कजाकिस्तान एयरलाइंस की फ्लाइट 1907, दिल्ली पहुंचने वाला इल्यूशिन आईएल-76 - दिल्ली से लगभग 100 किलोमीटर पश्चिम में चरखी दादरी गांव के ऊपर आसमान में एक-दूसरे से टकरा गए थे। उस समय दोनों विमान दिल्ली एयर ट्रैफिक कंट्रोल के अधीन थे। जानकारी के अनुसार, गलत संचार के कारण एक विमान अपनी निर्धारित ऊंचाई से नीचे उतर गया, जिससे घातक टक्कर हुई।

**5. इंडियन एयरलाइंस फ्लाइट 605 (1990)**

14 फरवरी, 1990 को इंडियन एयरलाइंस फ्लाइट 605, एक एयरबस 320, बैंगलोर में उतरने की कोशिश करते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिसके परिणामस्वरूप विमान में सवार 146 लोगों में से 92 की मौत हो गई। सही मोड चुनने में पायलट की गलती और ऊंचाई अलर्ट पर देरी से प्रतिक्रिया के कारण विमान ओपन डिसेंट मोड में इंजन के साथ नीचे उतरा। आग लगने से पहले विमान एक गोल्फ कोर्स और एक तटबंध से टकराया। जांचकर्ताओं को कोई यांत्रिक समस्या नहीं मिली और निष्कर्ष निकाला कि दुर्घटना चालक दल की गलती और खराब स्थितिजन्य जागरूकता के कारण हुई थी।

# तकनीकी गतिविधियां आधुनिक पुलिसिंग के लिए अत्यंत आवश्यक : डीआईजी

**क्षेत्रीय पुलिस ड्यूटी मीट में प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित ● डीआईजी वह पुलिस अधीक्षक ने किया पुरस्कृत**




**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पलामू में 11 से 13 जून तक आयोजित तीन दिवसीय क्षेत्रीय पुलिस ड्यूटी मीट सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ पलामू प्रक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक नौशाद आलम व पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया। तीन दिवसीय ड्यूटी मीट में पलामू, लातेहार व गढ़वा जिलों के चयनित पुलिसकर्मियों को फॉरेंसिक, क्राइम इन्वेस्टिगेशन, साइबर विश्लेषण, फिंगरप्रिंट, फोटोग्राफी, डॉग स्क्वॉड आदि विषयों पर केस आधारित प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही प्रतियोगिताओं में प्रतिभागी बनने का अवसर मिला। समापन समारोह में दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने सभी विजेताओं को प्रमाण पत्र, ट्रॉफी व प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किया।

इस अवसर पर डीआईजी नौशाद आलम ने कहा कि इस तरह की तकनीकी गतिविधियां आधुनिक पुलिसिंग के लिए अत्यंत आवश्यक है। इससे न केवल कौशल विकसित होता है बल्कि टीम भावना व पेशेवर दक्षता में भी वृद्धि होती है। चयनित प्रतिभागी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेकर अपने ज़िले व रेंज का गौरव बढ़ाएंगे। पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन ने कहा कि प्रतियोगिता के माध्यम से पुलिसकर्मियों को अपने ज्ञान, तकनीकी, क्षमता व विश्लेषणात्मक दृष्टिकोण को प्रदर्शित करने का अवसर मिला। इस तरह के आयोजन पुलिस व्यवस्था को जमीनी स्तर पर मजबूती देने में सहायक सिद्ध होते हैं। मौके पर दोनों अधिकारियों ने सभी विशेषज्ञों, आयोजकों व प्रतिभागियों को उनके योगदान व समर्पण के लिए हृदय से आभार प्रकट किया। प्रतियोगिता में प्रमुख विजेता को डीआईजी व पुलिस अधीक्षक ने किया। इंडिविजुअल ओवर आल चैंपियन में प्रथम स्थान लातेहार के एसआई मो. यासीन अंसारी, द्वितीय स्थान पलामू के रनरअप इंस्पेक्टर ज्योति लाल रजवार को पुरस्कृत किया गया। रिटन टेस्ट फॉरेंसिक साइंस में प्रथम स्थान सी मोहम्मद यकीन अंसारी, द्वितीय स्थान गढ़वा के आशीष कुमार जयसवाल,तृतीय स्थान लातेहार के एसआई भागीरथ पासवान को सम्मानित किया गया। मेडिको लीगल ओरल टेस्ट में प्रथम स्थान लातेहार के इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार सिन्हा, द्वितीय स्थान गढ़वा के एसआई मुकेश यादव, तृतीय स्थान लातेहार के एसआई मोहम्मद यकीन अंसारी, लिफ्टिंग पैकेजिंग अबाउट फॉरवर्डिंग का एक्जीबिट में प्रथम स्थान लातेहार के एसआई भागीरथ पासवान, द्वितीय स्थान लातेहार के सी मोहम्मद यकीन अंसारी, तृतीय स्थान एसआई संतोष कुमार 1, क्राइम इन्वेस्टीगेशन लॉस रूल्स एंड प्रोसीजर्स मैं प्रथम स्थान पलामू के एसआई संतोष कुमार, द्वितीय स्थान पलामू के इंस्पेक्टर ज्योति लाल रजवार, तृतीय स्थान संयुक्त रूप से लातेहार के एसआई व विकास कुमार व एसआई गढ़वा के मुकेश यादव को पुरस्कृत किया गया। फिंगरप्रिंट प्रैक्टिकल एंड ओरल में प्रथम स्थान पलामू के एसआई संतोष कुमार वन, द्वितीय स्थान लातेहार के सी मोहम्मद यकीन अंसारी, तृतीय स्थान संयुक्त रूप से इंस्पेक्टर ज्योति लाल रजवार एवं इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार सिन्हा को पुरस्कृत किया गया। फोटोग्राफी में प्रथम पुरस्कार पलामू के इंस्पेक्टर ज्योति लाल रजवार, द्वितीय स्थान एसआई मोहम्मद याकिन अंसारी, तृतीय स्थान एसआई संतोष कुमार दास को पुरस्कृत किया गया।

ऑब्जरवेशन टेस्ट में प्रथम स्थान लातेहार के एएसआई अशोक कुमार डे, द्वितीय द्वितीय स्थान संयुक्त रूप से पलामू के उत्तम कुमार पासवान व लातेहार के हरि नारायण विश्वकर्मा को पुरस्कृत किया गया। तृतीय स्थान संयुक्त रूप से एएसआई गढ़वा के शैलेंद्र सिंह व लातेहार के अविनाश मिंज को पुरस्कृत किया गया। पुलिस पोर्ट्रेट में प्रथम स्थान पलामू के उत्तम कुमार यादव, द्वितीय स्थान असी लातेहार के अशोक कुमार डे, तृतीय पुरस्कार गढ़वा के एएसआई शैलेंद्र कुमार सिंह, कंप्यूटर अवेयरनेस में प्रथम स्थान पलामू के गोपाल कुमार शर्मा, द्वितीय स्थान लातेहार के प्रिय रंजन, तृतीय स्थान लातेहार के अभिजीत कुमार राज, डॉग स्क्वायड टेस्ट में ट्रैक्टर कैटेगरी मेंप्रथम स्थान जयंत कुमार, एक्सप्लोसिव डिक्टेशन में प्रथम स्थान राजेश कुमार पांडे, द्वितीय स्थान राणा कुमार सिंह को डीआईजी व पुलिस अधीक्षक ने बारी-बारी से पुरस्कृत किया।

## धनबाद स्टेशन पर चलाया गया मजिस्ट्रेट चेकिंग अभियान



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद मंडल में बड़े पैमाना पर टिकट चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है` इसी क्रम में सुनियोजित कार्यक्रम के तहत प्रातः 07:00 बजे से 11:30 बजे तक धनबाद रेलवे मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में धनबाद स्टेशन पर टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया।

इस जांच अभियान के परिणामस्वरूप 109 यात्रियों को पकड़ा गया जिसमें बिना टिकट यात्रा कर रहे यात्री, बिना उचित प्राधिकार के यात्रा करने वाले यात्री, बिना बुक किये गए सामान के साथ यात्रा कर रहे यात्रीगण शामिल थे। इस दौरान उनसे 31,920 रूपए जुमार्ने के रूप में राशि प्राप्त की गई तथा पकड़ें गए यात्रियों को उचित टिकट के साथ यात्रा करने की कड़ी हिदायत दी गई। टिकट चेकिंग अभियान अभी भी जरी है। टिकट चेकिंग अभियान के दौरान स्टेशनों के अनारक्षित टिकट काउंटरों पर यात्रियों की भीड़ देखी गयी`चेकिंग टीमों द्वारा स्टेशनों एवं विभिन्न मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों में भी चेकिंग किया गया। धनबाद मंडल द्वारा निरंतर टिकट जांच किया जा रहा है तथा भविष्य में भी यह जारी रहेगा।

धनबाद मंडल, पूर्व मध्य रेल यात्रियों को उचित टिकट के साथ प्लेटफार्म में प्रवेश करने की सलाह देता है तथा यात्रियों के पास जिस श्रेणी का टिकट है उसी श्रेणी में यात्रा करने का अनुरोध करता है।

## संक्षिप्त समाचार

### मधुमेह रोगियों के लिए वरदान साबित हो रहें हैं मधुमेह (चीनी) रोग विशेषज्ञ डॉ. संतोष कुमार

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कई बार विभिन्न अवॉर्ड्स से सम्माननित हो चूके है, डॉ. संतोष कुमार को पूर्व केंद्रीय मंत्री (भारत सरकार) श्री



रामकृपाल यादव जी द्वारा प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो दे कर सम्मानित दिया गया, इस मौक पर पूर्व मंत्री ने कहा कि हमारे समाज को डॉ संतोष कुमार जैसे चिकिसको को जरुरत है जो चिकित्सा के क्षेत्र में एक नया आयाम गढ़ रहे, इस महँगाई के दौर में जन सेवा ऑर उचित मूल्य पर इलाज ही इनकी पहचान है, बता दें कि डॉ. संतोष कुमार के इलाज के दौरान मरीजों को कोइ विशेष परहेज की आवश्यकता ही नहीं पड़ती। इनकी यही इलाज करने की विधि इनको जन जन के बीच मशहुर बनाती हैं, डॉ. संतोष कुमार कई वर्षो से पटना, मुजफ्फरपुर, मोतिहारी, गोपालगंज, फारबिसगंज (अररिया), पूर्णिया, भागालपुर, तथा उत्तरप्रदेश के कुशीनगर, तमकोई राज, गोरखपुर में अपनी मधुमेह के क्षेत्र मे व्यापक सेवा देते आ रहें हैं।

### मतदान प्रतिशत बढ़ाना प्राथमिकता : सचिव

**छपरा (सारण) नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारत निर्वाचन आयोग के सचिव संतोष कुमार व राजीव कुमार ने सोनपुर में स्वीप कार्यक्रम की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर आयोग पूरी तरह सतर्क है और इस बार मतदान प्रतिशत बढ़ाना प्राथमिकता में है। उन्होंने निर्देश दिया कि कम वोटिंग वाले मतदान केंद्रों की पहचान कर वहां विशेष अभियान चलाए जाएं। बीएलओ, जीविका दीदी, सेविका व स्वयंसेवकों की मदद से मतदाताओं को जागरूक किया जाए। स्वीप कोषांग की नोडल डीपीओ अनुपमा ने बताया कि विद्यालय खुलते ही कैंपस एंबेसडर नियुक्त किए जाएंगे और चुनावी पाठशाला चलाई जाएगी। सचिवों ने जहांगीरपुर के एक मतदान केंद्र का भी निरीक्षण किया और न्यूनतम सुविधाओं की समीक्षा की।

### थानाध्यक्ष मनीष कुमार को मिला 'चिरांद रत्न सम्मान'

**इसुआपुर (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** इसुआपुर थाना के अपर थानाध्यक्ष मनीष कुमार को उनके उल्लेखनीय कार्य के लिए 'चिरांद रत्न सम्मान' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें डोरीगंज थाने में कार्यरत रहने के दौरान बंगाली बाबा मठिया से चोरी गई अष्टधातु की मूर्तियों की बरामदगी व अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए दिया गया। चिरांद समारोह विकास परिषद एवं गंगा समग्र उत्तर बिहार द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में जिला सत्र न्यायाधीश नवनीत गर्ग द्वारा उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया। सम्मान पाकर मनीष कुमार ने कहा कि वे अपने कर्तव्य को पूरी ईमानदारी और लगन से निभाते हैं और हर केस में न्यायसंगत निष्पादन का प्रयास करते हैं।

### 14 जून को पारस एचएमआरआई में जुटेंगे बिहार के प्रमुख सर्जन

**पटना/ फुलवारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एसोसिएशन ऑफ सर्जन्स ऑफ इंडिया (एएसआई), बिहार चैप्टर और पारस एचएमआरआई हॉस्पिटल की ओर से 14 जून को नेशनल सर्जिकल वीक के अवसर पर एक विशेष आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन पारस एचएमआरआई हॉस्पिटल, पटना में शाम 3:30 बजे से होगा। पारस के सर्जरी विभाग के निदेशक डॉ. एए हई ने बताया कि इस कार्यक्रम में




बिहार के वरिष्ठ सर्जनों और चिकित्सकों को सम्मानित किया जाएगा। इसमें डॉ. गोपाल प्रसाद सिन्हा, डॉ. आरएन सिंह, डॉ. सत्यजीत कुमार सिंह, डॉ. विद्यापति चौधरी, डॉ. विजय प्रकाश, डॉ. मंजू गीता मिश्रा, डॉ. लखीन्द्र प्रसाद (सिविल सर्जन पटना), डॉ. जरीन रहमान, डॉ. शांति राय, डॉ. प्रमिला मोदी और डॉ. सहजानंद शामिल हैं।

## दानापुर में दिनदहाड़े युवक की गोली मारकर हत्या, हत्या से इलाके में दहशत का माहौल व्याप्त



**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राजधानी में अपराधियों का खूनी तांडव जारी है। एक फिर दानापुर थाना अंतर्गत के गोला रोड डीएवी स्कूल के पास बेखौफ अपराधियों ने दिनदहाड़े एक युवक को गोली मार कर हत्या कर दिया। हत्या से इलाके में दहशत का माहौल व्याप्त है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पूर्व में विवाद के कारण इस घटना को अंजाम दिया गया है। मृतक दियारा के बिशनपुर के रहने वाले संतोष राय का पुत्र श्रवण कुमार बताया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही दानापुर सहायक पुलिस अधीक्षक भानु प्रताप सिंह एवं दानापुर थाना की पुलिस मौके पर पहुंचे जांच में जुट गई है। घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुटी रही। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिजनों में रो-रो कर बुरा हाल है। दानापुर सहायक पुलिस अधीक्षक भानु प्रताप सिंह ने बताया कि दानापुर थानांतर्गत गोला रोड़ में युवक को गोली लगने से मौत की सूचना प्राप्त हुई है। पुलिस द्वारा मृतक युवक का पोस्टमार्टम कराने हेतु अस्पताल भेज दिया गया है। घटनास्थल का निरीक्षण ऋछ टीम के सहयोग से वैज्ञानिक तरीके से साक्ष्य संकलन करते हुए किया जा रहा है। पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु लगातार छापेमारी की जा रही है।

## दिशा की बैठक में मनरेगा के कार्यों में लक्ष्य के विरुद्ध 50 प्रतिशत से कम उपलब्धि पर सांसद हुए नाराज

**डीएमएफटी फंड की कमेटी गठित कर उच्च स्तरीय करें जांच : मंत्री किशोर**
**सांसद की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिला निगरानी समिति दिशा की बैठक**




**मेदिनीनगर (पलामू) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा की बैठक हुई। बैठक में विकासात्मक व कल्याणकारी योजनाओं व किए जा रहे विभिन्न कार्यों की समीक्षा की। जिला विकास समन्वय व निगरानी समिति दिशा की बैठक में सभी जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ- साथ पलामू जिला अन्तर्गत सभी विधानसभा क्षेत्रों के विधायक व स्थानीय जन-प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में दिए गए निदेर्शों के अनुपालन के साथ विभागवार विभिन्न योजनाओं व कार्यों के प्रगति की समीक्षा की गई। पंडवा, मोहम्मदगंज, पाटन व मेदिनीनगर में मनरेगा के कार्यों में लक्ष्य के विरुद्ध 50 प्रतिशत से कम उपलब्धि पर सांसद ने नाराजगी व्यक्त की। श्री राम ने कहा कि क्षमता से अधिक भार ले जा रहे वाहनों पर कार्रवाई करें ताकि सड़क क्षतिग्रस्त नहीं हो। प्रखंड व अंचल के कार्यालयों की अद्यतन स्थिति की जानकारी के लिए सांसद ने अगली बैठक से प्रखंड विकास पदाधिकारी व अंचलाधिकारी को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ाव सुनिश्चित करने की बात उप विकास आयुक्त से कही। सांसद आदर्श ग्राम योजना के तहत बने विभिन्न ग्रामों का वीडीपी लेकर वहां जाकर योजनाओं की स्थिति की जायजा लेकर लंबित कार्यों को अविलंब पूर्ण करने व अवश्यक कार्रवाई करने के लिए संबंधित पदाधिकारी को आदेश दिया। झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि डीएमएफटी की बैठक में जनप्रतिनिधियों की उपलब्धता सुनिश्चित करें। क्षेत्र में जब जनप्रतिनिधि उपलब्ध तभी बैठक की तिथि सुनिश्चित करें। वित्त मंत्री ने कहा कि संचालित हो रहे सभी क्रेशर प्लांट सरकार को जीएसटी दे रहें हैं कि नहीं इस पर बारीकी से नजर रखें। क्योंकि टैक्स चोरी करने से नुकसान सीधे तौर पर सरकार की होती है। विगत दो वर्षों के डीएमएफटी फंड किस मद में व कहां खर्च की गई इसके लिए एक उच्च स्तरीय जांच कमेटी की गठन करने की बात कही। उन्होंने कहा कि उक्त योजना की ऑडिट होनी चाहिए। इससे जनप्रतिनिधियों व पदाधिकारियों के बीच पारदर्शिता बनी रहे। इसके अलावे शिक्षा, कृषि, स्वास्थ्य, सिंचाई, विद्युत संबंधी विभिन्न योजनाओं व कार्यों की विस्तृत चर्चा की। मौके पर चतरा के सांसद कालीचरण सिंह, विधायक आलोक चौरसिया, विधायक शशिभूषण मेहता, नरेश प्रसाद सिंह, विधायक संजय सिंह यादव, उपायुक्त समीरा एस, पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन, उपविकास आयुक्त मो. शब्बीर अहमद सहित जिले के पदाधिकारी व अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## जातीय जनगणना के पूर्व सरना धर्म कोड लागू करने की मांग




**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** हम भारत देश के आदिवासी हैं। हमारे पूर्वजों ने स्वतन्त्रता के लिए अंग्रेजों के खिलाफ पहला विद्रोह किया। परन्तु आज अपने ही देश में हम आदिवासीयों की पहचान खतरे में आ गई है। भारत सरकार 2025-26 में जनगणना करने जा रही है। हम आदिवासी प्रकृति पूजक हैं। हम मूर्ति पूजक नहीं है। हमारा धर्म "सरना' है। परन्तु जनगणना के कॉलम में हम आदिवासियों के लिए कोई भी धर्म 'कोड' नहीं दिया गया है।

जनगणना में हर धर्म के लोग अपने जातीय कॉलम में अपना धर्म को अंकित करेंगे जिससे उनकी जाति की संख्या का पता चलेगा। परन्तु हम आदिवासी अपना जातीय धर्म 'कोड' नहीं रहने से किस कॉलम में जाति दर्ज करेंगे। हम आदिवासी इस जनगणना के बाद लिखित तौर पर देश से समाप्त हो जायेंगे। बहुत बड़ी विडम्बना है, हम आदिवासीयों ने देश की स्वतंत्रता संग्राम के साथ- साथ जल, जंगल, जमीन, नदी, पहाड़ों की सेवा / सुरक्षा की है। परन्तु आज हम आदिवासियों को ही एक साजिश के तहत देश से समाप्त करने की दिशा में सरकारें कार्य कर रही है। महामहिम ऐसे में आप ही पर हम आदिवासियों को उम्मीद बची है। आप हम आदिवासियों को बचाएं, वर्ना आदिवासी समाप्ति के कगार पर होगा। महामहिम से हम आदिवासी गण करबद्ध प्रार्थना करते हैं कि हमें संरक्षित करने की पहल करते हुए सरकार को जनगणना के पूर्व जनगणना कॉलम में हम आदिवासियों के लिए भी 'सरना' धर्म कोड को अंकित करने का निर्देश देने की कृपा प्रदान करें। ताकि हम आदिवासी विलुप्त होने से बच सकें। इस पुनीत कार्य के हम समस्त आदिवासी गण महामहिम राष्ट्रपति महोदया / महामहिम राज्यपाल महोदय का ऋणी रहेंगे। अनिल कुमार टुडू), केन्द्रीय सचिव, रमेश टूडू, हेमंत सोरेन, मनसा राम मूर्मू,मदन लाल सोरेन, गजेन्द्र,महावीर ,मुमताज,सभी उपस्थित थे।

### प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर मशरक में जदयू की बैठक में तैयारियों पर चर्चा



**मशरक (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 20 जून को सिवान आगमन को लेकर मशरक प्रखंड के डुमरसन गांव में जदयू की जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष रामाधार सिंह ने की जबकि संचालन राजेन्द्र प्रसाद सिंह ने किया। बैठक में जिलाध्यक्ष अल्ताफ आलम राजू, प्रदेश युवा उपाध्यक्ष रितुराज सिंह, रणविजय सिंह, मुरारी सिंह, शिवनारायण पटेल समेत कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि पीएम की सभा को ऐतिहासिक बनाने हेतु गांव-स्तरीय समितियों का गठन कर आम लोगों को आमंत्रित किया जाएगा। रितुराज सिंह ने कहा कि पीएम मोदी का बिहार के प्रति प्रेम और विकास की चिंता उनकी नीतियों में स्पष्ट है। रणनीति के तहत प्रचार-प्रसार व जनसंपर्क अभियान को तेज करने का निर्देश दिया गया।

### सांस्कृतिक संध्या में भक्ति व संगीत का दिखा संगम

**इसुआपुर (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** इसुआपुर प्रखंड के विशुनपुरा गांव में बीती संध्या आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में श्रोताओं ने भक्ति रस में डुबकी लगाई। कार्यक्रम में प्रसिद्ध भजन गायक मनन गिरि मधुकर की प्रस्तुतियों ने समां बांध दिया। उन्होंने "बबुआ हमार महाराज होइहें" जैसे सोहर गीतों से कार्यक्रम को जीवंत बना दिया। कार्यक्रम का आयोजन श्री भगवान शर्मा द्वारा किया गया था। कार्यक्रम में दर्जनों कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

## सेवा संपुष्टि समेत कई मांगों को ले उपायुक्त से मिला झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ

**सैकड़ों की संख्या में शामिल हुए शिक्षक**



**मेदिनीनगर (पलामू) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ का प्रतिनिधिमंडल पलामू के उपायुक्त से मिलकर अपनी समस्याओं के समाधान की मांग रखी। इसके पहले लगभग 200 से ज्यादा शिक्षकों ने जिला शिक्षा पदाधिकारी से मिलने का प्रयास किया। परंतु जिला शिक्षा पदाधिकारी ने समय नहीं दिया और न ही शिक्षकों से बात की। इसके पश्चात प्रतिनिधिमंडल में शामिल शिक्षकों ने उपायुक्त से मिलकर ज्ञापन सौंपा।

उपायुक्त ने शिक्षकों की बातों को गंभीरता पूर्वक सुना। साथ ही कई बिंदुओं को पर्सनल डायरी में नोट किया। उपायुक्त ने समस्याओं के शीघ्र समाधान कराने का आश्वासन दिया। संघ के सचिव आलोक कुमार तिवारी ने उपायुक्त से कहा कि जिले में 2021 व 2023 में नवनियुक्त शिक्षकों की सेवा संपुष्टि अभी तक नहीं की गई है। उन्होंने सेवा संपुष्टि कराने की मांग की। कहा कि रजवाड़ीह उच्च विद्यालय में वर्तमान प्रभारी प्रधानाध्यापक विनोद यादव को यथावत रहने दिया जाए। रिटायर शिक्षकों का वरीय वेतनमान व प्रवरण वेतनमान दिया जाए। शिक्षकों का वेतन समय पर दिया जाए। संघ के सचिव आलोक तिवारी ने कहा कि उपायुक्त ने उनकी बातों को गंभीरता से सुना वह समस्या के समाधान का आश्वासन दिया। उपायुक्त में कहा कि समस्या का समाधान शीघ्र करवा दिया जाएगा।

आलोक तिवारी ने उपायुक्त से कहा कि शिक्षकों से किसी भी कार्य के लिए अवैध राशि की मांग की जाती है। अगर जिले में किसी भी शिक्षक से किसी भी कार्य के लिए अवैध राशि मांगी जाएगी तो वे खूद सूचित करेंगे। आलोक तिवारी ने कहा कि वे जिले के सभी शिक्षकों के आभारी है, जिन्होंने अन्याय के खिलाफ आवाज उठाया। कहा कि संगठन हमेशा ही गलत कार्य के विरुद्ध में शिक्षकों के साथ खड़ा मिलेगा।

## भीषण गर्मी में मशरक नगर पंचायत में पेयजल संकट, नल-जल योजना हुई फेल



**मशरक (सारण) नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मशरक नगर पंचायत क्षेत्र के अधिकांश वार्डों में भीषण गर्मी के बीच पेयजल संकट गहराता जा रहा है। 'हर घर नल-जल' योजना पूरी तरह से फेल होती नजर आ रही है। नगर पंचायत क्षेत्र के कई वार्डों में न तो नलों से पानी आ रहा है और न ही वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। स्थानीय लोगों के अनुसार पिछले एक सप्ताह से जल आपूर्ति पूरी तरह से बंद है। जल मीनारें शोभा की वस्तु बन गई हैं। प्रखंड कार्यालय परिसर की जलमीनार का मोटर जल गया है, वहीं महावीर चौक स्थित जलमीनार में पाइप लिकेज की समस्या सामने आई है। वार्ड संख्या 8 और 9 सहित कई वार्डों में पेयजल संकट बना हुआ है। तख्त टोला के खटाई मांझी और राजा राम ने बताया कि पानी की एक-एक बूंद के लिए लोग तड़प रहे हैं, लेकिन शिकायत कहाँ करें यह भी स्पष्ट नहीं है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और वार्ड पार्षदों ने पीएचईडी और नगर पंचायत प्रशासन से अविलंब समस्या समाधान की मांग की है। लोगों ने खराब मोटर की मरम्मति, पाइपलाइन दुरुस्ती और जलमीनार संचालन में नियमित निगरानी की मांग की है।

CMYK

## कर्मचारियों को पैसे देकर हटाने की पेशकश

**माउंटेन व्यू , एजेंसी।** गूगल ने लागत में कटौती के दौर में अपने कई प्रमुख विभागों के कर्मचारियों को नौकरी छोड़ने के लिए पैसे देने की पेशकश की है। कोर्ट में गूगल का इंटरनेट साम्राज्य टूटने संबंधी आदेश की आशंका के बीच यह फैसला लिया गया है। कैलिफोर्निया में कंपनी ने ऐसी रिपोर्टों की पुष्टि की। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि इससे कितने कर्मचारी प्रभावित हुए हैं। द वॉल स्ट्रीट जर्नल के अनुसार- गूगल सर्च, विज्ञापन, अनुसंधान और इंजीनियरिंग इकाइयों में कर्मियों को प्रस्ताव दिए गए हैं। कंपनी के प्रवक्ता कोर्टेने मेनसिनी ने कहा, इस साल की शुरुआत में हमारी कुछ टीमों ने अमेरिका-आधारित गूगल कर्मियों के लिए नौकरी छोड़ने के साथ एक स्वैच्छिक निकास कार्यक्रम शुरू किया था। कई टीमें उन दूरस्थ कर्मचारियों से भी कह रही हैं जो दफ्तर के पास रहते हैं कि वे हाइब्रिड कार्य शेड्यूल पर वापस लौटें ताकि लोगों को निजी रूप से साथ लाया जा सके।

**अवैध एकाधिकार पर फैसले का इंतजार-** ल्पैसे देकर नौकरी छुड़ाने की पेशकश कोर्ट के फैसले से पहले आई है। गूगल सर्च इंजन को अमेरिकी न्याय मंत्रालय अवैध एकाधिकार घोषित कर चुका है। जिला जज अमित मेहता सरकारी प्रस्ताव पर विचार कर रहे हैं, जिसमें गूगल पर प्रतिवर्ष 26 अरब डॉलर से अधिक का भुगतान करने के लिए प्रतिबंध लगाने की मांग की गई है। यह सर्च इंजन को लॉक करने, प्रतिद्वंद्वियों से डाटा साझा करने व क्रोम ब्राउजर को बेचने के लिए बाध्य करेगा।

**2023 से ही घटा रहा कर्मचारी-** गूगल 2023 से समय-समय पर कर्मचारियों की संख्या घटा रहा है। कंपनी ने लॉकडाउन के दौरान शुरू की गई भर्ती की होड़ से पीछे हटना शुरू कर दिया है। गूगल ने महामारी के बाद की अपनी छंटनी की शुरुआत 2023 की शुरुआत में 12,000 कर्मचारियों की छंटनी करके की थी। अब कंपनी एआई पर खर्च बढ़ा रही है।

## पेट्रोल-डीजल फिर से हो सकता है महंगा, वजह है कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इजरायल के ईरान पर हमले के बाद खाड़ी में एक बार फिर से टेंशन बढ़ गया है। इसी के साथ ग्लोबल मार्केट में कच्चे तेल की कीमतों में भी बढ़ोतरी हो गई है। इस बढ़ोतरी की वजह से सरकारी कंपनी ओएनजीसी और ऑयल इंडिया के शेयरों में उछाल आ गया है। हालांकि आज यानी शुक्रवार को सुबह के सत्र के दौरान बीएसई सेंसेक्स में करीब 800 अंकों की गिरावट देखने को मिली है।

**क्रूड ऑयल की कीमतें चढ़ीं-** ईरान पर इजरायली हमले के बाद यू.एस. बेंचमार्क कच्चे तेल की कीमत 5.6 यानी 8.2 प्रतिशत बढ़कर 73.61 प्रति बैरल हो गई। ब्रेंट क्रूड की कीमत भी 5.52 बढ़कर 74.88 प्रति बैरल हो गई है। गौरतलब है कि ब्रेंट क्रूड इंटरनेशनल लेवल पर कच्चे तेल का स्टैंडर्ड है। देखा जाए तो कच्चे तेल




की कीमतों में पिछले कुछ दिनों के दौरान ही करीब 10 फीसदी की बढ़ोतरी हो चुकी है। यह बीते अप्रैल के बाद सबसे ज्यादा है। दरअसल, हमले की वजह से मिडिल ईस्ट में सप्लाई में दिक्कतें आने की आशंका है। इसी वजह से भी तेल के दाम बढ़े हैं।

**ओएनजीसी के शेयरों में तेजी-** यूं तो शुक्रवार को भारतीय शेयर बाजार गिरावट के साथ खुले। बीएसई सेंसेक्स में सुबह के सत्र के दौरान करीब 800 अंकों की गिरावट दिखी।

तब भी ओएनजीसी के शेयर करीब ढ़ाई रुपये चढ़ कर 250 रुपये से ऊपर ट्रेड कर रहे थे। ऑयल इंडिया लिमिटेड के शेयर तो करीब 12 रुपये चढ़ कर 480 रुपये पर ट्रेड कर रहे थे।

**गुरुवार को भी चढ़े थे शेयर-** गुरुवार को सरकारी तेल कंपनियों ओएनजीसी और ऑयल इंडिया के शेयरों में उछाल आया था। यह उछाल ग्लोबल मार्केट में कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण ही आया था। ओएनजीसी के शेयर 3.2 प्रतिशत बढ़कर 255.15 रुपये पर पहुंच गए ।

# बंद पड़े बैंक अकाउंट को शुरू करवाना होगा आसान

### रिजर्व बैंक ने सरल किए केवायसी नियम, होम ब्रांच जाने की जरूरत नहीं




**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक ने नए निर्देश जारी कर केवाईसी नियमों को और भी आसान कर दिया है, ताकि बैंक खाताधारक अपने लंबे समय से बंद पड़े खातों और बिना क्लेम किए गए डिपॉजिट को फिर से चालू कर सकें। इन नए नियमों के मुताबिक, अब ग्राहक को अपना खाता चालू कराने के लिए उसी ब्रांच में जाने की जरूरत नहीं, जहां खाता खोला गया था। केवाईसी अपडेट अब किसी भी बैंक ब्रांच से किया जा सकेगा चाहे वो होम ब्रांच हो या नहीं। इसी के साथ ग्राहक अब वीडियो कॉल से भी केवाईसी कर सकते हैं। इसे वीडियो- कस्टमर आइडेंटिफिकेशन प्रोसेस कहते हैं। ये सुविधा खासकर बुजुर्गों, एनआरआई और ग्रामीण इलाकों के लोगों के लिए बहुत फायदेमंद है।

**केवाईसी पेंडिंग तो भी लेन-देन की अनुमति-** गुरुवार को जारी अधिसूचना में रिजर्व बैंक ने कहा कि अब बैंकिंग कॉरेस्पोंडेंट को केवाईसी का अपडेशन या पीरियोडिक अपडेशन करने की अनुमति है। रिजर्व बैंक ने यह भी कहा कि बैंकों को केवाईसी अपडेशन प्रक्रिया का अनुपालन करने के लिए ग्राहकों को कम से कम पत्र से एक बार सूचना देनी होगी और कम से कम तीन अग्रिम सूचनाएं देनी होंगी। रिजर्व बैंक ने बैंकों और एनबीएफसी को निर्देश दिया है कि वे तथाकथित कम जोखिम वाले ग्राहकों से सभी लेन-देन की अनुमति दें, भले ही उनका केवाईसी पेंडिंग हो। इन ग्राहकों के पास केवाईसी अपडेट के लिए 30 जून 2026 तक का समय है।

**बैंकिंग कॉरेस्पोंडेंट को केवायसी की अनुमति-** केंद्रीय बैंक ने बैंकिंग कॉरेस्पोंडेंट को केवाईसी अपडेट का अधिकार दिया है। बैंकिंग कॉरेस्पोंडेंट गैर सरकारी संगठन, स्वयं सहायता समूह , माइक्रो फाइनेंस संस्थान जैसे संगठन हैं, जिन्हें बैंक अपने एजेंट के रूप में कार्य करने के लिए अनुबंधित करता है। आपका स्थानीय किराना दुकान मालिक भी बैंकिंग कॉरेस्पोंडेंट के रूप में पैनल में शामिल हो सकता है।

# 1475 प्रतिशत का धांसू रिटर्न

### 19 रुपये के स्टॉक ने किया मालामाल, एक्सपर्ट्स ने कहा 53 प्रतिशत और बढ़ेगा दाम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार के विषय में कहा जाता है कि दांव लगाइए और रिटर्न का इंतजार करिए। वेनवरी के पोजीशनल निवेशकों के साथ ऐसा ही हुआ है। महज 5 साल के दौरान इस कंपनी के शेयरों की कीमतों में 1475 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। जून 2020 को कंपनी के शेयरों का भाव 19 रुपये था। अब कंपनी का रेट 299.35 रुपये के लेवल पर पहुंच गया है। वेनवरी के शेयरों में उछाल की वजह से महज 5 साल में पोजीशनल निवेशकों का पैसा 1 लाख रुपये से 15 लाख रुपये हो गया है।

### पिछले एक साल में कंपनी का शेयरों का भाव

वेनवरी के शेयरों की कीमतों में बीते एक साल के दौरान 93 प्रतिशत से अधिक की तेजी देखने को मिली है। जून के महीने में स्टॉक 4 प्रतिशत बढ़ा है। इससे पहले मई के महीने में स्टॉक का भाव 25.50 प्रतिशत बढ़ा है। अप्रैल में 1 और मार्च के महीने में 37 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। कंपनी का 52 वीक हाई 330 रुपये और 52 वीक लो लेवल 151.10 रुपये है। कोविड के समय पर कंपनी के शेयरों का भाव 18 रुपये था। तब से अबतक कंपनी के शेयरों का भाव 1565 चढ़ चुका है।

### एक्सपर्ट्स बुलिश

वेनवरी के शेयरों के प्रदर्शन को लेकर ब्रोकरेज हाउस वेंचुरा सिक्योरिटीज बुलिश है। इस ब्रोकरेज हाउस ने इस स्टॉक को बाय टैग दिया है। ब्रोकरेज हाउस की तरफ से 459 रुपये का टारगेट प्राइस सेट किया है।

ब्रोकरेज हाउस का मानना है कि अगले 24 महीने में इस स्तर पर कंपनी के शेयरों का भाव पहुंच सकता है। यानी 299 रुपये के हिसाब से कंपनी के शेयरों का भाव 53 प्रतिशत चढ़ सकता है।

# एअर इंडिया विमान हादसे के बाद टाटा समूह के शेयर टूटे

### इंडिगो-स्पाइसजेट, बोइंग भी कमजोर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गुजरात के अहमदाबाद में गुरुवार को एअर इंडिया का एक विमान हादसे का शिकार हो गया। अहमदाबाद से लंदन जा रहा एअर इंडिया का विमान दोपहर 1.38 पर टेकऑफ के बाद कुछ ही मिनटों में क्रैश हो गया। टाटा ग्रुप की एयरलाइन एयर इंडिया के विमान के हादसे का शिकार होने के बाद शेयर बाजार में टाटा के समूह के शेयरों में बड़ी गिरावट दिखी। सेंसेक्स में शामिल ग्रुप की प्रमुख कंपनियों टाटा मोटर्स, टाइटन, टाटा स्टील और टीसीएस के शेयरों में भारी बिकवाली दिखी। गुरुवार को दोपहर करीब 03.40 बजे बीएसई पर टाटा मोटर्स के शेयर 2.98 प्रतिशत की गिरावट के साथ 714.45 रुपये, टाइटन के शेयर 2.62 प्रतिशत की गिरावट के साथ 3448.90 रुपये, टाटा स्टील 2.44 प्रतिशत की गिरावट के साथ 152.60 रुपये और टीसीएस के शेयर 1.15 प्रतिशत की गिरावट के साथ 3432.00 रुपये के भाव पर दिखे। इनके अलावा, देश की प्रमुख एविएशन कंपनी इंडिगो (इंटरग्लोब एविएशन) के शेयर 3.32 प्रतिशत (187.00 रुपये) की गिरावट के साथ 5444.00 रुपये और स्पाइसजेट के शेयर 2.40 प्रतिशत 1.09 रुपये की गिरावट के साथ 44.40 रुपये पर आ गए।

### हादसे का शिकार हुआ विमान बोइंग 787-8 था

बताते चलें कि आज हादसे का शिकार हुई एयर इंडिया की फ्लाइट द्ब171, एक बोइंग 787-8 विमान था, जिसमें बिजनेस क्लास और इकोनॉमी क्लास की कुल 254 से लेकर 267 सीट होती हैं। अहमदाबाद से इस विमान को करीब 9 घंटे की यात्रा के बाद 10.45 बजे लंदन से सटे गैटविक एयरपोर्ट पर लैंड करना था। हादसे के समय विमान में 12 क्रू मेंबर्स और 230 यात्रियों समेत कुल 242 लोग सवार थे। इतना ही नहीं, ऐसी भी खबरें आ रही हैं कि क्रैश हुए विमान में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी भी सवार थे।

### कहां और कैसे हुआ हादसा?

विमान हादसा सरदार वल्लभभाई पटेल इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास हुआ। इससे पूरे इलाके में भारी धुंआ और आग की लपटें देखी गईं। स्थानीय निवासियों ने आसमान में काले धुएं का गुबार देखा, जिससे पता चला कि हादसा गंभीर है। बता दें कि हादसे का शिकार हुआ एयर इंडिया का ड्रीमलाइनर प्लेन अहमदाबाद से लंदन जा रहा था। टेक ऑफ के दौरान ये एयरपोर्ट की दीवार से टकरा गया और उसमें आग लग गई।

### बोइंग के शेयरों में भी गिरावट

एयर इंडिया का विमान दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद गुरुवार को बोइंग के शेयरों में गिरावट आई। यह आपदा विमान निर्माता के लिए एक बड़ा झटका है, क्योंकि इसके नए सीईओ सुरक्षा और उत्पादन चुनौतियों की एक श्रृंखला के बाद विश्वास को फिर से बनाने की कोशिश कर रहे हैं। वहीं हादसे को लेकर बोइंग ने एक बयान में कहा कि उसे शुरुआती रिपोर्टों के बारे में पता है और वह अधिक जानकारी जुटाने के लिए काम कर रहा है। बोइंग के शेयर शुरुआती घंटे में पहले 8 प्रतिशत तक गिरने के बाद 1430 जीएमटी तक 3.85 प्रतिशत गिरकर 205.7 पर कारोबार करते दिखे।

# 1,00,000 रुपये के पार पहुंचा गोल्ड का रेट

### इजरायल-ईरान टेंशन की वजह से बढ़ा दाम, 74 दिन में 10 हजार बढ़ा रेट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इजरायल के ईरान पर अटैक का असर गोल्ड मार्केट पर भी दिख रहा है। एमसीएक्स में सोने का भाव एक लाख रुपये के लेवल को क्रॉस कर गया है। एमसीएक्स गोल्ड 99500 रुपये के लेवल पर खुला था। कुछ देर के बाद गोल्ड का रेट 1.12 प्रतिशत या फिर 1108 रुपये के इजाफे के बाद 100288 रुपये के लेवल पर पहुंच गया है। इससे पहले एमसीएक्स में गोल्ड 98,392 रुपये पर बंद हुआ था।

एमसीएक्स सिल्वर प्राइस 565 रुपये या फिर 0.53 प्रतिशत की बढ़ोतरी के बाद 106450 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव पर बिक रहा है। इससे पहले यह 1,05,885 रुपये पर बंद हुआ था। बता दें, इंटरनेशनल मार्केट में सोने का भाव 5 महीने के उच्चतम स्तर पर है। आज गोल्ड का रेट 3425 डॉलर के करीब था।

### बुलियन मार्केट में सोने का भाव 2000 रुपये बढ़ा

इबजारेट्स की तरफ से जारी किए गए रेट्स के अनुसार 24 कैरेट गोल्ड 99,170 रुपये प्रति 10 ग्राम बिक रहा है। इससे पहले कल शाम को 10 ग्राम गोल्ड का रेट 97164 रुपये था। यानी कल मुकाबले आज गोल्ड की कीमतों में 2000 रुपये से अधिक की उछाल देखने को मिली है। बता दें, चांदी का भाव 1,06,240 रुपये प्रति किलोग्राम पहुंच गया है।



### 74 दिन में 10,000 रुपये मंहगा हुआ सोना

गोल्ड की कीमतों में महज 74 दिन के अंदर 10,000 रुपये का इजाफा हुआ है। इससे पहले इतने दिनों में गोल्ड की कीमतों में इतना इजाफा देखने को नहीं मिला था।

**सोने की कीमतों में तेजी की वजह?-** गोल्ड के रेट में इजाफे की वजह इजरायल का ईरान पर अटैक करना है। जिसकी वजह से अरब देशों में अब अस्थिरता की संभावना बढ़ गई। इसी का असर है कि आज क्रूड ऑयल का रेट 13 प्रतिशत बढ़ा है। बता दें, मार्केट में अस्थिरता की वजह से लोगों की रुझान सोने जैसे सुरक्षित निवेश की तरफ बढ़ने लगता है। साथ ही दुनिया भर के सेंट्रल बैंक भी गोल्ड की खरीदारी जमकर कर रहे हैं। जिसकी वजह से हाल के समय में गोल्ड ने अच्छा रिटर्न दिया है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि अगर वैश्विक स्तर पर तनाव कम नहीं हुआ तो सोने की कीमतों में तेजी का सिलसिला जारी रहेगा। निवेशकों की तेजी से बदलते ग्लोबल मार्केट पर करीब से निगाह बनी हुई है।

## अहमदाबाद विमान हादसा: मुकेश अंबानी समेत कई दिग्गज कारोबारियों ने जताया शोक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अहमदाबाद में गुरुवार को हुए विमान हादसे में देश के कई दिग्गज कारोबारियों ने शोक जताया है। इसमें मुकेश अंबानी, गौतम अडानी, आनंद महिंद्रा आदि शामिल हैं। इस विमान हादसे में 241 यात्रियों की मौत हो गई। एयर इंडिया की यह फ्लाइट अहमदाबाद से लंदन जा रही थी। टेकऑफ के तुरंत बाद यह विमान एयरपोर्ट के नजदीक की क्रैश हो गया था।

रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर मुकेश अंबानी ने एयर इंडिया के विमान हादसे पर गहरा दुख जताया है। मुकेश अंबानी, उनकी पत्नी नीता अंबानी और पूरे रिलायंस परिवार ने इस दुखद घटना पर अपनी संवेदना व्यक्त की है। अंबानी ने कहा, नीता और मैं, पूरे रिलायंस परिवार के साथ, अहमदाबाद में हुए विमान हादसे में लोगों की जान जाने से बहुत दुखी हैं। हम इस दुखद घटना से प्रभावित सभी लोगों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं।



### सहायता को तैयार

अंबानी ने अपने संदेश में यह भी कहा कि रिलायंस इंडस्ट्रीज इस दुख की घड़ी में पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा, इस दुख की घड़ी में, रिलायंस पूरी तरह से राहत कार्यों में मदद करेगा और हर संभव सहायता देने के लिए तैयार है। हम प्रार्थना करते हैं कि इस मुश्किल समय में सभी प्रभावित लोगों को शक्ति और सांत्वना मिले। विमान हादसे के बाद महिंद्रा ग्रुप के चेयरमैन आनंद महिंद्रा ने भी दुख व्यक्त किया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपना शोक संदेश लिखा।

# जीजा-साले चांदनी चौक में चलाते थे दुकान

### फिर काम बदल 3 साल में खड़ा किया 7 करोड़ का कारोबार



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सनत जैन और विशाल जैन रिश्ते में जीजा-साले हैं। वे दिल्ली के चांदनी चौक में एक सीसीटीवी की दुकान चलाते थे। हालांकि, सीसीटीवी मार्केट में बढ़ती प्रतिस्पर्धा के चलते 2020 में उन्हें यह काम बंद करना पड़ा। वे एक नए उद्यम की तलाश शुरू करने पर मजबूर हो गए। चीन की यात्रा के दौरान उन्हें डिजिटल स्मार्ट लॉक्स का पता चला। वे इन तालों से काफी प्रभावित हुए। इन्हें अपने घरों में इस्तेमाल करके देखा। उनका अनुभव इतना सकारात्मक रहा कि इसने उन्हें नया व्यवसाय शुरू करने का आइडिया दिया। जनवरी 2021 में दोनों ने लवना स्मार्ट डोर लॉक्स नाम से खुद का ब्रांड शुरू किया। आज, यह करोड़ों का कारोबार बन चुका है। आइए, यहां सनत जैन और विशाल जैन की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

**चांदनी चौक में चलाते थे दुकान -** साल 2020 तक विशाल जैन और सनत जैन दिल्ली के चांदनी चौक में सीसीटीवी की दुकान चलाते थे। हालांकि, सीसीटीवी बाजार में बढ़ती प्रतिस्पर्धा के चलते उन्होंने अपना यह व्यवसाय बंद करने का फैसला किया। इसके बाद वे एक नए व्यवसाय की तलाश में जुट गए।

चीन यात्रा के दौरान उन्होंने डिजिटल स्मार्ट लॉक देखे। लॉक्स से प्रभावित होकर उन्होंने इन्हें अपने घरों में लगाकर आजमाया। उनका अनुभव बहुत ज्यादा सकारात्मक था। उन्होंने महसूस किया कि भारत में पारंपरिक चाबियों का प्रबंधन कितना असुविधाजनक है। संयुक्त परिवारों में दरवाजों को प्रबंधित करना कितना मुश्किल हो सकता है। उन्हें एक ऐसे समाधान की जरूरत महसूस हुई जो सुरक्षा और सुविधा दोनों प्रदान करे।

**मार्केट को गहराई से जाना -** सनत जैन और विशाल जैन ने विभिन्न ब्रांडों के लिए स्मार्ट लॉक बनाने वाली एक ओईएम (ओरिजिनल इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरर) के रूप में काम करना शुरू किया। इस दौरान उन्होंने स्मार्ट लॉक बाजार की गहराई से समझ हासिल की। सनत ने अपनी पढ़ाई के दौरान अपने पिता के किचन सिंक मैन्युफैक्चरिंग व्यवसाय में भी काम किया था। लेकिन, उन्हें वह क्षेत्र अपने लिए सही नहीं लगा। 2016 में कॉलेज में रहते हुए ही सनत विशाल के सीसीटीवी व्यवसाय में समान भागीदार बन गए और सनत ने 2018 में अपना बीकॉम पूरा किया।

**2021 में अपना ब्रांड लॉन्च किया -** बाजार की बढ़ती क्षमता को देखते हुए सनत और विशाल ने जनवरी 2021 में लवना स्मार्ट डोर लॉक्स नाम से अपना खुद का ब्रांड लॉन्च करने का फैसला किया। दोनों ने बिजनेस में 50-50 लाख रुपये का निवेश किया और अपनी मूल कंपनी भगवान श्री लॉक्स प्राइवेट लिमिटेड की स्थापना की। इस नई साझेदारी में विशाल जैन खरीद और सर्विसिंग का प्रबंधन करते हैं। जबकि सनत जैन बिक्री और मार्केटिंग की देखरेख करते हैं।

## अनिल अंबानी की दमदार वापसी, तगड़ा रिटर्न दे रहे रिलायंस के 3 शेयर



**मुंबई।** अनिल अंबानी की ज्यादातर कंपनियों के शेयर लंबे समय से दबाव में रहे हैं। इस वजह से निवेशकों को भारी-भरकम नुकसान हो चुका है। हालांकि, बीते कुछ महीनों से अनिल अंबानी के रिलायंस ग्रुप की कंपनियों के शेयर तगड़ा रिटर्न दे रहे हैं। इनमें तीन कंपनियां- रिलायंस पावर, रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर और रिलायंस होम फाइनेंस के शेयर काफी डिमांड में रहे। आइए इन तीनों शेयर के तीन महीने के परफॉर्मेंस को देख लेते हैं।

**रिलायंस पावर-** पिछले तीन महीनों में इस शेयर में 107त्न की वृद्धि हुई है। इस अवधि में रिलायंस पावर का शेयर 34 रुपये से 70 रुपये तक पहुंच गया है। हाल ही में इसने 52-सप्ताह के अपने उच्चतम स्तर 76 रुपये को छुआ है। शुक्रवार को रिलायंस पावर के शेयर की कीमत 67 रुपये के स्तर पर थी। बता दें कि रिलायंस पावर को वित्त वर्ष 2024-25 की जनवरी-मार्च तिमाही में 126 करोड़ रुपये का लाभ हुआ है। वित्त वर्ष 2023-24 की समान तिमाही में कंपनी को 397.26 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था।

New page 9_page 12 29.05.2025.qxd 13-06-2025 21:57 Page 1



# नये उपायुक्त के तेवर से अतिक्रमणकारियों में हड़कम्प

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दुमका।** दुमका के नए उपायुक्त अभिजीत सिन्हा के एक्शन से शहरवासियों को नई आस जगी है। पदभार ग्रहण करने के बाद लगातार एक्शन में दिख रहे उपायुक्त गुरुवार को शहर की स्थिति का जायजा लेने निकले। खास बात यह कि इस दौरान प्रशासनिक अधिकारियों की पूरी फौज उनके साथ चल रही थी। जिले के पुलिस अधीक्षक पितांबर सिंह खेरवार, एसडीओ कौशल किशोर, डीटीओ जयप्रकाश करमाली, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी शितांषु खालखो, दुमका सदर सीओ अमर कुमार समेत कई अधिकारियों की टीम उनके साथ चल रही थी।

उपायुक्त ने शहर भ्रमण की शुरूआत वीर कुंवर सिंह चौक से की और पूरे बाजार का मुआयना करते हुए वह टीन बाजार चौक पर पहुंचे। इस दौरान



उन्होंने बाजार मुख्य सड़कों पर दुकानदारों के द्वारा किए गए अतिक्रमण को अविलंब हटाने का निर्देश दिया।

मौके पर मौजूद नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी को नियमानुकूल कार्रवाई करते हुए आर्थिक जुर्माना करने का निर्देश दिया। रास्ते में दो पहिया वाहन अव्यवस्थित पार्किंग करने पर नाराजगी जताई। उन्होंने मुख्य रोड के किनारे फुटपाथ की अविलंब मरम्मति कराने का निर्देश दिया।

टीन बाजार से सब्जी मंडी के तरफ बढ़ने के क्रम में उपायुक्त ने कई दुकानदारों के द्वारा अतिक्रमण किए जाने पर नाराजगी जताई। कहा कि ट्रैफिक व्यवस्था सुदृढ़ करने हेतु अतिक्रमण हटाया जाए। अनावश्यक रूप से लगाए गए दुकानों को भी हटाने का निर्देश दिया। सब्जी मंडी के समीप बनी जर्जर पानी टंकी को भी हटाने का निर्देश दिया।

उपायुक्त ने मुख्य पथों के किनारे पसरे भवन निर्माण सामग्रियों को अविलंब हटवाने का निर्देश दिया। रसिकपुर होते हुए टावर चौक जाने के क्रम में कई जगहों पर बालू, गिट्टी, कूड़ा देखकर उपायुक्त ने नाराजगी जताई। जर्जर सड़कों को अविलंब दुरुस्त कराने को कहा। उपायुक्त ने टावर चौक, गांधी मैदान, बस स्टैंड समेत विभिन्न इलाकों को पूरी तरह से अतिक्रमण मुक्त कराने का निर्देश दिया।

शहर में पसरी गंदगी व कचरों का अंबार देखकर उपायुक्त ने नगर परिषद को विशेष अभियान चलाकर साफ-सफाई कराने का निर्देश दिया। उन्होंने शहरवासियों से भी अपील किया है कि वह घरों से निकले कचड़ों को सड़क व नाले में नहीं फेकें। कहा कि शहरी क्षेत्र में सफाई एवं ट्रैफिक व्यवस्था सुदृढ़ की जाएगी।

## ट्रेन के बाथरूम में सांप से खलबली

**खड़गपुर।** 12828 पुरुलिया-हावड़ा एक्सप्रेस ट्रेन में यात्रियों के बीच उस समय सनसनी फैल गई जब सालबनी जंगल से गुजरते ही ट्रेन के बाथरूम में एक बड़े सांप की पूंछ मिली।

बाथरूम की सफाई करते समय ट्रेन के सफाई कर्मचारियों की नजर अचानक इस दृश्य पर पड़ी। टीन के कवर के अंदर से एक बड़ा काले रंग के सांप का पूंछ बाहर निकला दिख रहा था। बिना एक पल देरी किए सफाई कर्मचारी अपनी जान बचाने के लिए बाहर निकल आए। बाद में उन्होंने बहादुरी से इस मामले को अपने मोबाइल फोन पर रिकॉर्ड किया और तुरंत अपने सुपरवाइजर को सूचित किया।

34 मिनट तक ट्रेन के बाथरूम व टीन के कवर सहित आसपास की पाइप लाइनों की गहनता से तलाशी ली गई। हालांकि, कहीं भी सांप का कोई निशान नहीं मिला।

बाद में मोबाइल वीडियो देखने के बाद बताया गया कि यह धरसा या धमना प्रजाति का सांप था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए बाथरूम को सील कर दिया गया और ट्रेन को फिर से रवाना कर दिया गया।

# एक्स आर्मी मैन के यहां छापेमारी में जाली नोट बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** लोअर बाजार थाना क्षेत्र में जाली नोट के एक बड़े कारोबार का भंडाफोड़ करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है और उसके पास से 500 मूल्य के 37 जाली नोट बरामद किए हैं।

डीआईजी सह एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा के निर्देश पर गठित पुलिस टीम ने मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया और किशोर की निशानदेही पर कालीनगर थाना नामकुम निवासी सुभाष प्रसाद के घर छापेमारी की।

वहां से पुलिस ने बिछावन के नीचे रखे 29 पीस नकली नोट बरामद किए।

पुलिस को यह सफलता जमाल नाम के व्यक्ति द्वारा दिए गए एक आवेदन के बाद मिली।

जमाल ने पुलिस को बताया कि उसकी सुधा कॉम्प्लेक्स स्थित मोबाइल की दुकान पर एक लड़का आया था, जिसने 3500 रुपया का एक मोबाइल खरीदा और भुगतान में 500 रुपया के सात जाली नोट दिए।

जमाल ने जब नोटों को ध्यान से देखा, तो उसे पता चला कि सभी नोट नकली थे और कई नोटों का सीरियल नंबर एक ही सीरीज का था। उसके बाद उसने तुरंत अन्य दुकानदारों को इसकी सूचना दी और किशोर से पूछताछ की।

पूछताछ के दौरान किशोर ने बताया कि उसके पिता सुभाष प्रसाद के पास, कालीनगर थाना नामकुम स्थित उनके घर पर, इसी तरह के और भी जाली नोट रखे हुए हैं।

इस जानकारी के आधार पर पुलिस की टीम ने तुरंत सुभाष प्रसाद के कालीनगर स्थित घर पर छापा मारा।

तलाशी के दौरान पुलिस को सुभाष प्रसाद के बिस्तर के नीचे से 500 मूल्य के 29 जाली नोट बरामद हुए। इन नोटों में भी कई का सीरियल नंबर एक ही था, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि बरामद नोट नकली थे।

पुलिस ने सुभाष प्रसाद को गिरफ्तार कर लिया है और उससे बरामद जाली नोटों के संबंध में विस्तृत पूछताछ की जा रही है।

एसएसपी ने गुरुवार को अपने कार्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान इस पूरे मामले का खुलासा किया। पुलिस अब इस जाली नोट के नेटवर्क के अन्य सदस्यों और इसके स्रोत का पता लगाने की कोशिश कर रही है। वहीं, सुभाष प्रसाद एक्स आर्मी मैन है वह बोरिंग का काम करते है।

सुभाष प्रसाद ने पुलिस को बताया कि वह गया जा रहे थे, उसी दौरान ट्रेन में शराब की छापेमारी हो रही थी। सुभाष प्रसाद के पास कुछ व्यक्ति बैठे हुए थे जो छापेमारी के दौरान वह लोग बैग छोड कर भाग निकले।

वहीं, बैग में सुभाष ने नोट देखा तो उसे उठा लिया। वह रांची आने के बाद उस नोट को कई जगह पहले भी इस्तेमाल कर चुके थे, लेकिन अभी तक पकड़े नहीं गए थे।

# पार्सल वैन में सेंधमारी से रेल प्रशासन की बढ़ी टेंशन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** लगभग पांच वर्षों तक रेलवे में पार्सल चोरी की घटनाओं पर नियंत्रण बना रहने के बाद अब एक बार फिर शातिर चोरों ने रेलवे प्रशासन को चुनौती दे दी है। ताजा मामला एलटीटी-रांची एक्सप्रेस ट्रेन का है, जिसमें चलती ट्रेन के पार्सल वैन (एसएलआरडी कोच) में सेंध लगाने की घटना सामने आई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, चोरों ने बेहद चालाकी से पार्सल वैन के लोहे के चादर को कटर से काटकर अंदर घुसने की कोशिश की। करीब एक फीट तक शीट काट दी गई थी, लेकिन समय की कमी और खतरे की आशंका के कारण चोर अपने मंसूबे में पूरी तरह सफल नहीं हो सके और ट्रेन से कूदकर फरार हो गए।

चोरी की यह कोशिश उस एसएलआरडी कोच में हुई जिसमें पार्सल सेक्शन के साथ दिव्यांग यात्रियों के लिए जगह होती है। ज्ञात हो कि पहले भी इस कोच के जरिए चोरी की घटनाएं सामने आई थीं, जिसके बाद रेलवे ने इस प्रकार के कोच को लगाना बंद कर दिया था, लेकिन हाल में फिर से इसे ट्रेनों में शामिल किया गया, जिससे सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

चोरी की इन घटनाओं का गढ़ बनता जा रहा है महाराष्ट्र। आंकड़ों के अनुसार, ज्यादातर घटनाएं महाराष्ट्र के उन स्थानों पर हो रही हैं जहां दो स्टेशनों के बीच लंबा अंतराल होता है। चोर ट्रेन की गति और स्थान का फायदा उठाकर शीट काटते हैं और चोरी को अंजाम देते हैं। चोरी के बाद माल को बाहर फेंक कर ट्रेन से कूद जाते हैं।

इस मामले में रेलवे का मैकेनिकल विभाग प्रथम दृष्टया दोषी माना जा रहा है, जो ऐसे असुरक्षित कोच लगाता है। वहीं आरपीएफ की सुरक्षा में लापरवाही भी सामने आ रही है।

क्षेत्र विशेष में पूर्व में भी घटनाएं हो चुकी हैं, बावजूद इसके सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नहीं किए गए।


इतना ही नहीं, ट्रेन गार्ड की भी जिम्मेदारी बनती है कि वह गाड़ी में हो रही किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर निगरानी रखे। पिछली बार लगातार हो रही चोरी की घटनाओं के चलते पार्सल सेक्टर में राजस्व में भारी गिरावट दर्ज की गई थी, जिससे रेलवे को नुकसान उठाना पड़ा।

2020 से पहले ऐसी तीन दर्जन से अधिक घटनाएं दर्ज की गई थीं, जिनमें चोर पार्सल यान की शीट काटकर अंदर घुस जाते थे और माल की चोरी करते थे। इन्हीं घटनाओं को ध्यान में रखते हुए रेलवे ने एसएलआरडी कोच लगाने पर रोक लगाई थी, लेकिन अब दोबारा उसी व्यवस्था को लागू किया गया है जिससे पुरानी समस्याएं फिर उभर रही हैं।

# चक्रधरपुर रेलवे स्टेशन पर लिफ्ट की सुविधा शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर रेलवे स्टेशन में यात्री सुविधाओं की दिशा में एक बड़ी पहल के तहत पहली बार लिफ्ट की सुविधा शुरू हो गई है।




अब यात्रियों को प्लेटफॉर्म नंबर एक से दो या तीन पर जाने के लिए फुट ओवरब्रिज की सीढिया चढ़ने की जरूरत नहीं होगी।

यह सुविधा विशेष रूप से बुजुर्ग, दिव्यांग, बीमार यात्रियों और छोटे बच्चों के साथ सफर कर रहे यात्रियों के लिए काफी उपयोगी साबित होगी।

रेलवे द्वारा प्लेटफॉर्म एक और दो को जोड़ने वाले फुट ओवरब्रिज के दोनों ओर लिफ्ट स्थापित की जा चुकी है। चक्रधरपुर स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक में पार्सल कार्यालय के समीप ही लिफ्ट को लगाया गया है।

प्लेटफार्म नंबर एक पर बन कर तैयार लिफ्ट को चालू कर दिया गया है और रेल यात्री इसका इस्तेमाल भी कर रहे है। वहीं, प्लेटफार्म संख्या दो और तीन को जोड़ने वाली लिफ्ट को फिलहाल बंद रखा गया है। जो कुछ ही दिनों में यात्रियों के लिए शुरू हो जाएगी।

मालूम रहे कि चक्रधरपुर रेलवे स्टेशन का अमृत भारत स्टेशन के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसी क्रम में स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या एक और दो में एक-एक लिफ्ट का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया।

## एसीबी का समाया खौफ

**रांची।** उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के पूर्व आयुक्त उत्पाद अमित प्रकाश पर भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की कार्रवाई का खौफ साफ दिख रहा है। जब एसीबी ने उन्हें पूछताछ के लिए समन किया तो उन्होंने सूचना के अधिकार के तहत आनन-फानन में विभाग से 1200 पन्ने की सूचनाएं मांग ली। अमित प्रकाश आयुक्त उत्पाद के पद से ही गत वर्ष सेवानिवृत्त हुए थे।

20 मई को एसीबी थाने में दर्ज प्राथमिकी को आधार बनाकर पूर्व आयुक्त उत्पाद अमित प्रकाश ने उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग से सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत सूचनाएं मांगी। उन्होंने एसीबी की प्राथमिकी से संबंधित कागजात व अपनी कार्यावधि से संबंधित वांछित सूचनाओं की छायाप्रति मांगी थी।

झारखंड राज्य बिवरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटेड के जन सूचना पदाधिकारी सह महाप्रबंधक (संचालन) ने 12 जून को उन्हें वांछित सूचनाएं उपलब्ध करा दी है जो 1200 पन्नों की है। अब एसीबी के सवालों का जवाब देने के लिए उक्त कागजातों के आधार पर अमित प्रकाश अपना होमवर्क पूरा करेंगे।

# दारोगा ने एफआइआर लिखने को मांगी एक लाख की रिश्वत

### एसपी ने किया निलंबित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमशेदपुर।** वरीय पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडेय ने कदमा थाना के दारोगा सुनील कुमार दास को निलंबित कर दिया है। दारोगा पर कदमा की महिला दुर्गा कुमारी से एक लाख रुपए मांगने का आरोप था।

महिला दहेज प्रताड़ना का आवेदन लेकर थाना गया थी। प्राथमिकी दर्ज करने के नाम पर बार-बार थाना बुलाकर एक लाख रुपए की मांग दारोगा कर रहा था। जिसकी शिकायत टेल्को निवासी भाजपा नेता अंकित आनंद ने की थी।

वरीय पुलिस अधीक्षक ने मामले की जांच का आदेश सिटी एसपी कुमार शिवाशीष को दिया था। एसपी की जांच रिपोर्ट के आधार पर वरीय पुलिस अधीक्षक ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।

महानगर भाजपा के पूर्व प्रवक्ता अंकित आनंद ने महिला एवं उसके भाई के साथ पांच जून को एसएसपी को लिखित शिकायत सौंपी थी और ट्वीट कर मुख्यमंत्री, डीजीपी, कोल्हान डीआईजी व राज्य पुलिस शिकायत प्राधिकार को सूचित किया था।

एसएसपी के निर्देश पर सिटी एसपी ने जांच शुरू की और महिला की प्राथमिकी दर्ज कराने में मदद की। जांच में व्हाट्सएप कॉल, चैट संदेश व शिकायतकताओं के बयान दर्ज किए गए।

रविवार को सिटी एसपी कार्यालय में शिकायतकर्ता अंकित आनंद समेत महिला, उसके पिताजी एवं भाई का बयान कलमबंद किया गया, साथ ही आरोपों के समर्थन में आवश्यक साक्ष्य भी प्रस्तुत किये गए थे। कदमा थाने से अपेक्षित सहयोग नहीं मिलने और ठोस साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई हुई।

इधर, अंकित आनंद ने कहा कि यह जीत सिर्फ महिला की नहीं, बल्कि पुलिस विभाग पर भरोसे की है। मुझे अफसोस रहेगा कि कदमा थाना प्रभारी ने रिश्वत प्रकरण पर सूचना दिए जाने के बावजूद चुप्पी साधे रखा। मैंने जो कहा था, उसे निभाया - भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस।

# विधायक ने किया सहायिकाओं के बीच नियुक्ति पत्र का वितरण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टुण्डी।** सतारूढ़ दल के सचेतक सह टुण्डी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने आज शुक्रवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी कक्ष में एक सादे समारोह के दौरान तीन सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र से सुशोभित किया। बताते चलें कि चुनुकडीहा केंद्र की बबीता देवी,फुलपहाडी केंद्र की लीलमुनी बास्की,लटानी केन्द्र की लक्ष्मी कुमारी को सहायिकाओं के पद पर नियुक्त किया गया।कटनियां पंचायत के करमाटांड़ केन्द्र को अभी फिलहाल स्थगित रखा गया है। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी विशाल कुमार पाण्डेय, सीओ जितेंद्र प्रसाद,सी डी पी ओ सबिता कुमारी, महिला पर्यवेक्षिका नीतू कुमारी,दीपा सिन्हा, सुनीता मरांडी, बसंत महतो, फूलचंद किस्कू, अब्दुल रशीद अंसारी, अनवर अंसारी समेत प्रखंड सह अंचल कर्मी उपस्थित थे।

## हत्यारोपित धराया

**सरायकेला।** कांड्रा थाना क्षेत्र निवासी लुथरु मांझी की पत्नी मैनू मांझीयान का सिर काट कर हत्या करने के मामले में पुलिस ने मनोहरपुर, टोला केचरेगोड़ा निवासी सुनिल मुर्मू, बाबूराम हांसदा, अजीत मुर्मू व गोविन्दा मुर्मू को गिरफ्तार किया है।

आरोपितों के निशानदेही पर घटना में इस्तेमाल कुल्हाड़ी को भादुवागोड़ा के पहाड़ से बरामद किया है। उक्त जानकारी संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लुणायत ने दी।

उन्होंने बताया कि तीन जून को भालुकपहाड़ी व भादुवागोड़ा के बीच रेलवे ट्रैक पर मैनु मांझीयान का सिर कटा शव बरामद किया गया था। मृतका के पति लुधरु मांझी ने सुखराम मुर्मू व अन्य पांच के खिलाफ कांड्रा थाना में हत्या करने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई थी।घटना के उद्भेदन के लिए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी समीर सवैया के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया था। टीम के द्वारा तकनीकी एवं मानवीय सूत्र के आधार पर अनुसंधान के क्रम में इस कांड में संलिप्त अप्रथामिकी अभियुक्त को गिरफ्तार किया।

# धनबाद में जल्द होगा राज्य बीमा निगम का अस्पताल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) के बीमाकृत कर्मचारियों के लिए राहत भरी खबर है। अब इलाज के लिए लोगों को रेफर होने का झंझट नहीं होगा। ईएसआईसी की ओर से धनबाद में 100 बेड का अस्पताल बनाया जाएगा। इसके लिए प्रशासनिक स्तर से कवायद शुरू हो गई है।

जिला प्रशासन ने सभी सरकारी और निजी संस्थानों में काम करने वाले सभी अनुबंध अथवा आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को बीमा से जोड़ने का निर्देश दिया है। धनबाद में फिलहाल 25 हजार ईएसआईसी से जुड़े लोग हैं। इसकी संख्या 50 हजार करनी है। अब संख्या बढ़ाने को लेकर सभी निजी संस्थाओं को निर्देश दिए जा रहे हैं।

ईएसआईसी के तहत मैथन में लंबे अस्पताल है। अब इसका कायाकल्प सरकार की ओर से शुरू किया गया है। धनबाद में अलग अस्पताल होगा। नियम के अनुसार हर 50 किलोमीटर पर यदि 50 हजार बीमाकृत व्यक्ति है, तो अस्पताल खुल सकता है। ईएसआई के इसी नियमों को लेकर धनबाद में यह तैयारी शुरू हुई है।

अनुमान के अनुसार धनबाद में लगभग ढाई लाख लोग सरकारी, विभिन्न प्रकार के निजी संस्थाओं में काम कर रहे हैं। इसमें काफी संख्या में लोगों को ईएसआईसी से नहीं जोड़ा गया है।

नियम के अनुसार, 10 से ज्यादा कर्मचारी होने पर उसे संस्था की ओर से कर्मचारियों को ईएसआईसी से जोड़ना है। अब ईएसआईसी की ओर से भी ऐसे संस्थानों में औचक निरीक्षण करके इसकी जांच की जाएगी। धनबाद में ईएसआईसी की चार डिस्पेंसरी है। इसमें हीरापुर, गोविंदपुर, निरसा और चिरकुंडा डिस्पेंसरी शामिल है। इन चारों डिस्पेंसरी से हर महीने 10 लाख से ज्यादा इलाज के लिए निजी अस्पतालों को भुगतान किया जा रहा है।

# सीएचसी निर्माण में लापरवाही पर भड़के डीसी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुमला।** गुमला समाहरणालय के सभागार में गुरुवार को उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने जिला समन्वय समिति की बैठक की।

बैठक में उपायुक्त ने चैनपुर प्रखंड में निमार्णाधीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के ठप पड़े रहने पर नाराजगी जताई। उन्होंने कार्यपालक अभियंता, बीडीओ चैनपुर और सिविल सर्जन पर लापरवाही के लिए उनके वेतन भुगतान स्थगित करने का निर्देश दिया।

साथ ही नवंबर 2025 तक चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण हर हाल में पूर्ण करने का निर्देश दिया। चैनपुर में बनने वाले ब्लाक पब्लिक हेल्थ यूनिट और अन्य स्वास्थ्य केंद्रों के निर्माण में भूमि विवाद का अवरोध पर संबंधित विभागों को समन्वय बनाकर विवाद का निपटारा करने निर्माण कार्य पूरा करने का निर्देश दिया।

बैठक जिले में चिह्नित कुल 22 आयुष्मान आरोग्य मंदिर की नियमित रुप से बीडीओ द्वारा जांच करने और आवश्यक सुधार कर व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने का निर्देश दिया गया।

उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए योजनाओं के सफल क्रियान्वयन हेतु समयबद्ध और परिणाममूलक प्रयास सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने यह स्पष्ट रूप से कहा कि प्रखंड और पंचायत स्तर पर भी नियमित रूप से बैठकें आयोजित कर कार्यों की प्रगति पर नजर रखी जाए एवं आपसी सहयोग से समस्याओं का समाधान किया जाए।

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के क्रम में जिले में निमार्णाधीन 67 स्वास्थ्य उपकेंद्रों की स्थिति की गहन समीक्षा की गई। इनमें से छह उपकेंद्रों के निर्माण कार्यों में आ रही बाधाओं पर विशेष रूप से चर्चा की गई।

बैठक में समाज कल्याण विभाग की योजनाओं की भी समीक्षा की गई। जिले में निमार्णाधीन 82 आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति पर चर्चा करते हुए उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि लंबित भवन निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण किया जाए।

साथ ही अप्रोच रोड, बिजली कनेक्शन और पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाओं की भी समुचित व्यवस्था की जाए। लेरंबा और सिलफरी के आंगनवाड़ी केंद्रों की मरम्मत एवं निर्माण कार्यों को पूर्ण करने के लिए 15 दिनों की समयसीमा निर्धारित की गई है।

उपायुक्त ने सभी बीडीओ को अपने क्षेत्र में निर्माण कार्यों का नियमित निरीक्षण करने और समन्वय के साथ कार्यों को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने का निर्देश दिया।

# झामुमो का केंद्र सरकार पर तीखा हमला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने केंद्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 11 साल पूरे होने पर तीखा हमला बोला। पार्टी ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार के इन 11 वर्षों ने झारखंड के आम लोगों की समस्याओं को कम करने के बजाय और अधिक गहरा कर दिया है। झामुमो के केंद्रीय समिति सदस्य और प्रवक्ता डॉ. तनुज खत्री ने कहा कि यह एक दशक नहीं, बल्कि संघर्षों और अनुत्तरित सवालों की श्रृंखला रही है।

झामुमो ने कहा कि भाजपा ने अपने शासन की तथाकथित उपलब्धियों को प्रचारित करने के लिए पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को झारखंड भेजा, लेकिन यहां जमीनी सच्चाई किसी भी जश्न की गवाही नहीं देती। डॉ. खत्री ने कहा कि भाजपा की उपलब्धियों का प्रचार एक दिखावा है, जबकि राज्य के लोग आज भी बुनियादी समस्याओं से जूझ रहे हैं।

झामुमो ने जोर देकर कहा कि झारखंड विधानसभा ने सर्वसम्मति से 'सरना धर्म कोड' को मान्यता देने का प्रस्ताव पारित किया था, लेकिन केंद्र सरकार की ओर से आज तक कोई सार्थक कार्रवाई नहीं हुई। खत्री ने आरोप लगाया कि यह सिर्फ एक प्रशासनिक विफलता नहीं, बल्कि आदिवासी समुदायों की अस्मिता और सम्मान के प्रति जानबूझकर किया गया अनादर है।

डॉ. खत्री ने मणिपुर में लंबे समय से जारी हिंसा और विशेष रूप से महिलाओं पर हो रहे अत्याचारों का जिक्र कर कहा कि इन घटनाओं पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुप्पी न केवल प्रशासनिक विफलता बल्कि नैतिक दिवालियापन को भी उजागर करती है।

उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के हसदेव जंगल में पेड़ों की कटाई की अनुमति देकर सरकार ने पर्यावरण और आदिवासी अधिकारों के प्रति अपनी असल सोच उजागर कर दी है। एक तरफ यह सरकार अंतरराष्ट्रीय मंचों पर जलवायु परिवर्तन की बात करती है और दूसरी ओर देश के ह्यग्रीन लंग्सह्न को काट रही है। जंगल और जमीन आदिवासियों का जीवन है, जिसे यह सरकार समझने में विफल रही है।

झामुमो प्रवक्ता ने कहा कि ठएएळ, ठएळ और ररउ जैसी परीक्षाओं में पेपर लीक अब आम हो गया है। यह सिर्फ भ्रष्टाचार नहीं, बल्कि लाखों युवाओं के सपनों और मेहनत के साथ किया गया विश्वासघात है। नोटबंदी को लेकर भी उन्होंने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि इस फैसले ने छोटे व्यापारियों, मजदूरों और आम लोगों को बर्बाद कर दिया। 100 से ज्यादा लोगों की जान गई, नौकरियां खत्म हो गईं और अंत में वही पुरानी मुद्रा वापस आ गई। फिर भी सरकार इसे उपलब्धि बताती है।

केंद्र सरकार द्वारा बिना संवाद के लागू किए गए तीन कृषि कानूनों को लेकर भी झामुमो ने तीखा हमला बोला। खत्री ने कहा कि इन कानूनों के खिलाफ ऐतिहासिक किसान आंदोलन हुआ, जिसमें 700 से अधिक किसानों की मौत हुई। अंततः सरकार को उन्हें वापस लेना पड़ा, यह जनता के विश्वास के साथ धोखा था। महिला आरक्षण बिल को लेकर उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने चुनावी रणनीति के तहत बड़ा एलान किया, लेकिन लागू करने को 2029 के बाद तक टाल दिया जो यह साबित करता है कि यह सिर्फ दिखावा था। डॉ. खत्री ने कहा कि महंगाई ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है। दाल, सब्जी और दूध जैसी जरूरी चीजें आम लोगों की पहुंच से बाहर हो गई हैं, जबकि सरकार तेज आर्थिक विकास की बात करती है। साथ ही उन्होंने सीबीआई और ईडी जैसी संस्थाओं के दुरुपयोग का भी आरोप लगाया, जिन्हें विपक्ष को परेशान करने के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है।

झामुमो प्रवक्ता ने कहा कि संसद अब संवाद और सहमति के बजाय निदेशों पर चलती है। संविधान की आत्मा संवाद और समावेशिता को बार-बार कुचला गया है।

## परियोजना में फंसा जमीन विवाद का पेंच

**गोड्डा।** बिहार के सीमांचल और झारखंड के संताल परगना को जोड़ने वाली प्रस्तावित गोड्डा-पीरपैंती रेल परियोजना बीते तीन सालों से जमीन अधिग्रहण के पेच में फंसी है। 68 किमी लंबी उक्त रेल परियोजना के लिए रेलवे बोर्ड ने वर्ष 2022 में स्वीकृति दी थी। इसके लिए 1384 करोड़ रुपए का आवंटन भी जारी कर दिया गया।परियोजना में राज्यांश नहीं लिया जा रहा है। पूरा खर्च रेलवे वहन कर रहा है, लेकिन राज्य सरकार की उदासीनता इसमें आड़े आ रही है। गोड्डा से महागामा तक प्रथम फेज में जमीन अधिग्रहण में 26.78 एकड़ सरकारी गैर मजरुआ जमीन का एनओसी झारखंड को देना है। छह माह से फाइल राज्य मुख्यालय में पड़ी है। प्रथम फेज के लिए 426 एकड़ जमीन अधिग्रहण होना है, लेकिन यहां अब तक जिला प्रशासन की ओर से 351.2 एकड़ जमीन का ही एलपीसी रेलवे को दिया गया है। 90 प्रतिशत जमीन अधिग्रहण होने पर ही परियोजना के लिए टेंडर की प्रक्रिया शुरू होगी, इस कारण परियोजना कार्य बाधित है। बता दें कि परियोजना में जमीन अधिग्रहण में गोड्डा, पथरगामा और महागामा अंचल के 69 में से 63 मौजा की जमीन का अधिग्रहण किया।

# बिहार में झामुमो की अनदेखी से हेमंत सोरेन नाराज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** राज्य में सत्तारूढ़ पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) बिहार विधानसभा के आगामी चुनाव को लेकर स्वतंत्र रूप से तैयारी में जुट गई है। आईएनडीआईए गठबंधन में शामिल होने की उम्मीद के बावजूद पटना में गठबंधन की हुई पिछली चार बैठकों में झामुमो को आमंत्रित नहीं किया गया, जिससे पार्टी में नाराजगी स्वाभाविक है।इस कारण गठबंधन के साथ तालमेल की संभावना कमजोर पड़ती दिख रही है। झामुमो ने अब झारखंड से सटी बिहार की 12 विधानसभा सीटों पर अपने दम पर चुनाव लड़ने की रणनीति बनानी शुरू कर दी है।

झामुमो को उम्मीद थी कि वह बिहार में गठबंधन का हिस्सा होगा, खासकर तब जब झारखंड में उसने गठबंधन को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई। 2024 के झारखंड विधानसभा चुनाव में झामुमो के नेतृत्व वाले गठबंधन ने 56 सीटें जीतकर शानदार प्रदर्शन किया था, जिसमें झामुमो ने अकेले 34 सीटें हासिल कीं।

बिहार में गठबंधन की बैठकों से न्योता न मिलने पर झामुमो के महासचिव सह प्रवक्ता विनोद पांडेय ने कहा कि हमारी अपनी तैयारी है। हम अपने दम पर चुनाव लड़ने को तैयार हैं।झामुमो ने बिहार में झारखंड से सटी 12 विधानसभा सीटों को चिह्नित किया है, जहां उसका प्रभाव है। इन इलाकों में आदिवासी समुदायों की अच्छी-खासी आबादी है। पार्टी का मानना है कि इन क्षेत्रों में उसकी आदिवासी हितों की नीतियां और झारखंड में किए गए कार्य मतदाताओं को आकर्षित कर सकते हैं।

झामुमो ने पहले ही इन सीटों पर स्थानीय नेताओं और कार्यकताओं के साथ बैठकें शुरू कर दी हैं। झामुमो अपनी कल्याणकारी योजनाओं, जैसे मंइयां सम्मान योजना को बिहार के मतदाताओं के बीच प्रचारित करने की योजना बना रहा है।झामुमो की नाराजगी से आईएनडीआईए (गठबंधन) में दरार की आशंका बढ़ गई है। बिहार में राजद, कांग्रेस और वाम दल पहले से ही सीट बंटवारे पर मंथन कर रहे हैं, लेकिन झामुमो की अनदेखी से गठबंधन की एकता पर सवाल उठ रहे हैं। यदि झामुमो स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ता है तो यह गठबंधन के वोट बैंक को नुकसान पहुंचा सकता है। दूसरी ओर, झामुमो के लिए यह बिहार में अपनी राजनीतिक जमीन तैयार करने का मौका भी है।

आने वाले महीनों में झामुमो की रणनीति और बिहार में उसका प्रदर्शन क्षेत्रीय राजनीति की दिशा तय कर सकता है।

# श्रेयस अय्यर की फूटी किस्मत, 10 दिन के अंदर दूसरी बार गंवाई टी20 ट्रॉफी



**नई दिल्ली।** श्रेयस अय्यर के ट्रॉफी हाथ में उठाने की कसक खत्म होने का नाम ही नहीं ले रही है। आईपीएल 2025 के बाद 10 दिनों में अय्यर के हाथों से एक और टी20 लीग ट्रॉफी उठाने का मौका दूर चला गया। टी20 मुंबई लीग के फाइनल में सोबो मुंबई फालकोन्स की कप्तानी कर रहे श्रेयस अय्यर को सिद्धेश लाड के नेतृत्व वाली एमएससी मराठा रॉयल्स के हाथों पांच विकेट की शिकस्त मिली। इसी के साथ एमएससी मराठा रॉयल्स ने 4 गेंदें शेष रहते पांच विकेट से मैच जीता और टी20 मुंबई लीग सीजन 3 का चैंपियन बना।श्रेयस अय्यर लगातार दूसरा टी20 फाइनल गंवाने के बाद निराश नजर आए। उन्होंने मैच के बाद कहा कि यह काफी हेक्टिक है विशेषकर जब आप हारते हैं। यह आपके दिमाग में बहुत चलता है।

यह काफी हेक्टिक है (10 दिनों के अंदर दो फाइनल)। विशेषकर जब आप हारते हैं, तो यह आपके दिमाग में बहुत चलता है। स्टेडियम में बड़ी संख्या में लोग मैच देखने आएं, यह शानदार है। स्टेडियम में रोमांच भरा हुआ था। आपके यहां आकर समर्थन करने के लिए धन्यवाद। मैं किसी विशेष घटना का जिक्र नहीं करना चाहता। कुल-मिलाकर लड़कों ने अपने प्रयासों में शानदार प्रदर्शन किया। हमने फाइनल तक पहुंचने के दौरान केवल एक मैच गंवाया। ऐसे में आप किसी पर निशाना नहीं साध सकते हैं। यह पीठ पर छुरा घोंपने जैसा है, जो मुझे बिलकुल पसंद नहीं। हमने बहुत कुछ सीखा।फाइनल हारने के बाद निराश होना आम है। इससे दुख पहुंचता है। जब अगले साल वापस आएंगे तो प्रेरणा और आत्मविश्वास होगा। अपने प्रयासों पर गर्व करना चाहिए। यहां ज्यादा अनुभव नहीं था तो 20,000 लोगों के सामने खेलना आसान नहीं। मैं ऐसी स्थिति में रहा हूं, मैंने गलती की है। जब आप घबरा जाते हैं तो गलतियां करते हैं। मगर इससे बहुत कुछ सीखने को मिलता है। फिर आप मजबूत होकर वापसी करते हैं।

## कगिसो रबाडा ने रिकॉर्ड्स बुक को हिला डाला, महान जैक्स कैलिस को पछाड़ा

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा के लिए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ डब्ल्यूटीसी फाइनल 2025 अब तक शानदार बीता है। रबाडा ने मैच में अब तक कुल 8 विकेट चटकाए और एक बड़ी उपलब्धि हासिल की। याद दिला दें कि ऐतिहासिक लॉर्ड्स मैदान पर खेले जा रहे मुकाबले में रबाडा ने पहली पारी में 51 रन देकर पांच विकेट झटके थे। इसके बाद दूसरी पारी में रबाडा का कहर जारी रहा और उन्होंने दूसरे दिन के स्टंप्स तक 11 ओवर में 44 रन देकर तीन विकेट झटके। रबाडा ने दूसरी पारी में मार्नस लाबुशेन (22), उस्मान ख्वाजा (6) और कैमरन ग्रीन को अपना शिकार बनाया।इस दौरान कगिसो रबाडा ने एक बेहद खास उपलब्धि हासिल की। वो दक्षिण अफ्रीका के लिए पांचवें सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय विकेट लेने वाले गेंदबाज बने। रबाडा ने पूर्व दिग्गज ऑलराउंडर जैक्स कैलिस को पीछे छोड़ते हुए उपलब्धि अपने नाम की।30 साल के रबाडा ने अपने 242वें अंतरराष्ट्रीय मैच में 574 विकेट चटकाए। उन्होंने जैक्स कैलिस को पीछे छोड़ा, जिन्होंने 513 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 572 विकेट झटके थे। बता दें कि दक्षिण अफ्रीका के लिए सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय विकेट लेने का रिकॉर्ड शॉन पोलक के नाम दर्ज है। पोलक ने 414 मैचों में 823 विकेट चटकाए।बता दें कि ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच डब्ल्यूटीसी फाइनल 2025 इस समय बराबरी पर चल रहा है। ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी 212 रन के जवाब में दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी 138 रन पर ढेर हो गई। इस तरह कंगारू टीम को पहली पारी के आधार पर 74 रन की बढ़त मिली।

# विंबलडन की इनामी राशि में हुआ इजाफा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विंबलडन के मेजबान ऑल इंग्लैंड क्लब के अधिकारियों ने बताया कि इस ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट की पुरस्कार राशि बढ़कर रिकॉर्ड 53.5 मिलियन पाउंड (लगभग 6.23 अरब रुपये) कर दी गई है जिसमें से एकल वर्ग के विजेताओं को तीन मिलियन पाउंड ( लगभग 34.93 करोड़ रुपये) की राशि मिलेगी। यह रकम पिछले साल की तुलना में सात प्रतिशत और 3.5 मिलियन पाउंड अधिक है। यह 10 साल पहले इस ग्रास-कोर्ट ग्रैंड स्लैम में प्रतियोगियों मिलने वाली राशि से दोगुना है। ऑल इंग्लैंड क्लब के अध्यक्ष डेबोरा जेवांस ने कहा, हमें इस बात पर बहुत गर्व है कि पिछले 10 वर्षों में हमने पुरस्कार राशि में बहुत बड़ी बढ़ोतरी की है। हमने इस वर्ष पिछले आयोजन की तुलना में लगभग सात प्रतिशत की बढ़ोतरी की है। इस साल के पुरुष और महिला वर्ग के विजेताओं को पिछले साल के पुरस्कारों की तुलना में 11.1 प्रतिशत अधिक राशि मिलेगी। एकल के पहले दौर में हारने वाले खिलाड़ियों को 66,000 पाउंड (लगभग 76 लाख रुपये) मिलेंगे, जो पिछले साल की तुलना में 10प्रतिशत अधिक है। वर्ष के तीसरे ग्रैंडस्लैम विंबलडन का आगाज 30 जून से होगा जबकि इसका समापन 13 जुलाई को होगा।




## पोलैंड फुटबॉल टीम के कोच मिशल प्रोबिएरज ने दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पोलैंड की राष्ट्रीय फुटबाल टीम के कोच मिशल प्रोबिएरज ने स्टार स्ट्राइकर रॉबर्ट लेवेंडोवस्की के साथ विवाद के कुछ दिनों बाद मुख्य कोच के पद से इस्तीफा दे दिया है। पोलैंड फुटबाल संघ द्वारा जारी बयान में प्रोबिएरज ने कहा, मैं इस निष्कर्ष पर पहुंचा हूं कि वर्तमान स्थिति को देखते हुए राष्ट्रीय टीम के हित में सबसे अच्छा निर्णय मुख्य कोच के पद से मेरा इस्तीफा है।

प्रोबिएरज ने इस सप्ताह की शुरुआत में फिनलैंड के खिलाफ विश्व कप क्वालिफायर की पूर्व संध्या पर बार्सिलोना के स्ट्राइकर लेवेंडोवस्की को टीम के कप्तान के पद से हटा दिया और उनकी जगह इंटर मिलान के मिडफील्डर पिओटर जिलिंस्की को नया कप्तान नियुक्त किया था। लेवेंडोवस्की को यह फैसला नागवार गुजरा और उन्होंने घोषणा की कि जब तक प्रोबिएरज मुख्य कोच बने रहेंगे

## हैंडबाल के इंडिया कैंप के लिए हिमाचल की आठ बेटियों का चयन, चीन में होने वाली है प्रतियोगिता




**नई दिल्ली, एजेंसी।** चीन में होने वाली 11वीं एशियन अंडर-18 यूथ वुमन हैंडबाल प्रतियोगिता के लिए इंडिया कैंप में चुनी गई 28 खिलाड़ियों में हिमाचल से आठ महिलाओं को शामिल किया गया है। कैंप के बाद 18 महिला खिलाड़ियों का चयन होना है। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए टीम 14 जुलाई को रवाना होगी।

गुजरात के गांधीनगर में राष्ट्रीय कैंप 13 जुलाई तक चलेगा। कैंप में देशभर की 70 महिला खिलाड़ियों में से 28 को चुना गया है। यहीं से टीम इंडिया को चुना जाएगा। हैंडबाल कोच स्नेहलता ने बताया कि चयनित खिलाड़ियों में गोलकीपर नेहा चौहान और काजल, लेफ्ट बैक शिवानी देवी, लेफ्ट विंग रिद्धिमा, राइट बैक मुस्कान, सेंटर बैक गरिमा, पीवोट कनिष्का और राइट विंग शिक्षा को शामिल किया गया है। शामिल हैं। ये सभी खिलाड़ी मोरसिंघी हैंडबाल नर्सरी से तैयार हुई हैं।

स्नेहलता ने बताया कि कैंप के बाद चयनित 18 सदस्यीय टीम 14 जुलाई को चीन रवाना होगी। जहां 11वीं एशियन अंडर-18 यूथ वुमन हैंडबाल प्रतियोगिता होगी। इस दौरान टीम के साथ मुख्य कोच सचिन और कोच विनॉय, नवीन पुनिया और मनीषा राठौर भी रहेंगे। स्नेहलता ने कहा कि प्रदेश से एक साथ आठ खिलाड़ियों का कैंप के लिए चुना जाना गर्व का विषय है। उम्मीद है कि कैंप के बाद हिमाचल से गई खिलाड़ी टीम इंडिया में भी स्थान बनाएंगी और प्रतियोगिता में दमदार प्रदर्शन कर देश का नाम चमकाएंगी।

# मेजर लीग क्रिकेट में मचाया धमाल एलेन ने लगाई रिकॉर्ड्स की झड़ी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** न्यूजीलैंड के बल्लेबाज फिन एलेन ने अमेरिका की टी20 लीग मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) में शानदार पारी खेल कई रिकॉर्ड अपने नाम कर लिए। सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स के लिए वॉशिंगटन फ्रीडम के खिलाफ खेलते हुए उन्होंने 51 गेंदों पर 151 रन बनाए। इस दौरान एलेन ने 296 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की। वॉशिंगटन के गेंदबाजों के लिए एलेन की पारी किसी बुरे सपने की तरह रही। सैन फ्रांसिस्को ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 269 रन बनाए। जवाब में वॉशिंगटन की टीम 13.1 ओवर में 146 रन पर ऑलआउट हो गई। इस तरह यूनिकॉर्न्स ने यह मुकाबला 123 रनों से अपने नाम किया।

### एलेन ने लगाई रिकॉर्ड्स की झड़ी

अपनी इस तूफानी पारी के दम पर एलेन ने कई रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिए। वह टी20 क्रिकेट में सबसे तेजी से 150 रन पूरे करने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। एलेन 49 गेंदों पर इस उपलब्धि पर पहुंचे। उन्होंने इस मामले में डेवाल्ड ब्रेविस को पीछे छोड़ा जिन्होंने दक्षिण अफ्रीका की टी20 लीग में 52 गेंदों पर 150 रन बनाए थे। इतना ही नहीं, एलेन ने 34 गेंदों पर शतक पूरा किया जो न्यूजीलैंड के किसी बल्लेबाज का टी20 में सबसे तेज सैकड़ा है। यह फ्रेंचाइजी आधारित टूर्नामेंट में किसी बल्लेबाज का दूसरा सबसे तेजी से लगाया गया शतक है। उनसे आगे इस मामले में क्रिस गेल हैं जिन्होंने आईपीएल 2013 में 30 गेंदों पर शतक लगाया था।



### सिर्फ छक्के लगा बनाए 100 से अधिक रन

एलेन ने टी20 की एक पारी में सर्वाधिक छक्के लगाने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। उन्होंने इस मैच में 19 छक्के लगाए और इस मामले में क्रिस गेल और एस्टोनिया के साहिल चौहान को पीछे छोड़ दिया। गेल और साहिल ने टी20 के एक पारी में 18 छक्के लगाए हैं। एलेन ने 134 रन सिर्फ बाउंड्री से जुटाए जिसमें से 114 रन तो छक्के के द्वारा आए। सिर्फ तीन खिलाड़ी ऐसे हैं जिन्होंने बाउंड्री के जरिये टी20 में एलेन से ज्यादा रन बनाए हैं। एलेन इसके साथ ही एमएलसी टूर्नामेंट में सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। उन्होंने इस मामले में निकोलस पूरन को पीछे छोड़ा जिन्होंने 2023 में नाबाद 137 रन बनाए थे।

### आईपीएल नीलामी में रहे थे अनसोल्ड

दिलचस्प बात है कि एलेन को आईपीएल 2025 के लिए हुई मेगा नीलामी में कोई खरीदार नहीं मिला था। एलेन नीलामी में दो करोड़ रुपये के आधार मूल्य के साथ आए थे, लेकिन उन्हें लेने में किसी टीम ने दिलचस्पी नहीं दिखाई थी। एलेन भले ही आईपीएल 2025 में नहीं खेल सके, लेकिन उन्होंने एमएलसी में अपने दमदार प्रदर्शन से सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा है।

## नीदरलैंड ने हासिल किया वनडे इतिहास का तीसरा बड़ा रन चेज, ओ डोड ने खेली शानदार पारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।**सलामी बल्लेबाज मैक्स ओ डोड की नाबाद 158 रनों की पारी के दम पर नीदरलैंड्स ने आईसीसी विश्व कप लीग टू 2023-27 के मुकाबले में स्कॉटलैंड को चार विकेट से हराकर बड़ी जीत दर्ज की। स्कॉटलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए जॉर्ज मुंसे के 191 रनों की पारी की मदद से 50 ओवर में छह विकेट पर 369 रन बनाए। जवाब में नीदरलैंड ने चार गेंद शेष रहते हुए छह विकेट पर 374 रन बनाकर मैच अपने नाम किया।




### बड़ी टीमों को पीछे छोड़ा

यह वनडे इतिहास का तीसरा सबसे बड़ा रन चेज है। वनडे में सबसे बड़ा रन चेज करने का रिकॉर्ड दक्षिण अफ्रीका के नाम है जिसने 2006 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नौ विकेट पर 438 रन बनाए थे। इस सूची में दूसरे स्थान पर भी दक्षिण अफ्रीका ही है। अब इस लिस्ट में नीदरलैंड का नाम भी जुड़ गया है और उसने भारत और इंग्लैंड जैसे देशों को पीछे छोड़ दिया है। स्कॉटलैंड ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। स्कॉटलैंड के लिए मुंसे ने 150 गेंदों पर 14 चौकों और 11 छक्कों की मदद से 191 रन की पारी खेली, जबकि कप्तान मैथ्यू क्रॉस ने 59 रन बनाए। स्कॉटलैंड ने इस तरह नीदरलैंड्स के सामने बड़ा लक्ष्य रखा। जवाब में नीदरलैंड के लिए ओ डोड 130 गेंदों पर 12 चौकों और चार छक्कों की मदद से 158 रन बनाकर नाबाद लौटे। उन्होंने टीम को ऐतिहासिक जीत दिलाई। यह नीदरलैंड की इस प्रारूप में सबसे बड़ी जीत है। ओ डोड के अलावा तेजा निदामानुरु ने 51 और नोह क्रोएस 50 ने रनों का योगदान दिया। नीदरलैंड और स्कॉटलैंड ने मिलाकर इस मैच में कुल 743 रन बनाए।

# क्या टी20 में खत्म हो चुका है बाबर, रिजवान और शाहीन का करियर !


### चयनकर्ताओं के बयान से मिल रहे संकेत

**कराची, एजेंसी**

पाकिस्तान के चयनकर्ताओं ने बाबर आजम, मोहम्मद रिजवान और शाहीन अफरीदी जैसे अनुभवी खिलाड़ियों को वेस्टइंडीज और बांग्लादेश के खिलाफ आगामी टी20 सीरीज के लिए किसी भूमिका की संभावनाओं से इन्कार किया है। चयनकर्ताओं के इस बयान के बाद ये कयास लगने शुरू हो गए हैं कि क्या खेल के सबसे छोटे प्रारूप में इन तीनों खिलाड़ियों का करियर अब समाप्त हो चुका है?

बाबर, रिजवान और शाहीन को दी जा चुकी है सूचना

आकिब जावेद, अलीम डार, अजहर अली और असद शफीक सहित पाकिस्तानी चयनकर्ता अगले सप्ताह वेस्टइंडीज और बांग्लादेश में होने वाली सीरीज के लिए टी20 टीम की घोषणा कर सकते हैं। ये दोनों सीरीज जुलाई-अगस्त में खेली जाएंगी। रिपोर्ट की मानें तो चयनकर्ताओं और मुख्य कोच माइक हेसन ने बाबर, रिजवान और शाहीन को पहले ही बता दिया है कि आगामी टी20 सीरीज के लिए उनकी जरूरत नहीं है और उन्हें आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) तथा वनडे प्रारूप पर अधिक ध्यान देना चाहिए।




पाकिस्तान को जुलाई के आखिरी सप्ताह में वेस्टइंडीज का दौरा करना है जहां उसे तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय और तीन वनडे मैच खेलने हैं। कैरेबियाई देशों में खेलने के बाद पाकिस्तान की टीम तीन मैच की टी20 सीरीज के लिए बांग्लादेश जाएगी लेकिन अगस्त में होने वाली इस सीरीज को पांच मैच की करने का सुझाव दिया गया है। पाकिस्तान को अगस्त के आखिर में अफगानिस्तान की टी20 टीम की भी मेजबानी करनी है। यह सब सितंबर में होने वाले एशिया कप (अभी तक पुष्टि नहीं हुई है) और अगले साल के शुरुआत में होने वाले आईसीसी विश्व टी20 कप की तैयारी का हिस्सा है।

राष्ट्रीय चयनकर्ता के करीबी एक सूत्र ने बताया कि पैनल और हेसन टी20 टीम में नए युवा खिलाड़ियों को अधिक मौका देना चाहते हैं। सूत्र ने कहा, विचार यह है कि अगर चीजें खराब होती हैं तो चयनकर्ता हमेशा बाबर, रिजवान और शाहीन को दोबारा चुन सकते हैं। दूसरी तरफ बाबर सिडनी सिक्सर्स के लिए अपने पहले बिग बैश लीग सत्र में खेलने के लिए तैयार हैं। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने उन्हें और अन्य कुछ खिलाड़ियों को इस टूर्नामेंट में खेलने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) दे दिया है।

# दिल्ली-आगरा हाईवे पर बल्लभगढ़ में बनेगा 8 लेन फ्लाईओवर



**नइदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली-आगरा नेशनल हाईवे पर बल्लभगढ़ अनाज मंडी से लेकर जेसीबी कट तक प्रस्तावित सात लेन रेलवे ओवरब्रिज अब आठ लेन का बनाया जाएगा। इसी प्रकार आठ लेन के फ्लाईओवर बनाने की योजना आगरा तक की है, ताकि आने वाले वर्षों में किसी प्रकार से ट्रैफिक की समस्या नहीं रहे। विधायक मूलचंद शर्मा ने गुरुवार को यह जानकारी सिविल रेस्ट हाउस में आयोजित एक पत्रकार वार्ता में दी। पत्रकार वार्ता मोदी सरकार के संकल्प से सिद्धि तक 11 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित की गई थी। इसके अलावा जिला स्तर पर विकास कार्यों की प्रदर्शनी लगाई गई।

सिविल रेस्ट हाउस में आयोजित पत्रकार वार्ता में विधायक ने कहा कि बल्लभगढ़ में रेलवे ओवरब्रिज को बनाए जाने की तैयार चल रही थी, लेकिन केंद्र सरकार के आदेश मिले हैं कि यह ओवरब्रिज आठ लेन का बनाया जाएगा। हालांकि 7 लेन के ओवरब्रिज का शिलान्यास 9 मार्च 2024 को केंद्र राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर व वह स्वयं कर चुके हैं। जिस पर करीब 150 करोड़ रुपये खर्च किए जाने थे। उन्होंने कहा कि बल्लभगढ़ से पलवल तक मेट्रो की घोषणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं कर चुके हैं, जिसे सरकार जल्द पूरा करेगी। विधायक मूलचंद शर्मा ने कहा कि अमृत काल में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में रिकॉर्ड तोड़कर कार्य किए गए। देश की प्रभुता, अखंडता और सुरक्षा को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किए हैं और आज उसी का परिणाम है कि देश की सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के सफल आपरेशन में पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों और उनके एयरबेस को उसके घर में घुसकर जवाब दिया। इस मौके पर अध्यक्ष सोहन पाल छोकर, विधायक सतीश फागना, पूर्व जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा समेत अन्य मौजूद रहे।

### प्रदर्शनी आम लोगों के लिए 22 तक खुली रहेगी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण की 11 वर्षों की उपलब्धियों को दर्शाने वाली एक भव्य प्रदर्शनी का शुभारंभ फरीदाबाद में हुआ। इसका उद्घाटन पूर्व कृषि मंत्री जे.पी. दलाल ने रिबन काटकर किया। यह प्रदर्शनी 22 जून तक आम लोगों के लिए खुली रहेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### अहमदाबाद विमान दुर्घटना केवल एक हादसा नहीं...; आप सांसद संजय सिंह ने और क्या कहा?

**नइदिल्ली, एजेंसी।** गुजरात की राजधानी अहमदाबाद में आज गुरुवार को भयावह विमान हादसा हुआ। विमान ने लंदन के लिए उड़ान भरी थी, जिसमें पायलट और क्रू मेंबर समेत कुल 242 यात्री सवार थे। मगर विमान उड़ान भरने के कुछ ही समय बाद बीजे मेडिकल कॉलेज परिसर में जा गिरा। इस भयावह हादसे में यात्रियों के बुरी तरह झुलसकर मरने की खबर सामने आई है। आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने इस दुर्घटना पर दुख जताया है, उन्होंने कहा कि अहमदाबाद विमान दुर्घटना केवल एक हादसा नहीं है... सांसद संजय सिंह ने एक्स पर दुखद संदेश लिखा है, उन्होंने इस दुर्घटना को हादसा के साथ ही गहरी मानवीय त्रासदी करार दिया है। संजय सिंह ने लिखा- अहमदाबाद विमान दुर्घटना केवल एक हादसा नहीं, बल्कि एक गहरी मानवीय त्रासदी है। इसमें न जाने कितने सपने अधूरे रह गए और कितनी ज़िंदगियाँ असमय थम गईं। हृदय विदारक इस दुर्घटना ने देश को शोक की असीम पीड़ा में डुबो दिया है। हर खोई हुई जान के पीछे एक पूरा संसार उजड़ गया। इस असहनीय घड़ी में शोक संतप्त परिवारों के साथ पूर्ण संवेदना और एकजुटता के साथ खड़े हैं। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को चिरशांति प्रदान करें और पीड़ित परिजनों को यह गहन दुःख सहने का संबल दे।

आपको बताते चलें कि इस हादसे को लेकर अहमदाबाद पुलिस ने दुखद आशंका जताते हुए कहा है कि सवार यात्रियों में से किसी का भी जिंदा बचना मुश्किल है। दुर्घटनाग्रस्त प्लेन में 169 भारतीय, 53 ब्रिटिश, 1 कनाडा और 7 पुर्तगाली नागरिक सवार थे। यह प्लेन मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल के ऊपर गिरा, जिसके चलते मेडिकल इंटर्न और डॉक्टरों की जान जाने की भी खबर है।

### गाजियाबाद शहर को 15 जोन में बांटकर होगा विकास

**गाजियाबाद एजेंसी।** गाजियाबाद शहर को 15 जोन में बांटकर विकास कार्य कराए जाएंगे। इसके लिए गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) सलाहकार एजेंसी नियुक्त करेगा, जिसकी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। एजेंसी नियुक्त होते ही शहर में योजनाबद्ध तरीके से जोनवार विकास कार्य होगा। क्षेत्र में आवासीय, व्यावसायिक और औद्योगिक प्रोजेक्ट लाए जाएंगे। जीडीए का वर्तमान दायरा 184 गांवों की 3,889 हेक्टेयर जमीन पर फैला है। इस क्षेत्रफल को प्राधिकरण ने 8 जोन में बांटा है, जिसमें प्राधिकरण की अभियंत्रण, संपत्ति और प्रवर्तन टीमें काम करती हैं। अब गाजियाबाद विकास प्राधिकरण का दायरा बढ़ने वाला है। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण अधिकारी बताते हैं कि महायोजना 2031 लागू होने से प्राधिकरण के क्षेत्र में भी विस्तार होगा। इसके साथ ही मेरठ एक्सप्रेसवे और ईस्टर्न पेरिफेरल के किनारे वाले 61 गांव भी प्राधिकरण दायरे में आएंगे। ऐसे में इस क्षेत्र को योजनाबद्ध तरीके से विकसित करना होगा। इसी को देखते हुए प्राधिकरण ने सलाहकार एजेंसी नियुक्त करने की प्रक्रिया पर काम करना शुरू कर दिया है। अधिकारी बताते हैं कि सलाहकार एजेंसी नियुक्त होते ही पूरे क्षेत्र का सर्वे करेगी। फिर शहर को 15 जोन में बांटकर योजनाबद्ध तरीके से विकसित करने का प्लान तैयार करेगी। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के अधिकारी बताते हैं कि प्राधिकरण के नए क्षेत्र में कई प्रोजेक्ट लाने की तैयारी है।

## कौन थी एयरहोस्टेस रोशनी? अहमदाबाद विमान हादसे में गंवाई जान, इंस्टाग्राम पर लंबी फैन फॉलोइंग




**नई दिल्ली, एजेंसी।** एयरहोस्टेस रोशनी का सपना था आसमान में उड़ान भरना। अपने इंस्टा हैंडल पर नाम के आगे उसने लिखा 'स्काई लव्स हर'। आज रोशनी खुद आसमान में खो गई। रोशनी उसी विमान पर एयरहोस्टेस थी, जो टेकऑफ के चंद सेकंड्स बाद क्रैश हो गया। अपने हौसले से आसमान नापने निकली लड़की उसी आसमान में खो गई। पीछे रह गए हैं तो दर्द में डूबे परिजन, दोस्त और तमाम चाहने वाले। इंस्टाग्राम पर रोशनी के करीब 56 हजार फॉलोवर्स हैं। यहां एक तरफ वीडियो और तस्वीरों में हंसती-खिलखिलाती रोशनी है। दूसरी तरफ उसकी मौत से गमजदा उसके फॉलोवर्स। बड़ी संख्या में लोग रोशनी को अंतिम विदाई दे रहे हैं। सब उसकी हिम्मत और मेहनत को सलाम कर रहे हैं। बता दें कि अहमदाबाद से लंदन जा रहा एयर इंडिया का विमान गुरुवार को क्रैश हो गया। इस हादसे में 265 लोगों की जान चली गई, जिसमें विमान के क्रू मेंबर्स भी शामिल हैं।

**बेहद प्यारी इंसान :** रोशनी की असामयिक मौत पर दोस्त और परिजन गम से बेहाल हैं। वहीं, उसकी इंस्टा फैमिली भी काफी उदास है। रोशनी के वीडियो के साथ की गई एक पोस्ट में लिखा है, 'आरआईपी रोशनी, एक बेहद प्यारी एयर इंडिया केबिन क्रू, एक उभरती हुई सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर, जिसने बोइंग 787 के हादसे में अपनी जान गंवा दी।' बता दें कि यह विमान बीजे मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल पर गिरा था।

**आसमान था दूसरा घर :** एक अन्य पोस्ट में लिखा है, तुम बहुत जल्दी चली गई रोशनी। हम तुम्हें कभी भूल नहीं पाएंगे। आगे लिखा है कि उसने हमेशा पूरी शिद्दत के साथ अपना काम किया। यह उसका पसंदीदा काम था। जिन बादलों के ऊपर वह उड़ान भरती थी, उससे भी कहीं ज्यादा बड़ा उसका दिल था। हमेशा मुस्कुराने वाली और दूसरों का ख्याल रखने वाली। इस पोस्ट में आगे लिखा है कि आसमान उसके लिए दूसरा घर था और अब वह हमेशा के लिए वहीं, बस गई।

**एयर होस्टेस बनना था सपना :** बता दें कि रोशनी, डोंबीवली इलाके के मधाबी बंगलो इलाके की रहने वाली थी। यहां पर वह अपने पिता और भाई के साथ रहती थी। एक रिश्तेदार के मुताबिक रोशनी का सपना एयर होस्टेस बनने का था। इसके लिए उसने हाल ही में एयर इंडिया ज्वॉइन की थी। रोशनी के एक रिश्तेदार ने बताया कि वह बुद्धिमान और समझदार लड़की थी। पढ़ाई पूरी करने के बाद उसने जो चाहा, हासिल किया।

## अरावली समेत चार जगह चले बुलडोजर, 150 अवैध मकान तोड़े



**नइदिल्ली, एजेंसी।** फरीदाबाद में शुक्रवार को अरावली समेत चार इलाकों में एक अवैध फार्म हाउस सहित 150 से अधिक अवैध मकानों पर बुलडोजर चला। यह कार्रवाई हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी), नगर निगम, जिला नगर योजनाकार (डीटीपी) और वन विभाग की संयुक्त टीमों ने मिलकर की। इस दौरान जगह-जगह लोगों ने तोड़फोड़ की कार्रवाई का विरोध भी किया, लेकिन पुलिस बल ने उन्हें समझा कर शांत कर दिया। नगर निगम, डीटीपी इंफोर्समेंट, वन विभाग और एचएसवीपी की टीमें संयुक्त रूप से शुक्रवार सुबह अलग-अलग इलाकों में कार्रवाई के लिए पहुंचीं। टीम को देख लोगों में हड़कंप मच गया। नगर निगम की टीम ने राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित बाटा चौक के पास ग्रीन बेल्ट में अवैध रूप से बनी झुग्गियों को जेसीबी से ध्वस्त कर दिया। एसडीओ विनोद ने बताया कि यहां लोगों ने अवैध रूप से डेयरियां खोली हुई थीं। टीम ने 70 से अधिक झुग्गियों को साफ कर दिया। निगम अधिकारियों के अनुसार, ग्रीन बेल्ट क्षेत्र में किसी भी प्रकार का निर्माण प्रतिबंधित है, फिर भी वर्षों से यहां कब्जे किए जा रहे थे।

**बड़खल रेलवे ओवरब्रिज के पास 70 अवैध मकान तोड़े गए :** दूसरी कार्रवाई बड़खल रेलवे ओवरब्रिज के पास हुई, जहां एचएसवीपी की टीम ने सुरक्षा बलों के साथ पहुंचकर करीब 70 मकानों को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया। ये सभी मकान प्राधिकरण की भूमि पर वर्षों से अवैध रूप से बने हुए थे। अधिकारियों का कहना है कि इन कब्जों के खिलाफ पहले भी नोटिस भेजे गए थे, लेकिन कोई असर नहीं हुआ। एचएसवीपी संपदा अधिकारी नवीन ने बताया कि यहां एक पुराना बरसाती नाला बना हुआ है। सैकड़ों लोगों ने यहां अवैध पक्के मकान और दुकानें बना ली थीं। इन निर्माणों के कारण नाले की सफाई में बाधा आ रही थी। मकानों को गिराने में पुलिस की भी सहायता ली गई ताकि किसी प्रकार का विरोध न हो।

**चिरसी गांव में 10 एकड़ में फैली थी अवैध कॉलोनी :** जिला नगर योजनाकार (डीटीपी) विभाग ने चिरसी गांव में करीब 10 एकड़ में विकसित की जा रही एक अवैध कॉलोनी पर बड़ी कार्रवाई की।

बिना किसी अनुमति और नक्शा पास कराए कॉलोनाइजर ने यहां प्लॉट काटने शुरू कर दिए थे। कुछ लोगों ने मकान बना लिए थे। डीटीपी की टीम ने मौके पर पहुंचकर 15 मकानों को ध्वस्त कर दिया। ड्यूटी मजिस्ट्रेट एटीपी मुशफीक की निगरानी में कार्रवाई को अंजाम दिया गया। डीटीपी एनफोर्समेंट अधिकारी राहुल सिंगला ने बताया कि अवैध निर्माणों की सूचना मिल रही थी।

**सौ और अवैध निर्माणों पर जल्द कार्रवाई होगी:** नगर निगम अधिकारियों ने बताया कि फिलहाल ऐसे 100 से अधिक अवैध निर्माणों की सूची तैयार की जा चुकी है, जिन पर आगामी दिनों में कार्रवाई की जाएगी। विशेष दस्ते बनाए गए हैं, जो नियमित रूप से सर्वे कर रहे हैं। नगर निगम आयुक्त ने स्पष्ट किया कि किसी भी हाल में अवैध निर्माणों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। लोगों को चेतावनी दी गई है कि वे अवैध प्लॉट न खरीदें और न ही किसी गैरकानूनी कॉलोनी में मकान आदि का निर्माण करवाएं।

डीसीपी विक्रम सिंह ने कहा कि अब किसी भी प्रकार के अवैध निर्माण, प्लॉटिंग, फार्म हाउस या अतिक्रमण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभी संबंधित विभागों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि वे नियमित निगरानी रखें और कानून के तहत कड़ी कार्रवाई करें। लोगों से भी अपील की है कि वे किसी भी कॉलोनाइजर से प्लॉट खरीदने से पहले उसकी वैधता की जांच करें। यदि उन्हें किसी अवैध निर्माण या कब्जे की जानकारी मिले, तो प्रशासन को तुरंत सूचित करें। दिल्ली-एनसीआर में बहुत बड़ी बुलडोजर कार्रवाई होने वाली है। यहां के फरीदाबाद इलाके में प्रशासन ने 5 हजार घरों पर बुलडोजर कार्रवाई करने के लिए मकान मालिकों को नोटिस भेजा है। प्रशासन ने इन मकान मालिकों को 15 दिन का समय दिया है, इस दिए गए समय में अतिक्रमण नहीं हटा तो जिला प्रशासन और वन विभाग मिलकर तोड़फोड़ की कार्रवाई शुरू कर देंगे। प्रशासन ने कुछ इलाकों में बुलडोजर कार्रवाई शुरू भी कर दी है, इसमें तोड़फोड़ के लिए 6 बुलडोजर लगाए गए हैं।

## कनाडा में हिंदू व्यापारी की हत्या से दहशत, 2025 में तीसरी बार हुई खूनी वारदात

ओटावा , एजेंसी। कनाडा के सरे-फ्लीटवुड क्षेत्र में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है जहाँ दो अज्ञात हमलावरों ने एक हिंदू व्यवसायी सतविंदर शर्मा की उनके कार्यालय में गोली मारकर हत्या कर दी. सरे पुलिस सेवा द्वारा जारी सूचना के अनुसार यह घटना गुरुवार दोपहर करीब 3-45 बजे 160 स्ट्रीट के पास 84 एवेन्यू पर हुई जो फ्लीटवुड सामुदायिक केंद्र के बेहद करीब है.

**मौके पर ही हुई मौत, बठिंडा से था मृतक का नाताः** पुलिस को गोलीबारी की सूचना मिलने के बाद जब टीम घटनास्थल पर पहुँची तो उन्हें एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिला. पुलिस और पैरामेडिक्स के तमाम प्रयासों के बावजूद घायल व्यक्ति को बचाया नहीं जा सका और उसकी मौत हो गई. सामुदायिक सूत्रों ने पीड़ित की पहचान एब्सफोर्ड के सतविंदर शर्मा के रूप में की है. वह मूल रूप से भारत के पंजाब में बठिंडा के गांव जलाल के रहने वाले थे. सतविंदर शर्मा एक प्रमुख व्यवसायी थे जो डायमंड लेबर कॉन्ट्रैक्टर्स फर्म के तहत एक लेबर कॉन्ट्रैक्टर और प्रॉपर्टी डेवलपर के रूप में काम करते थे. जानकारी के अनुसार उन्हें कुछ साल पहले जबरन वसूली करने वालों के फोन भी आए थे. हालांकि पुलिस ने अभी तक यह स्पष्ट नहीं किया है कि यह ताज़ा घटना जबरन वसूली या किसी गैंगस्टर से जुड़ी है या नहीं.

**सरे में तीसरी गोलीबारी की घटनाः** सरे पुलिस का कहना है कि एकीकृत हत्या जांच दल ने इस मामले की जांच अपने हाथ में ले ली है. यह घटना 2025 में शहर में गोलीबारी की तीसरी घटना है जिसने स्थानीय समुदाय में चिंता बढ़ा दी है. पुलिस ने अभी तक घटना में मारे गए व्यक्ति की आधिकारिक पहचान जारी नहीं की है लेकिन सामुदायिक सूत्रों ने सतविंदर शर्मा के नाम की पुष्टि की है.

## ईरान के सर्वोच्च नेता खामनेई का इजराइल पर कड़ा वार, कहा— हमले की कड़ी सज़ा दी जाएगी

**तेहरान , एजेंसी।** ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामनेई ने शुक्रवार को अपने देश पर हुए हालिया हमले को लेकर इजराइल पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि इस आक्रामकता की कड़ी सज़ा दी जाएगी और जो भी इस हमले के पीछे हैं, उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी 'आईआरएनए' ने खामनेई के बयान को जारी करते हुए पुष्टि की कि इस हमले में ईरान की सेना के कई शीर्ष अधिकारी और वैज्ञानिक मारे गए हैं।

**खामनेई ने लगाया इजराइल पर गंभीर आरोपः** अयातुल्ला खामनेई ने इस हमले को अपराध करार दिया और कहा कि इसमें इजराइल के शैतानी और रक्त-रंजित हाथ शामिल हैं। उन्होंने इजराइल की नीयत को उजागर करते हुए कहा कि उसने आवासीय इलाकों पर हमला करके अपनी दुर्भावनापूर्ण प्रकृति साबित कर दी है। उनका यह बयान इस क्षेत्र में बढ़ती तनावपूर्ण स्थिति की गहराई को दर्शाता है।



**हमले में सेना के प्रमुख अधिकारी और वैज्ञानिक मारे गएः** आईआरएनए के मुताबिक, इस हमले में ईरान की सैन्य क्षमताओं को मजबूत करने वाले कई शीर्ष अधिकारी और वैज्ञानिक भी शहीद हुए हैं। इस हमले ने न केवल ईरान के सैन्य ढांचे को झटका दिया है, बल्कि क्षेत्रीय सुरक्षा की स्थिति को भी अनिश्चितता में डाल दिया है।

**क्षेत्र में बढ़ता तनाव, अंतरराष्ट्रीय समुदाय की चिंताः** ईरान और इजराइल के बीच इस प्रकार के सैन्य तनाव ने मध्य-पूर्व क्षेत्र में सुरक्षा संकट को और बढ़ा दिया है। अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने इस घटनाक्रम पर गहरी चिंता व्यक्त की है और दोनों पक्षों से संयम बरतने की अपील की जा रही है। विश्व के कई देश इस स्थिति को लेकर शांतिपूर्ण समाधान की ओर ध्यान देने पर जोर दे रहे हैं।

**भविष्य की संभावनाएँः** विश्लेषकों का कहना है कि ईरान की ओर से कड़ी प्रतिक्रिया की संभावना है, जिससे क्षेत्रीय संघर्ष और भी तीव्र हो सकता है। ऐसे समय में सभी देशों के लिए यह जरूरी है कि वे संवाद और कूटनीति के रास्ते अपनाएं, ताकि इस तनाव को नियंत्रित किया जा सके और व्यापक सैन्य संघर्ष को टाला जा सके।

## पाकिस्तान 'रेको दिक' प्रोजेक्ट से हो सकता है मालामाल

### मिला 70 करोड़ डॉलर का कज

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान को अपनी प्रमुख खनन और संसाधन विकास परियोजना रिको दिक के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़ी सफलता मिली है। विश्व बैंक और इंटरनेशनल फाइनेंस कॉरपोरेशन ने इस परियोजना के लिए 700 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 6000 करोड़ रुपये) के रियायती ऋण को मंजूरी दे दी है। यह परियोजना पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में स्थित है, जो देश का खनिज-संपन्न क्षेत्र माना जाता है। इस ऋण की मंजूरी को पाकिस्तान के लिए एक महत्वपूर्ण आर्थिक और कूटनीतिक जीत के रूप में देखा जा रहा है।

यह मंजूरी पाकिस्तान के लिए इसलिए भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है, क्योंकि इसके साथ ही निजी क्षेत्र से 2.5 अरब डॉलर के निवेश की भी उम्मीद जताई जा रही है। रिको दिक परियोजना पाकिस्तान की सबसे बड़ी खनन पहलों में से एक है और इसके जरिए देश के संसाधन विकास क्षेत्र को बड़ा बल मिलने की संभावना है।

**उत्पादन 2028 में शुरू होने की उम्मीदः** रिको दिक परियोजना को कनाडा की कंपनी बैरक गोल्ड तथा पाकिस्तान की केंद्रीय और प्रांतीय (बलूचिस्तान) सरकारें मिलकर संचालित कर रही हैं। परियोजना के पहले चरण का उत्पादन 2028 में शुरू होने की उम्मीद है। इस चरण की फंडिंग को लेकर कई अंतरराष्ट्रीय ऋणदाताओं से बातचीत जारी है।

हाल ही में की गई एक व्यवहार्यता रिपोर्ट में परियोजना की उत्पादन क्षमता को बढ़ा दिया गया है। अब पहले चरण में 45 मिलियन टन प्रति वर्ष (पहले 40 मिलियन टन) और दूसरे चरण में 90 मिलियन टन



प्रति वर्ष (पहले 80 मिलियन टन) उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है।

हालांकि उत्पादन दर में वृद्धि के कारण खान की कुल उम्र 42 वर्षों से घटकर 37 वर्ष कर दी गई है, लेकिन कंपनी का मानना है कि अभी तक जिन खनिजों की गणना नहीं की गई है, वे परियोजना की उम्र को 80 वर्षों तक बढ़ा सकते हैं।

**लागत में वृद्धि और विश्व बैंक की दीर्घकालिक योजनाः** परियोजना के पहले चरण की अनुमानित लागत भी अब बढ़कर 5.6 अरब डॉलर हो गई है, जो पहले 4 अरब डॉलर थी। इस बीच, विश्व बैंक ने अगले दस वर्षों तक पाकिस्तान के बुनियादी ढांचे के विकास में हर साल 2 अरब डॉलर निवेश करने की योजना बनाई है।

**क्या है रेको दिक परियोजना?:** रेको दिक परियोजना पाकिस्तान के चगाई जिले में स्थित दुनिया के सबसे बड़े अविकसित तांबा और सोना भंडारों में से एक है। इस परियोजना का स्वामित्व कनाडाई कंपनी बैरिक गोल्ड, पाकिस्तान की संघीय सरकार, और बलूचिस्तान की प्रांतीय सरकार के बीच साझेदारी में है। परियोजना का पहला चरण 2028 में उत्पादन शुरू करने की उम्मीद है, जिसमें प्रति वर्ष 240,000 टन तांबा और 300,000 औंस सोने का उत्पादन लक्ष्य है। दूसरे चरण में उत्पादन को बढ़ाकर 400,000 टन तांबा और 500,000 औंस सोना प्रति वर्ष करने की योजना है। एक अध्ययन के अनुसार, रेको दिक खदान में 15 मिलियन टन तांबे और 26 मिलियन औंस सोने का भंडार है। यह खदान विश्व की सबसे कम लागत वाली तांबा उत्पादक खदानों में से एक बनने की क्षमता रखती है। परियोजना की कुल लागत 6.6 बिलियन डॉलर आंकी गई है, जिसमें से 5.6 बिलियन डॉलर पहले चरण के लिए और शेष राशि बाद के चरणों के लिए होगी।

# बेटियां अपने को कमजोर न समझें, आत्मविश्वास को बढ़ाएं : उपायुक्त

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बेटियां अपने को कमजोर न समझे, वह केवल विवाह करने के लिए नहीं बनी है। वह अपने अंदर आत्मविश्वास को बढ़ाएं, आपके अंदर जो ऊर्जा है उसे पहचानें। सफलता के लिए जीवन में तीन बातों का ध्यान रखें। गलत का विरोध करें, किसी भी काम को समर्पण के साथ करें और अनुशासित रहें। उक्त बातें उपायुक्त अजय नाथ झा ने कहीं। वह समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में आयोजित जनता दरबार में न्याय को पहुंची एक बेटी को संबोधित कर रहे थे। उपायुक्त ने कहा कि बेटियां अपने को कमजोर न समझे। उन्होंने कहा कि हर बेटी में ऐसा भाव होना चाहिए कि उन्हें कोई हरा नहीं सकता। जब ऐसा भाव होगा तो वह अपराजिता बनेंगी। बेटियों-महिलाओं को समाज में पुरूषों के सामान अधिकार हैं, उन्होंने देश के नव निर्माण में बेटियों-महिलाओं को अपना योगदान देने की बात कहीं। जानकारी हो कि, जनता दरबार में पिंड्राजोरा थाना निवासी एक बेटी ने, बरमसिया थाना निवासी एक युवक पर शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने और वर्तमान में शादी से इंकार करने को लेकर मामले में न्याय के लिए पहुंची थी। उपायुक्त ने मामले में त्वरित संज्ञान लेते हुए चास एसडीपीओ को मामले की गंभीरता से जांच कर कार्रवाई करने, बाल संरक्षण इकाई को बेटी को संरक्षित करने, कौशल विकास के माध्यम से उसे किसी ट्रेड में प्रशिक्षित करने, आगे की पढ़ाई को लेकर जिला शिक्षा पदाधिकारी को जरूरी दिशा-निर्देश दिया।



**दोनों पक्षों को सुनने का दिया निर्देश**

कसमार प्रखंड के क्षेत्रनाथ प्लस टू उच्च विद्यालय हरनाद की व्यवसायिक शिक्षिका उर्मिला कुमारी ने आयोजित जनता दरबार में अपनी बात रखीं। पिछले 37 माह से जारी संघर्ष के संबंध में उपायुक्त को अवगत कराया। उपायुक्त ने संज्ञान लेते हुए डीपीएलआर श्रीमती मेनका, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा को एक तिथि निर्धारित कर दोनों पक्षों (व्यवसायिक शिक्षक - विद्यालय प्रधानाध्यापक) की बात सुनने और प्रतिवेदन समर्पित करने को कहा।

**शिक्षक विद्यालयों में शतप्रतिशत दें, विभाग कर रहा काम**

आयोजित जनता दरबार में झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रतिनिधियों ने उपायुक्त से भेंट कर उनका स्वागत किया। इस क्रम में उन्होंने सभी शिक्षकों को अपने - अपने विद्यालयों में शत-प्रतिशत देने, बच्चों को गुणवत्तापूर्ण पठन/पाठन कराने को कहा। उन्होंने संघ प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि आपके प्रमोशन/पेंशन व अन्य लाभ के लिए विभाग काम कर रही है। आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है।

**23 से ज्यादा मामलों पर की सुनवाई, दिया निर्देश**

आयोजित जनता दरबार में आम जनता से जुड़ी समस्याओं पर उपायुक्त ने क्रमवार सुनवाई की। इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे 23 से ज्यादा लोगों की क्रमवार समस्याओं/शिकायतों पर सुनवाई किया। साथ ही संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को अग्रसारित करते हुए एक सप्ताह में निष्पादन करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में जिला नियोजनालय, भूमि विवाद, डीपीएलआर, राजस्व, नावाडीह अंचल, जिला ग्रामीण विकास विभाग, सामाजिक सुरक्षा, शिक्षा विभाग आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए थे।

**विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने की मुलाकात**

समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अजय नाथ झा से शुक्रवार को विभिन्न सामाजिक संगठनों/ पंचायत प्रतिनिधियों ने मुलाकात किया। उनके पदस्थापन को लेकर उन्हें बधाई दी। साथ ही, अपनी समस्याओं को भी उपायुक्त के समक्ष रखा। मौके पर डीपीएलआर मेनका, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना शेजवलकर, जिला जन संपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा पियूष, जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा,सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह समेत अन्य उपस्थित थे।

## स्वस्थ महिला व बच्चे देश का भविष्य, बोकारो को कुपोषण मुक्त बनाएं : उपायुक्त



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा कैंप टू स्थित जायजा हैपनिंग सभागार में 'गंभीर तीव्र कुपोषण (सैम)' और 'मध्यम तीव्र कुपोषण (मैम)' बच्चों के कुशल प्रबंधन को लेकर शुक्रवार को प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त अजय नाथ झा ने की।

मौके पर सिविल सर्जन डा. ए बी प्रसाद, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डा. सुमन गुप्ता समेत अन्य उपस्थित थे। अपने संबोधन में उपायुक्त ने कहा कि स्वस्थ महिलाएं और बच्चें देश के लिए जरूरी है, दोनों को पूरा पोषण मिलना चाहिए, यदि बच्चे स्वस्थ होंगे तो हमारा देश भी स्वस्थ रहेगा। उन्होंने 'गंभीर तीव्र कुपोषण' और 'मध्यम तीव्र कुपोषण' बच्चों को चिन्हित करते हुए कुशल प्रबंधन से उन्हें कुपोषण मुक्त बनाने को कहा।

प्रशिक्षण में कुशल प्रबंधन को लेकर जो बातें बताई जा रही है, उसे सभी सीडीपीओ - एमओआइसी ध्यान से सुने और धरातल पर इसको अमल कराएं। सेविका - सहायिका, साथी सहिया आदि को इसकी जानकारी दें। 'गंभीर तीव्र कुपोषण' और 'मध्यम तीव्र कुपोषण' को कैसे कुपोषण मुक्त में बदला जाएं, पूरी प्रक्रिया/प्रबंधन को समझें। उपायुक्त ने कहा कि देश के लिए बेटियां बहुत बड़ा ह्यूमन रिसोर्स है। पुरानी धारणा - मानस्किता को हमें बदलना होगा। बेटियां आगे आये, यह सुनिश्चित करें कि उन्हें भाई, पिता, पति और बच्चों की बैशाखी की आवश्यकता नहीं पड़ें। उन्होंने कहा कि जिले में बेटियों के जन्म को उत्सव की तरह मनाएं। जिन घरों में बेटियों का जन्म होता है, उनके अभिभावकों को 'बधाई हो बेटी हुई है...' कह कर उन्हें उपहार दें, एक - दूसरे को बधाई दें,खुशी मनाएं। उपस्थित सीडीपीओ - एमओआइसी को इस संदेश को नीचे तक पहुंचाने की बात कहीं।

वहीं, सिविल सर्जन एवं जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने प्रशिक्षण में बताई जाने वाली बातों, इसके पीछे के उद्देश्यों से सभी को विस्तार से अवगत कराया। समर अभियान राज्य सरकार कि एक महत्वकांक्षी कार्यक्रम है, जिसके अन्तर्गत पोषण ट्रैकर में चिन्हित 'गंभीर तीव्र कुपोषण' और 'मध्यम तीव्र कुपोषण' बच्चों का प्रबंधन विभिन्न चरणों के माध्यम से समुदाय स्तर पर आंगनबाड़ी/स्वास्थ्य केंद्रों के माध्यम से किया जायेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### स्थानीय मजदूर और रैयतों से भेदभाव का आरोप

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** इलेक्ट्रोस्टील लिमिटेड (वेदांता) सियालजोडी.में कार्यरत स्थानीय मजदूरों एवं जमीन देने वाले रैयतों के साथ हो रहे कथित भेदभाव को देखते हुए बोकारो जिला 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के उपाध्यक्ष देवाशीष मंडल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त बोकारो अजय नाथ झा से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने इलेक्ट्रोस्टील लिमिटेड में बरती जा रही अनियमितता के विरुद्ध एक जांच टीम गठित करने की मांग की। श्री मंडल ने उपायुक्त को बताया कि इलेक्ट्रोस्टील में कार्यरत मजदूरों को तीन भाग में बांट कर काम कराया जा रहा है। एक पे रौल या एटी, दुसरा बीपीओ एवं तिसरा ठेका मजदूर। पे रौल में कार्यरत मजदूरों को कम्पनी सारी सुविधाएं देती है लेकिन बीपीओ एवं ठेका मजदूरों को प्रोडक्शन बेनिफिट नहीं दिया जाता है और माहवारी भुगतान कब मिलेगा उसका कोई ठीक नही है। इसलिए स्थानीय मजदूरों, रैयतों एवं बेरोजगार युवाओं कम्पनी के विरुद्ध आंदोलन करने की तैयारी कर रहे हैं। इसलिए जांच कमिटी बहुत जरूरी है। उपायुक्त ने आश्वासन दिया कि हम कम्पनी से बात कर समस्या का समाधान कराने का प्रयास करेंगे।

### मालती लग्जरी से 10 वर्षीय बालिका रेस्क्यू की गई

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो स्टील सिटी स्थित मालती लग्जरी में उपायुक्त बोकारो द्वारा गठित जिला धावा दल ने बाल मजदूरी के मामले में रेस्क्यू अभियान चलाया गया। धावा दल में शामिल जिला बाल कल्याण समिति, जिला बाल संरक्षण इकाई, चाइल्ड लाइन, सहयोगिनी सहित पुलिस बल द्वारा एक 10 वर्षीय बच्ची का रेस्क्यू किया गया। बोकारो श्रम अधीक्षक रंजीत कुमार शर्मा के नेतृत्व में रेस्क्यू की गई बालिका छपरा, बिहार की रहने वाली है। जिसे घरेलू काम करने के लिए लाया गया था। मालती लग्जरी के प्लाट नंबर 06 में बच्ची से जबरन काम करवाया जाता था। बच्ची अपना नाम तक नहीं लिख पा रही थी । रेस्क्यू किए गए बालिका को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया । बाल कल्याण समिति के आदेश अनुसार बच्ची का काउंसलिंग कर बालिका गृह धनबाद भेज दिया गया है। इस दौरान रेस्क्यू टीम में समन्वयक संतोष सिंह ,बाल संरक्षण इकाई के अजीत कुमार राणा , बाल कल्याण समिति के रेनू रंजना, मो रजी अहमद, सहयोगिनी के रवि कुमार राय, अनिल हेंब्रम, चाइल्ड लाइन की प्रीति कुमारी उपस्थिति रही।

### दसवीं की परीक्षा में सफल विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बलियापुर अंचल अधिकारी प्रवीण कुमार सिंह ने आज प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय ,शीतलपुर के दसवीं की परीक्षा में अच्छे अंकों से उत्तीर्ण विद्यार्थियों को सम्मानित किया। इस दौरान बच्चों को मोटिवेट करते हुए उनकी काउंसलिंग भी की गई। अंचल अधिकारी ने अपने प्रेरणादायक भाषण में शिक्षा क्या है? इसका मानव जीवन में क्या महत्व है ? इसकी क्या प्रासंगिकता है ? के संबंध में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि शिक्षा मनुष्य के मस्तिष्क में छुपी हुई शक्तियों को विकसित एवं परिष्कृत करने का माध्यम है। शिक्षा के माध्यम से मनुष्य तर्कशील ,विचारशील एवं ज्ञानवान होता है ' उन्होंने बच्चों को बताया कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए सपने देखने होंगे। जब आप सपने देखेंगे तो आपका स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित होगा और जब लक्ष्य निर्धारित होगा तो अपने ऊपर विश्वास होगा और विश्वास जितना मजबूत होगा सफलता उतनी बड़ी होगी। उन्होंने भगवान



बुद्ध के वाक्य 'आत्मा दीपो भव' को बच्चों को समझाने का प्रयास किया और बताया कि आप अपना दीपक स्वयं बनो। अपने आप से बातें करो, अपने आप से सवाल पूछो, अपने आप से प्रतिस्पर्धा करो , आप निश्चित रूप से जीवन में आगे बढ़ पाएंगे। उन्होंने बताया कि एक ही क्लास में, एक ही परिवेश के बच्चे, एक ही शिक्षक के द्वारा पढ़ाने के बाद भी बच्चों के प्राप्तांक में काफी अंतर होता है। इसका क्या कारण है ? उन्होंने बताया कि इसका स्पष्ट कारण है। स्वयं पर विश्वास एवं एकाग्रता। जो बच्चा जितना एकाग्र एवं आत्मविश्वास से लबरेज है उसकी सफलता निश्चित रूप से उतनी बड़ी होगी। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने अपने विचार व्यक्त किए और अपनी उपलब्धियों के बारे में बताया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने बच्चों की प्रतिभा की प्रशंसा की और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

# पत्नी की हत्या का आरोपी राउत सोरेन रिहा

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो के माननीय अपर जिला एवं सत्र न्यायधीश प्रथम दीपक बर्नवाल के न्यायालय ने हत्या आरोपी राउत सोरेन को रिहा करने का महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। राउत सोरेन पर अपनी पत्नी को जंगल में ले जाकर हत्या करने का गंभीर आरोप था।

इस मामले में सियालजोरी थाना कांड संख्या 87 /220 दर्ज किया गया था। जिसका ट्रायल सत्र वाद संख्या 155/ 23 में आरोपी की ओर से वरीय युवा अधिवक्ता रणजीत गिरि ने पैरवी की, जिसके परिणामस्वरूप न्यायालय ने यह निर्णय लिया।मामले की सुनवाई के दौरान अधिवक्ता रणजीत गिरि ने ठोस तर्क और साक्ष्यों के आधार पर अपने मुवक्किल की बेगुनाही को साबित करने का प्रयास किया। उन्होंने अभियोजन पक्ष के साक्ष्यों की विश्वसनीयता पर सवाल उठाए और यह दलील दी कि राउत सोरेन के खिलाफ पेश किए गए सबूत अपर्याप्त और परिस्थितिजन्य हैं। रणजीत गिरि ने यह भी तर्क दिया कि अभियोजन पक्ष यह साबित करने में विफल रहा कि राउत सोरेन ने जानबूझकर हत्या की या साक्ष्य मिटाने की कोशिश की।न्यायालय ने दोनों पक्षों की दलीलों और साक्ष्यों की गहन समीक्षा के बाद पाया कि अभियोजन पक्ष के पास राउत सोरेन को दोषी ठहराने के लिए पर्याप्त सबूत नहीं हैं।

सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले का हवाला देते हुए, जिसमें कहा गया है कि केवल परिस्थितिजन्य साक्ष्यों या पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर किसी को धारा 302 और 201 के तहत दोषी नहीं ठहराया जा सकता, न्यायालय ने राउत सोरेन को बरी कर दिया। अधिवक्ता रणजीत गिरि ने इस फैसले को कानून और न्याय की जीत बताते हुए कहा, "हमने शुरू से ही दावा किया था कि हमारे मुवक्किल के खिलाफ कोई ठोस सबूत नहीं हैं। न्यायालय ने तथ्यों और कानूनी प्रावधानों के आधार पर निष्पक्ष फैसला सुनाया है।"उल्लेखनीय है कि धारा 302 के तहत हत्या एक गैर-जमानती और संज्ञेय अपराध है, जिसमें मृत्युदंड या आजीवन कारावास की सजा का प्रावधान है। वहीं, धारा 201 के तहत साक्ष्य मिटाने या अपराधी की सहायता करने की सजा अपराध की गंभीरता पर निर्भर करती है। इस मामले में अभियोजन पक्ष द्वारा पेश किए गए साक्ष्यों की कमी ने राउत सोरेन के पक्ष में फैसले को प्रभावित किया।

## बी.एस.एल के विस्तारीकरण को लेकर प्रभारी निदेशक से मिले कुमार अमित

### की परियोजना को शीघ्र धरातल पर उतारने की मांग

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो स्टील प्लांट के विस्तारीकरण में हो रहे विलंब को लेकर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुमार अमित निदेशक प्रभारी वीरेन्द्र कुमार तिवारी से मिले और परियोजना को शीघ्र धरातल पर उतारने की माँग की। कुमार अमित ने इस सम्बंध में प्रभारी निदेशक को ज्ञापन भी सौंपा। कुमार अमित ने तिवारी से कहा कि बोकारो स्टील प्लांट में 2.5 मिलियन टन उत्पादन का विस्तारीकरण बोकारो के विकास और यहाँ के स्थानीय युवाओं के भविष्य से जुड़ा हुआ है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के द्वारा बनाई गई। राष्ट्रीय इस्पात नीति के तहत देश में स्टील उत्पादन की क्षमता को बढ़ाना है। बीएसएल का विस्तारीकरण



मोदी सरकार के द्वारा बोकारो वासियों सहित झारखण्ड को दिया गया सौगात और अधिकार है। इसे हर हाल में सेल प्रबंधन को धरातल पर उतारने का प्रयास करना चाहिए। इस परियोजना से झारखण्ड के विकास को भी गति मिलेगी। कुमार अमित ने बोकारो जेनरल अस्पताल को सुपर स्पेशलिटी के रूप में विकसित करने और अस्पताल परिसर में मरीजों को सस्ती दवाई उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री जन औषधी केन्द्र का काउण्टर खोलने की भी माँग की।

## नशीली दवाओं के उपयोग से मनोवैज्ञानिक नुकसान होता है : मनोरोग चिकित्सक

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद की अध्यक्षता में बोकारो जिला के विभिन्न नर्सिंग कॉलेज कर्मियों एवं प्रशिक्षु नर्स को नशा मुक्ति अभियान एवं मानसिक स्वास्थ्य विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सदर अस्पताल के सभागार में आयोजित किया गया। सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद ने कहा कि नशा मुक्ति और मानसिक स्वास्थ्य हमारे समाज के लिए एक बड़ी चुनौती है और हमें इसके समाधान के लिए मिलकर काम करना होगा। साथ ही मानसिक स्वास्थ्य के बिना शारीरिक स्वास्थ्य अधूरा है और हमें दोनों को ध्यान देना होगा। उन्होंने आगे कहा कि नशा मुक्ति और मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में सामुदायिक भागीदारी बहुत महत्वपूर्ण है और हमें इसके लिए सामूहिक प्रयास करने होंगे।



**जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया**

सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद ने नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खतरों और इसके प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया। साथ ही मानसिक स्वास्थ्य के महत्व और इसके संरक्षण के तरीकों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने नशा मुक्ति और मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में सामुदायिक भागीदारी और सहयोग की आवश्यकता पर बल दिया। प्रशिक्षण के दौरान मनोरोग चिकित्सक सदर अस्पताल बोकारो डॉ प्रशान्त कुमार मिश्रा ने सभी प्रतिभागियों को ड्रग्स के दुरूपयोग के कारण सामाजिक एवं मानसिक स्वास्थ्य विकार के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि नशीली दवाओं के उपयोग से मनोवैज्ञानिक नुकसान जैसे अवसाद, चिंता, बेचैनी, भय, हिंसक व्यवहार, अनिद्रा, मनोविकृति एवं प्रेरणा की कमी होती है। वहीं जिला परामर्शी मो असलम द्वारा सभी प्रतिभागियों को बताया गया कि तम्बाकू नशे के रूप में उपयोग होने वाला गेटवे पदार्थ है। यही से युवा सबसे पहले नशे की शुरूआत करता है और यह शुरूआत सबसे पहले दोस्तो के बीच होती है। ऐसे में हम सभी स्वास्थ्य कर्मी की जिम्मेदारी है जो भी व्यक्ति नशा करता है और वे नशा छोड़ना चाहता है तो हमें उसकी मदद करनी है। उन्हें नशा छोड़ने हेतु परामर्शी सेवा के साथ-साथ निकोटीन रिप्लेसमेन्ट थेरेपी की भी सुविधा देनी है तथा ज्यादा से ज्यादा लोगो को तम्बाकू नशा मुक्ति केन्द्र से जोड़ना है। साथ ही ग्रामीण स्तर पर भी जागरूकता हेतु तम्बाकू के लत से आजाद करने हेतु टाल फ्री नं0 1800-11-2356 का दिवाल लेखन करें। प्रशिक्षण के दौरान उपाधीक्षक सदर अस्पताल डॉ अरबिन्द कुमार, मनोरोग चिकित्सक सदर अस्पताल डॉ प्रशान्त कुमार मिश्रा, जिला परामर्शी मो असलम व छोटेलाल के साथ सभी प्रतिभागी उपस्थित थे।

# बाल श्रम मुक्त जिला बनाने के लिए शुरू हो राष्ट्रीय मिशन : सहयोगिनी

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो जिले में बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए काम कर रहे संगठन सहयोगिनी ने कहा कि बाल अधिकारों के मोर्चे पर जिला प्रशासन व नागरिक समाज में जो सजगता व समन्वय दिख रहा है, उससे यह विश्वास जगता है कि हम जल्द ही बाल श्रम मुक्त बोकारो का सपना साकार होते देखेंगे। संगठन ने कहा कि पिछले एक साल में जिला प्रशासन के सहयोग से उसने जिले मे अब तक छापों की कार्रवाई में 42 बच्चों को बाल मजदूरी से मुक्त कराया। इस दौरान बाल मजदूरी के पूरी तरह खात्मे के लिए राष्ट्रीय बाल श्रम उन्मूलन मिशन शुरू करने, इसके लिए पर्याप्त संसाधनों का आवंटन और जिलों में जिला स्तरीय चाइल्ड लेबर टास्क फोर्स के गठन की मांग की। सहयोगिनी देश में बाल अधिकारों की सुरक्षा और संरक्षण के लिए देश के नागरिक समाज के सबसे बड़े नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) का सहयोगी संगठन है। जेआरसी के 250 से भी ज्यादा सहयोगी संगठन देश के 418 जिलों में जमीन पर बाल श्रम, बाल विवाह, बाल यौन शोषण और बच्चों की ट्रैफिकिंग के खिलाफ काम कर रहे हैं। जेआरसी ने बच्चों की सुरक्षा के लिए कानूनी हस्तक्षेप कार्यक्रम न्याय तक पहुंच के जरिए पिछले दो वर्षों में 85,000 से ज्यादा बच्चों को बाल मजदूरी से मुक्त कराया है और 54,000 से ज्यादा मामलों में कानूनी कार्रवाई शुरू की। सहयोगिनी के निदेशक गौतम सागर ने रिपोर्ट के हवाले से कहा, बाल श्रम के खात्मे की दिशा में दुनिया के अन्य देशों के मुकाबले भारत का प्रदर्शन काफी बेहतर रहा है और इसका श्रेय राज्य सरकार और जिला प्रशासन की सतर्कता और संवेदनशीलता को जाता है। हमने जिले में अब तक 42 बाल मजदूरों को मुक्त कराया है और उनके पुनर्वास की दिशा में भी प्रयास किए हैं। उन्होंने कहा कि पीड़ितों के पुनर्वास और अपराधियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई से ही बाल मजदूरी पर रोक लग पाएगी और भारत इस दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने बाल श्रम के खात्मे के लिए समग्र नीतिगत बदलावों, सरकारी खरीदों में बाल श्रम का इस्तेमाल कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति, 18 साल तक मुफ्त व अनिवार्य शिक्षा, पीड़ित बच्चों के पुनर्वास के लिए बाल मजदूर पुनर्वास कोष की स्थापना, खतरनाक उद्योगों की सूची में विस्तार, राज्यों को उनकी विशेष जरूरतों के हिसाब से नीतियां बनाने, बाल मजदूरी के खात्मे के लिए सतत विकास लक्ष्य 8.7 की समयसीमा को 2030 तक बढ़ाने, दोषियों के खिलाफ सख्त व त्वरित कानूनी कार्रवाई की मांग की। जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन के राष्ट्रीय संयोजक रवि कांत ने कहा कि भारत अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन के कन्वेंशन 182 यानी बाल श्रम को रोकने की अंतरराष्ट्रीय संधि का हस्ताक्षरकर्ता देश है जिसमें बाल श्रम के सभी खतरनाक स्वरूपों को खत्म करने की प्रतिबद्धता जताई गई है। भारत इस दिशा में सार्थक प्रयास कर रहा है जिसके सुखद परिणाम भी सामने आए हैं। उन्होंने कहा, 'विकसित भारत के सपने को पूरा करने के लिए बाल श्रम मुक्त आपूर्ति श्रृंखला, कौशल विकास और शिक्षित व जिम्मेदार नागरिक पहली शर्त हैं। हमें बाल श्रम को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति पर अमल करते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की जरूरत है। सरकार को अभियोजन तंत्र को मजबूत करते हुए एक बाल मजदूर पुनर्वास कोष स्थापित करने व इन बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए एक समग्र पुनर्वास नीति पर काम करना चाहिए।

## श्याम सुंदर जैन को दी गई श्रद्धांजलि

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सरस्वती विद्या मंदिर 3 सी के सभागार में स्वर्गीय श्याम सुंदर जैन की श्रद्धांजलि व शोक सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बोकारो महानगर के संघ चालक रंजीत बर्णवाल, भारतीय संस्कृति ज्ञान मंदिर के अध्यक्ष अमोलरक्षी रामूका, सचिव सिद्धेश नारायण दास, सरस्वती विद्या मंदिर 9 के अध्यक्ष अभय कुमार श्रीवास्तव, 2 ए के सचिव विपिन कुमार ठाकुर, निरंजन कुमार सिंह, सुधीर कुमार, जीपी सिंह एवं 3 सी विद्या मंदिर के प्राचार्य संजीव कुमार ने समाजसेवी, आत्मीय स्वभाव के धनी श्याम सुंदर जैन की श्रद्धांजलि सभा में उनसे जुड़े अपने अनुभव कथन एवं पुष्पांजलि कर याद किया।

# मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में गैस सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** दिनांक 13 जून को मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मेन ऑडिटोरियम में गैस सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन संयंत्र के विभिन्न विभागों के कुल 55 अधिकारी, कर्मचारीगण तथा निविदा कर्मियों के लिए सुरक्षा अभियंत्रण विभाग तथा ऊर्जा प्रबंधन विभाग के सहयोग से आयोजित किया गया. कार्यक्रम मे सुरक्षा विभाग से महाप्रबंधक विकास गुप्ता, सहायक महाप्रबंधक सुखदेव महतो, तथा ऊर्जा प्रबंधन विभाग से सहायक प्रबंधक सुशील कुमार साल्वी उपस्थित थे. सुरक्षा विभाग से महाप्रबंधक विकास गुप्ता ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया तथा प्रतिभागियों को सुरक्षा शपथ दिलाई. तत्पश्चात गैस सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम के संबंध में विस्तृत जानकारी के साथ कार्यक्रम की आवश्यकता एवं उपयोगिता पर प्रकाश डाला तथा स्टील प्लांट के लिए गैस के सुरक्षित उपयोग के महत्व के बारे में बताया एवं सभी प्रतिभागियो से इस कार्यक्रम से अधिकाधिक लाभ उठाने की अपील की. ऊर्जा प्रबंधन विभाग के सहायक प्रबंधक सुशील कुमार साल्वी ने एक प्रस्तुतीकरण के माध्यम से प्रतिभागियों को गैस सुरक्षा से संबन्धित विस्तृत जानकारी दी. कार्यक्रम के आयोजन में ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग का महत्वपूर्ण योगदान था.

**बीएसएल में टीडीएस एवं आईटीआर से संबंधित नवीनतम प्रावधानों पर सेमिनार-सह-कार्यशाला का आयोजन**



बोकारो स्टील प्लांट के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मेन ऑडिटोरियम में आयकर विभाग, टीडीएस वार्ड झ बोकारो एवं बोकारो स्टील प्लांट के संयुक्त तत्वावधान में टीडीएस एवं आयकर विवरणी से संबंधित नवीनतम प्रावधानों पर आधारित एक सेमिनार-सह-कार्यशाला का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों को टीडीएस एवं आईटीआर से जुड़े अद्यतन नियमों की जानकारी प्रदान करना तथा विवरणी दाखिल करते समय सामान्य त्रुटियों से बचाव हेतु मार्गदर्शन करना था। कार्यक्रम का उद्घाटन पारंपरिक रूप से दीप प्रज्वलन के साथ बीएसएल के अधिशासी निदेशक(वित्त एवं लेखा) श्री सुरेश रंगानी, प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त (बिहार एवं झारखंड) जयंत मिश्रा, अपर आयकर आयुक्त, टीडीएस रेंज-2, रांची श्री आशीष कुमार देहरिया, एवं आयकर उपायुक्त, धनबाद श्री शशि रंजन द्वारा संयुक्त रूप से किया गया. इस अवसर पर बीएसएल के अधिकारी एवं कर्मचारी प्रतिभागी के रूप में उपस्थित रहे. अपने संबोधन में अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) श्री सुरेश रंगानी ने आयकर विभाग द्वारा की गई इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह कार्यशाला अत्यंत उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक है जिससे प्रतिभागियों को अद्यतन प्रावधानों को समझने एवं अनुपालन में सुविधा प्राप्त होगी. कार्यक्रम के दौरान आयकर विभाग के विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को विवरणी भरने में पारदर्शिता, सटीकता और समयबद्धता बनाए रखने पर बल देते हुए गलत कटौती अथवा त्रुटिपूर्ण विवरण से बचने की सलाह दी. आयकर विभाग के अधिकारी श्री कमलेश कुमार सिन्हा, श्री दीपक कुमार एवं श्री अमरेन्द्र प्रसाद ने टीडीएस एवं आईटीआर से जुड़े तकनीकी पहलुओं पर विस्तारपूर्वक जानकारी साझा की.

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145665 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com

CMYK